www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 10 मई, 2025 | वर्ष-18 | अंक -34 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

ओम बिरला ने रवींद्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि 02

- तिरंगा की सुरक्षा के लिए एकजुट रहने का समय
- श्यामलाल कॉलेज सांध्य में पुरस्कार वितरण... 03

- भारत-पाकिस्तान संघर्ष से हमारा कोई सरोकार नहीं : वेंस
- सैनफोर्ट भारत की पहली आईबी प्रीस्कूल चेन शुरू करने... 07

सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को ... 08

सार संक्षेप

मुख्य सचिवों को आपात अधिकारों के इस्तेमाल की अनुमति

नई दिल्ली। भारतीय सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तानी सेना की जवाबी कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नागिरक सुरक्षा अधिनियम के तहत आपात अधिकारों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। मंत्रालय ने सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों तथा प्रशासकों को पत्र लिखकर कहा है कि वे नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मिले आपात अधिकारों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका, ईयू व इटली से की बात

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका सहित कई देशों के समकक्षों के साथ बात की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की सराहना की।

'सिंधु जल संधि में विश्व बैंक मध्यस्थ से ज्यादा कुछ नहीं'

नई दिल्ली। विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि में विश्व बैंक की मध्यस्थ बनने के अलावा कोई भूमिका नहीं है। बंगा ने यह भी स्पष्ट किया अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से समझौते के निलंबन को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाएगा।

अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए

रोम। अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए है। वेटिकन सिटी में आयोजित कार्डिनल्स कॉन्क्लेव में गुप्त मतदान के दूसरे दिन अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुना गया। उन्होंने अपने लिए पोप लियो-14 नाम चुना है। 133 कार्डिनल्स से बने कार्डिनल्स के कॉलेज ने सात मई को नए पोप के चुनाव के लिए गुप्त मतदान प्रक्रिया शुरू की।

मणिपुर में अपहृत व्यक्ति को बचाया गया, 11 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में अपहृत एक व्यक्ति को बचाया गया तथा पिछले 24 घंटों में सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने विभिन्न अभियानों में 11 अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार किया।

पाकिस्तान ने 400 ड्रोन दागे, सेना ने किए नाकाम

सीमावर्ती इलाकों में 36 स्थानों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी गोलीबारी और घुसपैठ की कोशिश की, जिसके जवाब में भारत ने संयम के साथ सटीक कार्रवाई की है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी गई कि तंगधार, उरी और उधमपुर जैसे सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान की ओर से 36 स्थानों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान ने करीब 300 से 400 ड्रोन्स से हमला किया था। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि इस हमले में तुर्की में निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल हुआ है। भारतीय वायुसेना ने तत्काल जवाबी कार्रवाई करते हुए एक ड्रोन काउंटर अटैक में पाकिस्तान की सर्विलांस रडार प्रणाली को पूरी तरह से तबाह कर दिया।

नागरिकों को ढाल बना रहा पाकिस्तान

कर्नल कुरैशी ने स्पष्ट किया कि इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने अत्यधिक संयम बरतते हुए आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो, इसका विशेष ध्यान रखा। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने के बजाय नागरिक विमानों की आड़ में सैन्य हमले किए, जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के विपरीत है। ब्रीफिंग के दौरान यह बताया गया कि हमले के समय

- नागरिक विमानों की आड़ में सैन्य हमले किए
- भारत ने संयम के साथ की सटीक कार्रवाई

कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों में यात्री विमान उड़ान भर रहे थे, जिससे कई निर्दोष जानें खतरे में पड़ गई थीं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पाकिस्तान की इस कार्रवाई को उकसावे वाली सैन्य रणनीति करार देते हुए कहा कि तंगधार, उरी, पुंछ, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में की गई गोलाबारी में भारतीय सुरक्षाबलों को कुछ नुकसान पहुंचा, लेकिन भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी सैन्य क्षति उठानी पड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान द्वारा ड्रोन हमले की असफल कोशिशों के बावजूद अपने हवाई क्षेत्र को खुला रखना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने पाकिस्तान पर नागरिक विमानों को सैन्य ढाल की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन बताया।

> पाकिस्तान द्वारा ड्रोन हमले की असफल कोशिशों के बावजूद अपने हवाई क्षेत्र को खुला रखना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है : विक्रम मिस्री

प्रधानमंत्री मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक

पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच पीएम मोदी ने आज एक बार फिर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के साथ बैठक की। बैठक में तीनों सेना प्रमुख और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

7 राज्यों के 28 हवाई अड्डे 15 मई तक बंद

भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद 7 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स को 15 मई तक बंद किया गया है। पहले ये 10 मई तक के लिए बंद किए गए थे। ये एयरपोर्ट्स जिन राज्यों में हैं उनमें- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश शामिल हैं। वहीं, ईंधन की कमी से फर्जी अफवाहों के बीच तेल कंपनियों ने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक है। घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

उरी, पुंछ में पाकिस्तान की भारी गोलीबारी

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। शुक्रवार को शाम होते ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के 6 सेक्टरों उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी।

सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना चाहता है

नई दिल्ली। भारत ने आज कहा कि पाकिस्तान की ओर से भड़काऊ कार्रवाई बंद नहीं हो रहीं हैं और वह नीचता की हदें पार करते हुए सीमापार धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर सांप्रदायिक विवाद भड़काना चाहता है जिसका भारतीय सशस्त्र बल करारा जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान गुरुद्वारों, चर्चों और मंदिरों सहित एक विशेष डिजाइन वाले पूजा स्थलों को निशाना बना रहा है और उन पर गोलाबारी कर रहा है।

ऑप्रेशन सिंदूर से सहमा पाकिस्तान

दाउद को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट किया

■ जोगेंद्र सोलंकी

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सहमा और घबराया पाकिस्तान लगातार अपने बड़े आतंकवादियों को या तो उनको सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा रहा है या अपने मित्र देश में भेज रहा है। बताया जा रहा है कि भारत की एयरस्ट्राइक के बाद अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को भी शिफ्ट कर दिया गया है। इंटेलीजेंस सूत्रों का कहना है कि दाऊद इब्राहिम भारत की एयरस्ट्राइक से डरकर कराची छोड़कर भाग गया है। बताया जा रहा है कि दाऊद इब्राहिम के साथ-साथ उसके गुर्गे, अनीश और छोटा शकील और परिवार के कुछ लोग भी कराची छोड़कर कहीं सुरक्षित ठिकानों पर चले गए हैं। भारतीय सेना की ओर से बीते मंगलवार-बुधवार की रात

भारत की एयरस्ट्राइक से डरकर कराची छोड़कर भागा

25 मिनट तक ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। ऑपरेशन सिंदूर में जैश-ए-मोहम्मद का चीफ मसूद अजहर बाल-बाल बच गया। लेकिन, उसके ठिकानों पर हुए हमले के बाद खबर सामने आई कि उसके परिवार के 10 लोग समेत संगठन के कुल 14 लोग मारे गए थे। भारतीय सेना की तरफ से जिन ठिकानों पर भी कार्रवाई की गई उनकी जानकारी भारत की सर्वोच्च खुफिया एजेंसी ने उपलब्ध कराई थी। अनुमान हैं कि भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास भारत के मोस्ट वांटेड माफिया और आतंकी दाउद इब्राहीम, अनीश और छोटा शकील समेत डी कंपनी के सभी हिटमैन के ठिकानों की जानकारी है।

मिडिल ईस्ट के किसी देश में भेजा

भारत की एयरस्ट्राइक से जिस तरह चंद मिनटों में अति सुरक्षित आतंक के कई अड्डे मिनटों में तबाह हो गए। माना जा रहा कि अभी पूरा पाकिस्तान वॉर जोन बना हुआ है पीओके में भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है इसलिए आशंका जताई जा रही है कि दाउद समेत डी कंपनी के लोगों को मिडिल ईस्ट के किसी देश में शिफ्ट किया गया है। खुफिया एजेंसिया पूरी डी कंपनी के बदले ठिकानों की जानकारी की टोह लेने में जुटी है।

कोर्ट शिक्षा नीति अपनाने को बाध्य नहीं कर सकता

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने का निर्देश देने के लिए दायर की गई याचिका को खारिज कर दी। इसमें 'त्रि-भाषा सूत्र' भी शामिल था। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि कोर्ट, संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत, किसी भी राज्य को एनईपी अपनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता है। मतलब सुप्रीम कोर्ट किसी राज्य को यह नहीं कह सकता कि उसे एनईपी को लागू करना ही होगा।

कोर्ट ने जी.एस. मणि द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा, 'यह एक मुश्किल सवाल है कि राज्यों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अपनाना चाहिए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट, संविधान के अनुच्छेद 32 के

- तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की मांग वाली याचिका खारिज

संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत किसी भी राज्य को एनईपी अपनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता

माध्यम से, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए निर्देश जारी कर सकता है। यह सीधे तौर पर किसी राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी नीति अपनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता है।'

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हालांकि, अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती

है कि यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित किसी राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। हम इस रिट याचिका में इस मुद्दे की जांच करने का प्रस्ताव नहीं करते हैं। हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता का उस मामले से कोई लेना-देना नहीं है जिसे वह आगे बढ़ाना चाहता है। हालांकि वह तमिलनाडु राज्य से हो सकते हैं, फिर भी अपनी स्वीकृति पर, वह नई दिल्ली में रह रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में, यह याचिका खारिज की जाती है। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी राज्य का कोई कदम एनईपी के खिलाफ है, तो कोर्ट दखल दे सकता है। लेकिन इस मामले में ऐसा कुछ नहीं दिखा। बेंच ने यह भी कहा कि मुख्य मुद्दे की जांच कोर्ट एक उचित कार्यवाही में कर सकती है। यानी भविष्य में इस मुद्दे पर फिर से विचार किया जा सकता है, लेकिन किसी और मामले में।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने लागू करने से किया था इनकार

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने हाल ही में कहा था कि एनईपी 2020 को राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका त्रि-भाषा सूत्र हिंदी को थोपने का प्रयास है। मुख्यमंत्री स्टालिन का कहना है कि एनईपी में जो तीन भाषाओं का फार्मूला है, वो हिंदी को जबरदस्ती सिखाने की कोशिश है, इसलिए वो इसे लागू नहीं करेंगे।

रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचने की हिदायत दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आदेश में कहा है, सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लाइव कवरेज को दिखाने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स से अनुरोध है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय अत्यंत जिम्मेदारी बरतें और मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने आगे बताया, विशेष रूप से रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित रीयल-टाइम कवरेज, विजुअल का प्रसार या सूत्र आधारित जानकारी की रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समयपूर्व खुलासा अनजाने में शत्रु तत्वों की मदद कर सकता है। पिछली घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमले (26/11) और कंधार अपहरण जैसे मामलों में अनियंत्रित कवरेज से राष्ट्रीय हितों पर प्रभाव पड़ा था।

■ रिपोर्टिंग करते समय अत्यंत जिम्मेदारी बरतें

सेनाओं की सुरक्षा को खतरे में न डालें

मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यह हमारा साझा नैतिक उत्तरदायित्व है कि हमारे सामूहिक कार्य चल रहे अभियानों या हमारी सेनाओं की सुरक्षा को खतरे में न डालें।

जम्मू सीमा पर 7 घुसपैठिए मार गिराए गए

अधिकारियों का दावा और घुसपैठ के प्रयास हो सकते हैं

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 9 मई(देशबन्धु)। आप्रेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ युद्ध के करीब वाली परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तानी सेना घुसपैठियों को इस ओर धकेलने से बाज नहीं आ रही हैं। ऐसे में बीएसएफ का दावा है कि उसने कर रात को इंटरनेशनल बार्डर पर सांबा सेक्टर में 7 पाक घुसपैठियों को मार गिराया था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि वे आतंकी थे या फिर पाक सेना के बैट हमलावर। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि 8 और 9 मई, 2025 की मध्यरात्रि को एक आतंकवादी समूह द्वारा जम्मू फ्रंटियर बीएसएफ के सांबा क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की गई, जिसे निगरानी ग्रिड द्वारा पता लगाया गया। यह घुसपैठ की कोशिश ढांढर चौकी पर पाकिस्तानी रेंजर्स की गोलीबारी से समर्थित थी। हालांकि, बीएसएफ के सतर्क जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिससे कम से कम सात आतंकवादियों की मौत हो गई और पाकिस्तानी चौकी ढांढर को भारी नुकसान पहुंचा। बीएसएफ ने आपरेशन में धांडर में पाकिस्तानी रेंजर्स के एक बीएमजी बंकर को नष्ट कर दिया। बीएसएफ ने कहा कि 8 और 9 मई की दरम्यानी रात को आतंकवादियों के समूह को सांबा सेक्टर में घुसपैठ करते समय निगरानी ग्रिड द्वारा पकड़ा गया था।

भाजपा के जनार्दन रेड्डी विधानसभा से अयोग्य घोषित

बेंगलुरु, 9 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक में ओबुलापुरम माइनिंग कंपनी (ओएमसी) अवैध खनन मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गंगावती के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक जी जनार्दन रेड्डी को राज्य विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। गत छह मई को केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने श्री रेड्डी और तीन अन्य को लौह अयस्क के अवैध निष्कर्षण और निर्यात से जुड़े एक दशक पुराने मामले में दोषी पाया। अदालत ने उन्हें सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया। अयोग्यता दोषसिद्धि की तारीख से प्रभावी होगी।

अदालत ने सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी

मौसम

दिल्ली-एनसीआर में ओलावृष्टि और बिजली गिरने की चेतावनी

अगले 5 दिनों तक कई राज्यों में बारिश के आसार

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी है कि देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य हिस्सों में आने वाले पांच दिनों तक गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। इसके तहत कई राज्यों के लिए मौसम से जुड़ी चेतावनियां जारी की गई हैं, जिनमें दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। 10 मई को मौसम आमतौर पर बादलों से घिरा रहेगा और हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रहने की संभावना है। 11 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और तापमान 37 डिग्री अधिकतम और 27 डिग्री न्यूनतम रहने की संभावना है। इसके बाद 12 से 15 मई तक मौसम साफ और आंशिक रूप से बादलों से युक्त रहेगा। तापमान इस दौरान अधिकतम 37-38 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने 11 मई तक असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और जब तक आवश्यक न हो, घर से बाहर न निकलें।

■ पूर्वोत्तर राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया

कई राज्यों में लू की संभावना

आईएमडी ने एक अपडेट में कहा कि 11-12 मई को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों में, 10-14 मई के दौरान पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में, 11-14 मई के दौरान बिहार और ओडिशा में, 12-14 मई तक झारखंड में और 14-15 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है।

देश

उवाच

पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई चल रही है। इनमें से अधिकांश को वापस भेजा जा चुका है और कुछ मामले अभी अदालतों में लंबित हैं। हमने बांधों समेत प्रमुख बुनियादी ढांचे के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है और सभी एहतियाती कदम उठा रहे हैं।

-सिद्दारमैया, कर्नाटक के मुख्यमंत्री

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	34.0	25.0
मुंबई	30.0	29.0
कोलकाता	33.0	28.0
चेन्नई	33.0	29.0

सिंदूर मिटाने की हरकत का करारा जवाब दे रही सेना के साथ खड़ा पूरा देश : कांग्रेस

- संकट के दौर में देश की एकता के लिए जय हिंद यात्रा को बताया जरूरी
- गुरुद्वारे और निर्दोष नागरिकों पर पाक के हमले को बताया नापाक इरादों का प्रदर्शन

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने निर्दोष सैलानियों पर धर्म पूछकर सिंदूर मिटाने की पहलगाम में जो कायराना हरकत की है उसका भारत और हमारी सेना ने आपरेशन सिंदूर के जरिए करारा जवाब दिया है तथा अब पूरा देश सेना तथा सरकार के साथ खड़ा है एवं इसी एकता का संदेश देने के लिए कांग्रेस 'जय हिंद यात्रा' निकाल रही है। कांग्रेस ने कहा कि आतंकी हमले के जवाब में भारत सरकार तथा सेना ने जो कार्रवाई की है उसके साथ पूरा देश एकजुट है। हमारी सेना पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बना रही है लेकिन उसकी सेना हमारे गुरुद्वारे और निर्दोष नागरिकों पर हमला कर अपने ओच्छे और नापाक इरादों का प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस की जय हिंद यात्रा का मकसद सेना का मनोबल बढ़ाना और पाकिस्तान के खिलाफ एकजुटता का संदेश देना है।

कांग्रेस की जय हिंद यात्रा का मकसद सेना का मनोबल बढ़ाना और पाक के खिलाफ एकजुटता का संदेश देना : रागिनी नायक

पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने संकट के इस दौर में देश की एकता के लिए 'जय हिंद यात्रा' को जरूरी बताते हुए कहा कि इससे दुनिया को संदेश जाएगा कि पूरा देश पाकिस्तान की नापाक हरकत के विरुद्ध एक होकर खड़ा है।

दुश्मन की हरकत का करारा जवाब दे रही भारतीय सेना

हमारी सेना दुश्मन की हरकत का करारा जवाब दे रही है और इस अभियान में देश का हर नागरिक सेना और भारत सरकार के साथ कदम से कदम उठाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी नेता राहुल गांधी ने पहलगाम हमले के तुरंत बाद बुलाई गई पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की पहली और दूसरी बैठक में सरकार तथा सेना का साथ देने एवं उनके हर कदम का समर्थन करने का आह्वान किया है। कार्य समिति के इस फैसले को दृढता से और आगे बढ़ाने के लिए पार्टी अब 'जय हिंद यात्रा' का आयोजन कर रही है और देश के सभी वर्गों के लोगों को बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल होना चाहिए। डॉ. नायक ने कहा कि देश के निर्दोष सैलानियों की धर्म पूछकर हत्या करने वाले आतंकवादियों के बाद अब पाकिस्तानी सेना पुंछ में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। हमारे गुरुद्वारों पर हमला किया जा रहा है और आतंकवाद का पोषण करने वाला पाकिस्तान उस एफ 16 विमान का भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा है जिसे अमेरिका ने आतंकवाद के विरुद्ध इस्तेमाल के लिए उसे दिया था। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन पाकिस्तान द्वारा नागरिक इलाकों पर हमला किया जा रहा है जो उनकी कायरता का प्रतीक है।

शहीद सैनिकों नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि भारतीय सेवा की कार्रवाई से देशवासियों के बीच उत्साह का माहौल है और तिरंगा यात्रा के सेना के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की है।

पाकिस्तान ने हर बार भारत की पीठ पर छुरा घोंपा

पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत ने हमेशा मित्रता का व्यवहार किया है और उससे राजनीतिक संबंध बनाए रखने का प्रयास किया लेकिन पाकिस्तान ने हर बार भारत की शांति की पहल को ठुकराया और पीठ पर छुरा घोंपा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना के हमले में हमारे सीमावर्ती इलाकों के जिन निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है भारत सरकार को उन लोगों की मदद करनी चाहिए और घायलों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सिंदूर को उन्होंने हर महिला के लिए कीमती बताया और कहा कि सेना ने सिंदूर मिटाने के आतंकी हमले के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बाद पर प्रेस कांफ्रेंस के लिए जिस तरह से कर्नल सोफिया कुरैशी तथा विंग कमांडर व्योमिका सिंह का चयन किया है वह काबिले तारीफ है।

25 करोड़ के कोबरा जहर के साथ छह गिरफ्तार

पटना/अररिया, 9 मई (देशबन्धु)। बिहार के अररिया में वन निभाग और पुलिस की टीम ने 25 करोड़ के जहर के साथ 6 तस्करों को अरेस्ट किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से दो किलो से अधिक कोबरा का विष बरामद किया गया है। जिस जार में विष मिला है उसके ऊपर मेड इन फ्रांस लिखा हुआ है। फिलहाल पुलिस इस पूरे गिरोह को खंगालने में जुट गई है। दरअसल, गुप्त सूचना के आधार पर पटना से आई वन विभाग की टीम ने बिहार पुलिस के सहयोग से अररिया के फारबिसगंज स्थित सुभाष चौक पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान 6 तस्करों को 2.157 किलो कोबरा के विष के साथ दबोचा गया। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि है वह कोबरा का विष नेपाल और बंगाल से लेकर आते थे। फारबिसगंज में किसी व्यक्ति से 40 लाख में डील फाइनल हुई थी। गिरफ्तार तस्करों ने पुलिस को बताया है कि 40 लाख में कोबरा के विष को खरीदने वाला शख्स उसे 25 करोड़ रुपए में किसी दूसरे शख्स के हाथ बेंचने वाला था। रानीगंज थाना में पूछताछ करने के बाद पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है और पूरे मामले के छानबीन में जुट गई है। पुलिस उस व्यक्ति को तलाश कर रही है जो कोबरा के विष को खरीदने वाला था।

भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर झारखंड में अलर्ट

- सार्वजनिक स्थलों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा सख्त

रांची/बोकारो, 9 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उत्पन्न हालात के मद्देनजर झारखंड में भी सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन सहित सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों की सभी एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ा दी गई है। सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कार्यालयों एवं वर्कशॉप के लिए एडवाइजरी जारी की गई है और सभी कर्मचारियों को आपात स्थिति में बचाव के उपायों से अवगत कराया गया है।

रांची के सदर अनुमंडलाधिकारी के आदेश पर शहर के कई महत्वपूर्ण जगहों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। सीएम आवास, हाईकोर्ट, विधानसभा, एचईसी, प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस सहित कई प्रमुख स्थानों के आसपास 4 जुलाई या अगले आदेश तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस दौरान किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन, रैली या जुलूस बिना अनुमति के नहीं निकलेगा। किसी भी प्रकार का हथियार जैसे बंदूक, तलवार, तीर-धनुष इत्यादि लेकर चलने की सख्त मनाही की गई है और बिना किसी अनुमति के लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से यात्रा करने वालों को फ्लाइट के निर्धारित वक्त से तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि सघन सुरक्षा जांच के दौरान किसी तरह की अफरा-तफरी का सामना न करना पड़े। बोकारो स्टील प्लांट में सीआईएसएफ की ओर से सुरक्षा के इंतजाम सख्त कर दिए गए हैं। वरीय अधिकारियों ने जवानों को सभी गेटों पर गेट पास की सघन जांच करने का आदेश दिया है। अब प्लांट के किसी भी गेट से बिना वैध पास और पहचान के किसी को भी एंट्री नहीं दी जाएगी। न सिर्फ प्लांट के मुख्य गेट, बल्कि सभी कार्यालयों के प्रवेश द्वारों पर भी चेकिंग की जाएगी। बोकारो स्टील प्लांट के प्रवक्ता ने कहा है कि प्लांट की सुरक्षा के मद्देनजर सीआईएसएफ ने एहतियाती कदम उठाए हैं।

सार संक्षेप

प्रधानमंत्री मोदी ने पोप लियो को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट के 14वां पोप लियो चुने जाने पर बधाई दी है। मोदी ने भारत की ओर से सर्वोच्च पोप लियो को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। कैथोलिक चर्च में पोप के नेतृत्व की सराहना करते हुए मोदी ने उनके वैश्विक शांति, सद्भाव, एकजुटता व सेवा को बढ़ावा देने में उनके गहन महत्व को रेखांकित किया।

टाटा मेमोरियल अस्पताल को मिला धमकी भरा ईमेल

मुंबई। देश के प्रमुख विशेषज्ञ कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केंद्रों में से एक मुंबई के परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल को शुक्रवार को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें अस्पताल परिसर में विस्फोटक उपकरण लगाये जाने का दावा किया गया। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक अस्पताल की सुरक्षा बढ़ा दी गई और तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार आज सुबह धमकी भरा ईमेल मिला, जिसके बाद अस्पताल ने आपातकालीन प्रोटोकॉल शुरू किए, जिसमें मरीजों को अस्पताल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में एहतियाती रूप से निकालना शामिल है।

पटेल ने तनावपूर्ण माहौल के बीच की समीक्षा

गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनावपूर्ण माहौल में शुक्रवार को सीमावर्ती राज्य के रूप में गुजरात की सतर्कता और तैयारियों की समीक्षा की। पटेल ने गुजरात में हाई अलर्ट पर रखे गए और पाकिस्तान के साथ समुद्री, जमीनी और हवाई सीमा सहित जुड़े 18 जिलों के संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रशासनिक तंत्र, पुलिस और अन्य जिला अधिकारियों से उनके जिलों में की जा रही सुरक्षा की अग्रिम तैयारियों की व्यवस्था की जानकारी भी प्राप्त की।

चंद्रबाबू ने आंध्र के जवान की शहादत पर जताया शोक

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू-कश्मीर में श्री सत्य साई जिले में गोरंतला मंडल के कली ठंडा गांव निवासी जवान एम. मुरली नाइक के शहीद होने पर शोक व्यक्त किया। नायडू ने नाइक की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन बलिदान कर दिया। मुख्यमंत्री ने उनके माता-पिता ज्योतिबाई व श्रीराम नाइक से फोन पर बात की व अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। नायडू ने कहा कि राष्ट्र मुरली के बलिदान को हमेशा याद रखेगा, जिन्होंने 25 साल की छोटी उम्र में मातृभूमि के लिए अपने प्राण की आहूति दे दी।

ओम बिरला ने रवींद्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह, राज्य सभा के महासचिव, पी.सी. मोदी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत के सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। उनकी रचनाओं ने भारतीयों के मन में देशभक्ति की भावना जगाई और उनकी दो महत्वपूर्ण रचनाएं, जन गण मन और आमार सोनार बांग्ला क्रमशः भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगान हैं। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का चित्र अतुल बोस ने बनाया था और इसका अनावरण 12 सितंबर, 1958 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था। इस अवसर पर संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, लोकसभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह, राज्य सभा के महासचिव, पी.सी.मोदी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राष्ट्रधर्म सर्वोपरि व सर्वप्रथम : धनखड़

- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की पुस्तक का किया विमोचन

बिना अभिव्यक्ति के प्रजातंत्र जीवित नहीं रह सकता : जगदीप धनखड़

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रधर्म सर्वोपरि और सर्वप्रथम है तथा कोई भी व्यक्तिगत, राजनीतिक एवं आर्थिक हित राष्ट्र से ऊपर नहीं हो सकता। धनखड़ ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने पुस्तक 'जनता की कहानी- मेरी आत्मकथा' का लोकार्पण करते हुए कहा कि बिना अभिव्यक्ति के प्रजातंत्र जीवित नहीं रह सकता और अभिव्यक्ति करने वाला व्यक्ति यदि यह समझे कि मैं कह रहा हूं वही सही है और कुछ सही नहीं है तो अभिव्यक्ति सार्थक नहीं है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, जी किशन रेड्डी और एस पी सिंह बघेल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति करने वाला व्यक्ति जब दूसरे की बात सुनता है तो उसको बहुत जल्दी बोध हो जाता है कि उसका मत सही नहीं है। अभिव्यक्ति करने वाले व्यक्ति को हमेशा तत्पर रहना चाहिए कि वह दूसरे का मत सुने। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में अभिव्यक्ति और वाद-विवाद एक दूसरे के पूरक हैं।

युवाओं के लिए प्रेरणादायी यह पुस्तक : उपराष्ट्रपति

विमोचन समारोह में अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह पुस्तक युवाओं के लिए प्रेरणादायी भी है। उन्होंने बंडारू दत्तात्रेय के समर्पण और सेवा भाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक सिर्फ एक आत्मकथा नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक सेवा में उनके योगदान का एक जीवंत दस्तावेज है। बंडारू दत्तात्रेय ने अपने जीवन के माध्यम से यह दिखाया है कि सच्चा नेतृत्व जनता के कल्याण के लिए समर्पित होता है। यह पुस्तक युवाओं के लिए प्रेरणादायी भी है।

कुरुक्षेत्र से शुरू हुआ प्राकृतिक खेती का अभियान, किसानों को सशक्त बना रहे हैं नवीन जिंदल

नई दिल्ली। कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरती से सांसद नवीन जिंदल ने प्राकृतिक खेती की ओर वैश्विक परिवर्तन का आह्वान किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब कुरुक्षेत्र केवल फसल नहीं, बल्कि एक क्रांति उगा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और पद्मश्री डॉ. हरिओम के मार्गदर्शन में जिंदल ने कहा कि प्राकृतिक खेती ही किसानों की आय को बढ़ाने और रासायनिक-मुक्त उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने का समाधान है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे पहले अपने घर से प्राकृतिक खेती की शुरुआत करें, कृषि विशेषज्ञों से संवाद करें और देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों का भरपूर लाभ उठाएं।

बिहार में राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराने का निर्देश

पटना, 9 मई (एजेंसियां)। बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को राजस्व कर्मचारियों को समझाकर हड़ताल समाप्त कराने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि यदि इसके बावजूद वे ड्यूटी पर वापस नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने शुक्रवार को राज्य के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारियों को समझा-बुझाकर हड़ताल समाप्त करने को कहा जाए। यदि इसके बावजूद वे ड्यूटी पर वापस नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाए और इसकी जानकारी विभागीय मुख्यालय को शीघ्र भेजी जाए। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राजस्व कर्मियों के एक समूह ने सेवा शर्तों और मांगों को लेकर राज्य मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा था, जिस पर विभाग गंभीरता से विचार कर रहा है। हालांकि, इन मांगों पर निर्णय वित्त विभाग की सहमति और राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद ही संभव है, इसलिए इसमें कुछ समय लग सकता है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि अभी तक

- ड्यूटी पर वापस नहीं लौटने पर होगी कार्रवाई : दीपक कुमार

सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं हो रहीं प्रभावित

राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि विभाग को मिली जानकारी के अनुसार, कुछ जिलों में राजस्व कर्मचारी अचानक हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने जिलाधिकारियों से अपील की है कि वे पहले कर्मचारियों को बुलाकर वार्ता करें और उन्हें हड़ताल खत्म करने के लिए प्रेरित करें।

किसी जिले से आधिकारिक रूप से कर्मियों के हड़ताल पर जाने की सूचना नहीं मिली है।

नीतीश कुमार ने महाराणा प्रताप को किया नमन

पटना, 9 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शूरवीर महाराणा प्रताप को शुक्रवार को उनके जन्म दिवस के अवसर पर नमन किया। कुमार ने शुक्रवार को यहां महाराणा प्रताप के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय जयंती समारोह में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय सिंह, विधायक संजीव चैरसिया, पूर्व विधायक अशोक सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता ओमप्रकाश सेतु सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिहार में पुलिस भी नहीं कर रही अपना काम : तेजस्वी

पटना/पूर्णिया, 9 मई (देशबन्धु)। जिले के बनमनखी में बीते दिनों अपराधियों ने एक नाबालिग लड़की के साथ न सिर्फ रेप की वारदात को अंजाम दिया था बल्कि बाद में उसकी हत्या भी कर दी थी। इस घटना के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तेजस्वी यादव ने कहा कि ऐसे हालात हैं बिहार में, पुलिस भी अपना काम नहीं कर रही है। पहले गिरफ्तारी करती है, फिर निर्दोष कह कर छोड़ देती है, तो आखिर आरोपी कहां है, जिसने ये दुष्कर्म और हत्या की है। तेजस्वी यादव ने परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की है और पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि वह इसकी शिकायत डीजीपी से करेंगे। परिवार के लोगों ने बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह और रूपौली के विधायक शंकर सिंह पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को तेजस्वी यादव ने पीड़ित परिवार के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पीड़ित परिवार के आरोपों को मीडिया के सामने रखा। तेजस्वी यादव ने खुद पीड़ित परिवार से आप बीती सुनाने को कहा। पीड़ित परिवार ने बताया कि बीते 11 फरवरी को उनकी नाबालिग बेटी के साथ पहले दुष्कर्म हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई। नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार तो किया लेकिन मंत्री और विधायक के दबाव में आकर पुलिस ने उसे छोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने कहा कि मंत्री और विधायक की तरफ से उन्हें लगातार धमकी दी जा रही है कि केस उठा लो वरना बेटी जैसा हश्र कर देंगे।



- बलात्कार पीड़ित परिवार से मिल कार्रवाई का भरोसा दिलाया

दौरा *जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने सीमावर्ती शहर उरी का किया दौरा, बोले*

भारतीय सशस्त्र बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार

जम्मू, 9 मई अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में युद्ध के करीब के हालात में पाक गोलाबारी में घायल तथा बेघर होने वालों का हालचल पूछ अगर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला मैदान में हैं तो उप राज्यपाल मनोज सिन्हा भी पीछे नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को सरकारी मेडिकल कालेज (जीएमसी) जम्मू का दौरा किया और हाल ही में सीमा पार से हुई गोलाबारी की घटनाओं में घायल हुए नागरिकों का हालचाल जाना। जबकि वे विस्थापितों के लिए बनाए गए कैंपों में भी गए। ठीक इसी प्रकार उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने उड़ी का दौरा किया। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घायलों और उनके परिवारों से बातचीत की और उन्हें पूर्ण चिकित्सा सहायता और आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया। उमर ने अपने दौरे के दौरान कहा कि हम उनके

- पाकिस्तानी गोलाबारी में घायल तथा बेघर होने वालों का जाना हालचल

शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से कई ड्रोन हमलों की रिपोर्ट के मद्देनजर स्थिति की व्यापक समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं जमीनी हालात का जायजा लूंगा और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और नागरिक एजेंसियों के साथ समन्वय करूंगा। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद इटू और कृषि मंत्री जावेद डार ने घायल नागरिकों से मिलने और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था का आकलन करने के लिए जीएमसी बारामुल्ला का दौरा किया। यह दौरा सीमा पर बढ़ते तनाव और नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन और गोलाबारी में हताहतों के बीच हुआ है। दूसरी ओर जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान द्वारा कल शाम यहां कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर ड्रोन हमलों की बौछार के बाद भारतीय सशस्त्र बल किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। उड़ी सेक्टर में स्थिति का आकलन करने के बाद एलजी सिन्हा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा प्रयास किए गए, लेकिन भारतीय सशस्त्र बल किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि यहां के लोगों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। घायलों और मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है। पाकिस्तान ने गुरुवार शाम को जम्मू, सांबा, उधमपुर, आरएस पुरा और श्रीनगर में कम दूरी की मिसाइलों और ड्रोन से संयुक्त हमला किया, लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों की वायु रक्षा प्रणाली ने दुश्मन के पूरे अभियान को विफल कर दिया। जम्मू, सांबा, आरएस पुरा और अन्य स्थानों पर रक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए दागे गए पाकिस्तान के ड्रोन और कम दूरी की मिसाइलों को सेना की सतर्क रक्षा प्रणाली ने निष्प्रभावी कर दिया। पाकिस्तानी सैनिकों की मदद से आतंकवादियों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में घुसपैठ का असफल प्रयास किया।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पति : सब्जी में नमक नहीं है आज...
पत्नी : वो क्या है न आज सब्जी थोड़ी जल गई थी...
पति : तो सब्जी में नमक क्यों नहीं डाला...
पत्नी : जले पर नमक नहीं छिड़कना चाहिए...

दिल्ली कांग्रेस ने भारतीय सेना के साहस व पराक्रम के सम्मान में जय हिन्द यात्रा निकाली, कहा

तिरंगा की सुरक्षा के लिए एकजुट रहने का समय

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के आव्हान पर दिल्ली कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं ने जंतर मंतर पहुंच कर पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाव दे रही भारतीय सेना के साहस और पराक्रम के सम्मान में जय हिन्द यात्रा निकाली। ऑपरेशन सिंदूर के तहत अपना सर्वस्व समर्पित कर रही भारत की थल, जल और वायु सेना का मनोबल बढ़ाने और उसे मजबूत करने के लिए पूरा देश एकजुट होकर सेना के साथ खड़ा है।

जय हिंद यात्रा को कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, संगठन महासचिव के.सी. वेनुगोपाल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और पवन खेड़ा ने तिरंगा दिखाकर जंतर मंतर से यात्रा शुरु की। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव सचिन पॉयलट और दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन भी मौजूद थे। जय हिन्द यात्रा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चेयरपरसन सुप्रिया श्रीनते, अभाककमेटी महिला अध्यक्ष अल्का लांबा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब, अभाककमेटी एससी विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोठिया, डॉ. नरेन्द्र नाथ, पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ, संदीप दीक्षित, डॉ. उदित राज, रमेश कुमार, श्रीमती रागिनी नायक, गुरदीप सिंह सप्पल, मनीष चतरथ, रोहित चौधरी, दिल्ली सरकार केयोगानन्द शास्त्री, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, भीष्म शर्मा, हसन अहमद, सुरेन्द्र कुमार, कुंवर करण सिंह, महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, सेवादल अध्यक्ष सुनील कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा, सहित हजारों

जय हिन्द यात्रा के द्वारा हमारा लक्ष्य देशवासियों तक संदेश पहुंचाने का है कि तिरंगे की रक्षा और सुरक्षा के लिए एकजुट रहने का समय है : देवेन्द्र यादव

कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल थे। जय हिन्द यात्रा में शामिल हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जय हिन्द, जय जवान जय किसान के नारे लगा रहे थे।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने स्पष्ट कर दिया है कि संकट के समय दलगत राजनीति से उपर उठकर आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ देशहित में हर तरह की सैनिक कार्यवाही सहित सुरक्षा की दिशा में हम मन, वचन और कर्म से भारत सरकार के साथ है। पाकिस्तान के विरोध में भारत सरकार के प्रत्येक बड़े फैसले को कांग्रेस पार्टी का पूरा सहयोग और समर्थन रहेगा। भारतीय सेना के साहसी जज्बे को हम सलाम करते हैं और जय हिन्द यात्रा के तहत अपनी सेना के समर्थन में अपनी पूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रकट करते है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जय हिन्द यात्रा के द्वारा हमारा लक्ष्य देशवासियों तक संदेश पहुंचाने का है कि तिरंगे की रक्षा और सुरक्षा के लिए एकजुट रहने का समय है और यह भी बताना है कि भारत की संप्रभुता का प्रतीक तिरंगा ही हमारा धर्म है, जिसकी रक्षा के लिए भारत की सीमाओं पर भारतीय सेना के जवान 24 घंटे सुरक्षा के लिए तैनात खड़े देश के लिए कुर्बानी देने से भी नही डरते।

यादव ने कहा कि पाकिस्तान को जबाव दे रहे भारतीय सेना अपना काम कर रही है लेकिन विभिन्न जाति, धर्म, वर्गों, क्षेत्रों के 140 करोड़ देशवासी मन और वचन के साथ उनके साथ खड़े है। यही अनेकता में एकता हमारे देश की ताकत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रम रद्द करके साबित कर दिया है, कि हम अवसरवादी और मौकापरस्ती में विश्वास नही रखते। हमेशा देश की सेवा की है और दुख और जरुरत के समय देशवासियों के साथ खड़े रहना ही हमारा कर्तव्य है।

श्यामलाल कॉलेज सांध्य में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। श्यामलाल कॉलेज (सांध्य) दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने 55वें वार्षिक दिवस और पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन कॉलेज परिसर में किया। यह समारोह न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का उत्सव था, बल्कि चरित्र निर्माण, नेतृत्व विकास और समग्र शिक्षा दृष्टिकोण का सशक्त प्रतिबिंब भी रहा।

मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कॉलेज के संस्थापक और राज्यसभा सांसद रहे स्वर्गीय श्यामलाल गुप्ता को स्मरण करते हुए ओम बिरला ने कॉलेज की उस शैक्षणिक परंपरा की सराहना की, जो केवल ज्ञान प्रदान नहीं करती, बल्कि मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण की दिशा में अग्रसर करती है। उन्होंने भारत के नौजवानों की कुशलता को विश्व की आवश्यकता बताया। साथ ही 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए नवप्रवर्तन, नए विचार और नवनेतृत्व को आधार बताया।

उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के अकादमिक समर्पण और सांस्कृतिक सक्रियता की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के युवा ही भारत का भविष्य हैं। उन्होंने मंच से 'भारत माता की जय' के उद्बोधन के साथ यह संदेश भी दिया कि वर्तमान की तनावपूर्ण स्थिति में प्रत्येक नागरिक को एकजुट रहने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डीन ऑफ कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय प्रो. बलराम पाणी ने संस्थान की नवाचार, शोध और समावेशिता को बढ़ावा देने वाली नीतियों की प्रशंसा करते हुए श्यामलाल कॉलेज को आधुनिक शिक्षा का प्रकाश स्तंभ बताया।

प्राचार्य प्रो. नचिकेता सिंह ने स्वागत भाषण के साथ शैक्षणिक वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध पहलों, डिजिटल नवाचारों, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व अभियानों का समग्र विवरण साझा किया गया। मंच पर कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के प्रतिनिधि हिमांशु गुप्ता भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रमोद कुमार तथा सह-संयोजक प्रो. आदित्य पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजन पूर्ण हुआ। यह आयोजन केवल पुरस्कारों का वितरण नहीं, बल्कि प्रेरणा, स्वीकृति और उत्सव का संगम रहा जो परंपरा और नवाचार के समन्वय से शिक्षा को जीवन दर्शन में रूपांतरित करता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

दिल्ली के उप महापौर ने खानपुर वार्ड का किया निरीक्षण

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'स्वच्छता अभियान' के तहत दक्षिणी जोन के खानपुर वार्ड वार्ड सं 167 का निरीक्षण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद ममता यादव, जोन के विभिन्न विभाग प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने खानपुर वार्ड के मुख्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्हें बताया गया कि वार्ड के इन मुख्य स्थानों पर नियमित रूप से सफाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने महरौली-बदरपुर रोड के पास कॉलोनी का दौरा किया और पाया कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन डीएमआरसी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के कारण एक मुख्य नाला अवरुद्ध हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस टूटे हुए नाले के कारण गंदा पानी उनकी दुकानों और घरों में बह रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जलभराव और दुर्गंध की स्थिति के कारण आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में उत्कृष्ट योगदान के लिए लैंक्सेस सम्मानित

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। जलवायु संरक्षण पहल सीडीपी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में उत्कृष्ट योगदान के लिए लैंक्सेस को सम्मानित किया है। अपने नवीनतम मूल्यांकन में, सीडीपी ने विशेष रसायन कंपनी को जलवायु श्रेणी में शीर्ष ग्रेड 'ए' दिया है। इससे लैंक्सेस, उन 24,700 से अधिक कंपनियों में शीर्ष 2 प्रतिशत में शामिल हो गया है जिनका मूल्यांकन सीडीपी ने किया। ग्रेड 'ए' उन कंपनियों को दिया जाता है जो जलवायु संरक्षण में अपनी गतिविधियों पर विशेष रूप से पारदर्शी और व्यापक रूप से रिपोर्ट करती हैं और संबंधित परियोजनाओं को लागू करती हैं। इसके लिए, उन्हें अपनी रणनीतियों और उपायों को प्रदर्शित करना होगा, जैसे कि वैज्ञानिक रूप से ठोस लक्ष्य निर्धारित करना और जलवायु संरक्षण योजना तैयार करना।

ये नया भारत है, आतंकियों को घर में घुसकर मारता है : मल्होत्रा

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। गौ माता को राष्ट्र माता की मांग करने वाले प्रख्यात समाजसेवी और कोरोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सैन्य बलों को बधाई दी और कहा है कि यह हमारे सैन्य बलों के पराक्रम की पराकाष्ठा है कि इतने बड़े ऑपरेशन सिंदूर में वायुसेना ने अपने सभी पूर्व निर्धारित आतंकी ठिकानों को नष्ट करने का सराहनीय कार्य किया है। चरणजीव मल्होत्रा ने कहा कि पूरी दुनिया आज भारत के सैन्य पराक्रम को देख रही है। पहलगाम अटैक में उन आतंकवादियों ने कहा था कि जाकर मोदी को बता देना और आज मोदी जी ने बता दिया है कि ये नया भारत है, अगर उंगली उठाओगे तो हाथ तोड़ दिया जाएगा। इंटरनेशनल बॉर्डर क्रॉस करके भारत की वीर सेना ने आतंकवादियों के अड्डें को नष्ट किया है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि महाकाल ने अपने हाथों से नियति को लिखा है, आतंकियों के पूरे नेटवर्क को प्रधानमंत्री के हाथों से ही ध्वस्त होना है।

सैनफोर्ट भारत की पहली आईबी प्रीस्कूल चेन शुरू करने को तैयार

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। अपने प्रगतिशील पाठ्यक्रम और वैश्विक शैक्षणिक मानकों के साथ प्रीस्कूल शिक्षा को नया आकार देते हुए, सैनफोर्ट ग्रुप ऑफ स्कूल्स सैनफोर्ट भारत में अपनी पहली प्रीस्कूल श्रृंखला स्थापित करने की योजना बना रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय बैकलॉरिएट आईबी प्राइमरी इयर्स प्रोग्राम पीवाईपी ढांचे को लागू करने की दिशा में काम कर रहा है।

इस तरह का एक निर्णायक कदम सैनफोर्ट द्वारा इनोवेशन और लर्नर-सैंट्रिक दृष्टिकोण की विरासत के साथ प्रारंभिक शिक्षा में एक क्रांतिकारी बदलाव को चिह्नित करेगा।

डॉ. एस.के. राठौर, फाउंडर एवं चेयरमैन, सैनफोर्ट ने कहा कि प्रारंभिक वर्ष जीवनभर की शिक्षा की नींव स्थापित करते हैं। इसलिए सैनफोर्ट में हम ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहां शिक्षा आनंददायक, सार्थक और वैश्विक मानकों के अनुरूप हो। भारत की पहली आईबी प्रीस्कूल चेन लांच करते हुए, हम हर बच्चे की शिक्षा की यात्रा की शुरुआत एक विश्वस्तरीय अनुभव के साथ कराने का लक्ष्य रखते हैं।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण), उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

1	कार्य का नाम	सरोजिनी नगर, नई दिल्ली में 71 टाइप-V आवासीय क्वार्टरों के संबंध में विद्युतीकरण (क्वार्टरों और परिसंचारी क्षेत्र की वायरिंग और प्रकाश व्यवस्था और अन्य संबद्ध कार्य)।
2	कार्य समापन अवधि	12 महीने
3	अनुमानित लागत	₹ 4,68,08,305.44
4	धरोहर राशि	₹ 3,84,000/-
5	ई-निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि व समय	निविदा दिनांक 30.05.2025 समय 11:30 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 30.05.2025 समय 11:30 बजे खोला जाएगा।
6	निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी	विस्तृत निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा पत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 16.05.2025 से 30.05.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा पत्र में दिये गये हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

संख्याः 17-वि./उप मु. वि. अभि./सी./टी./156, दिनांकः 08.05.2025 1377/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

गाड़ी संख्या	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृति	चलने के दिन	चलने के तिथि
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जंक्शन	08:40	प्रतिदिन		10.07.2025 तक
04087	पटना जंक्शन	12:00	नई दिल्ली	04:40			11.07.2025 तक
04064	नई दिल्ली	09:30	शेखपुरा	05:00	द्वि-साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04063	शेखपुरा	07:00	नई दिल्ली	23:35		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04066	नई दिल्ली	21:35	सहरसा जंक्शन	22:00	द्वि-साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04065	सहरसा जंक्शन	23:55	नई दिल्ली	23:30		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04022	नई दिल्ली	14:00	गोरखपुर	05:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	11.07.25 तक
04021	गोरखपुर	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	10.05.25 से 12.07.25 तक
04081	नई दिल्ली	23:45	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	11:40	त्रि-साप्ताहिक	सोमवार, बुध, शनि	12.07.2025 तक
04082	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	21:20	नई दिल्ली	09:30		मंगल, गुरु, रविवार	13.07.2025 तक
04012	दिल्ली जंक्शन	19:30	दरभंगा जंक्शन	20:30	द्वि-साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04011	दरभंगा जंक्शन	22:00	दिल्ली जंक्शन	22:40		बुध, शनि	12.07.2025 तक
04024	दिल्ली जंक्शन	19:30	वाराणसी जंक्शन	09:45	त्रि-साप्ताहिक	सोम,गुरु,शनि	10.07.2025 तक
04023	वाराणसी जंक्शन	18:35	दिल्ली जंक्शन	08:50		मंगल,शुक्र,रवि	11.07.2025 तक
04026	दिल्ली जंक्शन	23:05	रक्सौल जंक्शन	19:00	साप्ताहिक	गुरुवार	10.07.2025 तक
04025	रक्सौल जंक्शन	22:00	दिल्ली जंक्शन	17:45		शुक्रवार	11.07.2025 तक
04018	आनंद विहार (ट)	09:00	मुजफ्फरपुर जंक्शन	06:00	साप्ताहिक	गुरुवार	29.05.2025 तक
04017	मुजफ्फरपुर जं	07:30	आनंद विहार (ट)	06:00		शुक्रवार	30.05.2025 तक
04020	आनंद विहार (ट)	19:30	बरौनी जंक्शन	18:00	साप्ताहिक	रविवार	06.07.2025 तक
04019	बरौनी जंक्शन	20:00	आनंद विहार (ट)	19:00		सोमवार	07.07.2025 तक
04070	आनंद विहार (ट)	00:20	राजगीर	19:50	द्वि-साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04069	राजगीर	23:30	नई दिल्ली	19:00		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04096	आनंद विहार (ट)	05:00	जयनगर	12:00	द्वि-साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04095	जयनगर	17:00	आनंद विहार (ट)	19:55		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04098	आनंद विहार (ट)	05:00	सीतामढी	02:30	द्वि-साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04097	सीतामढी	03:45	आनंद विहार (ट)	01:30		बुध, शनि	12.07.2025 तक
04030	आनंद विहार (ट)	09:00	मुजफ्फरपुर जंक्शन	04:30	द्वि-साप्ताहिक	मंगल, शनि	17.05.2025 तक
04029	मुजफ्फरपुर जंक्शन	06:15	आनंद विहार (ट)	03:10		बुध, रवि	18.05.2025 तक
04094	आनंद विहार (ट)	23:55	जोगबनी	07:30	साप्ताहिक	गुरुवार	10.07.2025 तक
04093	जोगबनी	09:30	आनंद विहार (ट)	16:00		शनिवार	12.07.2025 तक
04207	लखनऊ जंक्शन	08:05	नई दिल्ली	17:50	साप्ताहिक	सोमवार	07.07.2025 तक
04208	नई दिल्ली	20:20	लखनऊ जंक्शन	06:00		सोमवार	07.07.2025 तक
04213	अयोध्या कैंट	18:20	आनंद विहार (ट)	06:00	त्रि-साप्ताहिक	रवि,मंगल,गुरु	10.07.2025 तक
04214	आनंद विहार (ट)	09:00	अयोध्या कैंट	22:00		सोम,बुध,शुक्र	11.07.2025 तक
04687	बनिहाल	18:40	बडगाम	20:20	सप्ताह में 06 दिन	शुक्रवार को छोड़कर	03.06.2025 तक
04688	बडगाम	08:35	बनिहाल	10:40			03.06.2025 तक
04217	वाराणसी जंक्शन	06:25	लखनऊ जंक्शन	11:45	प्रतिदिन		30.06.2025 तक
04218	लखनऊ जंक्शन	16:30	वाराणसी जंक्शन	21:50			30.06.2025 तक
04219	शाहगंज जंक्शन	22:35	अयोध्या धाम जंक्शन	01:40	प्रतिदिन		10.07.2025 तक
04220	अयोध्या धाम जंक्शन	02:10	शाहगंज जंक्शन	04:40			10.07.2025 तक
02270	लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल)	14:15	छपरा	21:30	सप्ताह में 06 दिन	मंगलवार को छोड़कर	11.07.2025 तक
02269	छपरा (वंदे भारत स्पेशल)	23:00	लखनऊ जंक्शन	06:30			11.07.2025 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	18:15	वाराणसी जंक्शन	19:00	साप्ताहिक	रविवार	06.07.2025 तक
04603	वाराणसी जंक्शन	05:30	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	11:25		मंगलवार	08.07.2025 तक
04206	वाराणसी जंक्शन	14:50	चंडीगढ़	07:45	साप्ताहिक	शनिवार	05.07.2025 तक
04205	चंडीगढ़	09:30	वाराणसी जंक्शन	01:20		रविवार	06.07.2025 तक
04518	भटिंडा जंक्शन	20:50	वाराणसी जंक्शन	17:30	द्वि-साप्ताहिक	सोम, शुक्र	11.07.2025 तक
04517	वाराणसी जंक्शन	20:40	भटिंडा जंक्शन	17:00		मंगल, शनि	12.07.2025 तक
04209	लखनऊ जंक्शन	20:45	चंडीगढ़	07:55	त्रि-साप्ताहिक	सोम,बुध,शुक्र	09.07.2025 तक
04210	चंडीगढ़	10:20	लखनऊ जंक्शन	21:30		मंगल,गुरु,शनि	10.07.2025 तक
04504	चंडीगढ़	23:35	पटना जंक्शन	22:10	साप्ताहिक	गुरुवार	29.05.2025 तक
04503	पटना जंक्शन	22:45	चंडीगढ़	23:10		शुक्रवार	30.05.2025 तक
04302	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जंक्शन	13:00	साप्ताहिक	मंगलवार	15.07.2025 तक
04301	मुजफ्फरपुर जंक्शन	15:00	योग नगरी ऋषिकेश	14:20		बुधवार	16.07.2025 तक
04606	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	21:30	गुवाहाटी	19:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	30.05.2025 तक
04605	गुवाहाटी	23:20	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	20:45		सोमवार	02.06.2025 तक
04610	जम्मू तवी	06:20	वाराणसी जंक्शन	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	09.07.2025 तक
04609	वाराणसी जंक्शन	09:00	जम्मू तवी	07:45		शुक्रवार	10.07.25 तक
04304	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	गोरखपुर	06:20	साप्ताहिक	शनिवार	10.05.25 से 12.07.25 तक
04303	गोरखपुर	09:00	योग नगरी ऋषिकेश	00:55		रविवार	11.05.25 से 13.07.25 तक
04602	फिरोजपुर कैंट जंक्शन	15:10	पटना जंक्शन	18:00	द्वि-साप्ताहिक	बुध, शनिवार	12.07.2025 तक
04601	पटना जंक्शन	20:50	फिरोजपुर कैंट जंक्शन	23:55		गुरु, रविवार	13.07.2025 तक
04608	अमृतसर जंक्शन	20:10	दरभंगा जंक्शन	02:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	11.07.25 तक
04607	दरभंगा जंक्शन	04:00	अमृतसर जंक्शन	10:30		रविवार	11.05.25 से 13.07.25 तक
04212	सुल्तानपुर जंक्शन	04:00	लोकमान्य तिलक	14:00	साप्ताहिक	सोमवार	23.06.2025 तक
04211	लोकमान्य तिलक	16:35	सुल्तानपुर जंक्शन	23:00		मंगलवार	24.06.2025 तक
03255	पटना जंक्शन	22:20	आनंद विहार (ट)	18:35	द्वि-साप्ताहिक	रवि, गुरु	02.01.2025 से अगले आदेश तक
03256	आनंद विहार (ट)	23:30	पटना जंक्शन	18:35		सोम, शुक्र	03.01.2025 से अगले आदेश तक
05049	छपरा	10:15	अमृतसर जंक्शन	13:50	साप्ताहिक	शुक्रवार	07.02.2025 से अगले आदेश तक
05050	अमृतसर जंक्शन	17:45	छपरा	23:55		शनिवार	08.02.2025 से अगले आदेश तक
05305	छपरा	22:00	आनंद विहार (ट)	00:20	द्वि-साप्ताहिक	सोम, गुरु	17.02.2025 से अगले आदेश तक
05306	आनंद विहार (ट)	22:10	छपरा	22:50		बुध, शनि	19.02.2025 से अगले आदेश तक
05057	गोरखपुर जंक्शन	22:45	दिल्ली जंक्शन	12:50	साप्ताहिक	गुरुवार	06.02.2025 से अगले आदेश तक
05058	दिल्ली जंक्शन	14:00	गोरखपुर जंक्शन	06:25		शुक्रवार	07.02.2025 से अगले आदेश तक
01701	जबलपुर	19:40	अयोध्या कैंट	11:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
01702	अयोध्या कैंट	13:30	जबलपुर	04:15		गुरुवार	26.06.2025 तक
03309	धनबाद जंक्शन	10:10	जम्मू तवी	22:40	द्वि-साप्ताहिक	मंगल, शनि	28.06.2025 तक
03310	जम्मू तवी	23:30	धनबाद जंक्शन	14:00		बुध, रवि	29.06.2025 तक
02397	गया	14:15	आनंद विहार (ट)	07:10	साप्ताहिक	रविवार	29.06.2025 तक
02398	आनंद विहार (ट)	08:20	गया	00:30		सोमवार	30.06.2025 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार	00:30	साप्ताहिक	रविवार	27.07.2025 तक
03258	आनंद विहार (ट)	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	28.07.2025 तक
03697	गया	14:15	दिल्ली जंक्शन	07:45	सप्ताह में 6 दिन	रवि को छोड़कर	30.06.2025 तक
03698	दिल्ली जंक्शन	08:55	गया	00:30		सोम को छोड़कर	01.07.2025 तक
05577	सहरसा जंक्शन	20:00	आनंद विहार (ट)	00:30	सप्ताह में 5 दिन	गुरु, शनि को छोड़कर	30.06.2025 तक
05578	आनंद विहार (ट)	05:15	सहरसा जंक्शन	10:30		शनि, सोम को छोड़कर	02.07.2025 तक
02393	राजेंद्र नगर	20:10	नई दिल्ली	12:10	सप्ताह में 6 दिन	गुरुवार को छोड़कर	30.06.2025 तक
02394	नई दिल्ली	13:20	राजेंद्र नगर	07:00		शुक्र को छोड़कर	01.07.2025 तक
02877	रांची	23:55	नई दिल्ली	03:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
02878	नई दिल्ली	04:00	रांची	05:00		रविवार	29.06.2025 तक
05736	कटिहार जंक्शन	21:00	अमृतसर जंक्शन	09:45	साप्ताहिक	बुधवार	21.05.25 से 25.06.25 तक
05735	अमृतसर जंक्शन	13:25	कटिहार जंक्शन	23:45		शुक्रवार	23.05.25 से 27.06.25 तक
09183	मुंबई सेंट्रल	22:50	वाराणसी जंक्शन	10:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
09184	वाराणसी जंक्शन	14:30	मुंबई सेंट्रल	04:20		शुक्रवार	27.06.2025 तक
03223	राजगीर	06:05	हरिद्वार जंक्शन	06:05	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
04324	हरिद्वार जंक्शन	07:20	राजगीर	07:15		शनिवार	28.06.2025 तक
03221	राजगीर	14:00	शहीद कप्तान तुषार एम	23:05	साप्ताहिक	सोमवार	30.06.2025 तक
03222	शहीद कप्तान तुषार एम	03:15	राजगीर	15:00		बुधवार	02.07.2025 तक
05742	न्यू जलपाईगुड़ी	13:40	अयोध्या धाम जंक्शन	09:30	साप्ताहिक	रविवार	18.05.25 से 29.06.25 तक
05741	अयोध्या धाम जंक्शन	11:40	न्यू जलपाईगुड़ी	09:30		सोमवार	19.05.25 से 30.06.25 तक
03311	धनबाद जंक्शन	23:50	चंडीगढ़	04:30	द्वि-साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	27.06.2025 तक
03312	चंडीगढ़	06:00	धनबाद जंक्शन	09:00		गुरु, रवि	29.06.2025 तक
05113	छपरा	15:45	आनंद विहार (ट)	14:25	साप्ताहिक	बुधवार	14.05.25 से 16.07.25 तक
05114	आनंद विहार (ट)	16:00	छपरा	14:00		गुरुवार	15.05.25 से 17.07.25 तक
05301	मऊ जंक्शन	04:00	अंबाला कैंट	00:30	साप्ताहिक	गुरुवार	15.05.25 से 17.07.25 तक
05302	अम्बाला कैंट	01:40	मऊ जंक्शन	22:00		शुक्रवार	16.05.25 से 18.07.25 तक
05193	छपरा	14:00	शहीद कप्तान तुषार एम	23:05	साप्ताहिक	सोमवार	19.05.25 से 14.07.25 तक
05194	शहीद कप्तान तुषार एम	00:10	छपरा	08:00		बुधवार	21.05.25 से 16.07.25 तक
07363	हुब्बल्ली जंक्शन	20:30	योग नगरी ऋषिकेश	23:30	साप्ताहिक	सोमवार	24.02.2025 से अगले आदेश तक
07364	योग नगरी ऋषिकेश	06:15	हुब्बल्ली जंक्शन	06:30		गुरुवार	27.02.2025 से अगले आदेश तक
01491	पुणे	17:30	हजरत निजामुद्दीन	18:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
01492	हजरत निजामुद्दीन	22:10	पुणे	23:55		शनिवार	28.06.2025 तक
09101	वडोदरा जंक्शन	19:00	हरिद्वार जंक्शन	14:30	साप्ताहिक	शनिवार	28.06.2025 तक
09102	हरिद्वार जंक्शन	17:20	वडोदरा जंक्शन	11:25		रविवार	29.06.2025 तक
07023	चर्लपल्ली	20:45	हजरत निजामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	रविवार	29.06.2025 तक
07024	हजरत निजामुद्दीन	04:00	चर्लपल्ली	06:30		मंगलवार	01.07.2025 तक
07621	हुजूर साहिब नांदेड़	08:45	हजरत निजामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.06.2025 तक
07622	हजरत निजामुद्दीन	21:40	हुजूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.06.2025 तक
09309	इंदौर जंक्शन	17:00	हजरत निजामुद्दीन	05:00	द्वि-साप्ताहिक	शुक्र, रवि	29.06.2025 तक
09310	हजरत निजामुद्दीन	08:20	इंदौर जंक्शन	21:00		शनि, सोम	30.06.2025 तक
09003	मुंबई सेंट्रल	10:30	दिल्ली जंक्शन	10:00	द्वि-साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	27.06.2025 तक
09004	दिल्ली जंक्शन	13:05	मुंबई सेंट्रल	13:30		बुध, शनि	28.06.2025 तक
09425	साबरमती	17:20	हरिद्वार जंक्शन	17:00	द्वि-साप्ताहिक	गुरु, रवि	29.06.2025 तक
09426	हरिद्वार जंक्शन	21:00	साबरमती	22:30		शुक्र, सोम	30.06.2025 तक
09603	उदयपुर सिटी	01:50	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	06:35	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
09604	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	10:50	उदयपुर सिटी	13:55		गुरुवार	26.06.2025 तक
01441	पुणे	17:30	हजरत निजामुद्दीन	18:10	साप्ताहिक	मंगलवार	27.05.2025 तक
01442	हजरत निजामुद्दीन	22:20	पुणे	02:45		बुधवार	28.05.2025 तक
01705	जबलपुर	15:45	हरिद्वार जंक्शन	13:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
01706	हरिद्वार जंक्शन	17:40	जबलपुर	17:50		गुरुवार	26.06.2025 तक
07077	चर्लपल्ली	05:00	देहरादून	19:20	साप्ताहिक	मंगलवार	27.05.2025 तक
07078	देहरादून	07:00	चर्लपल्ली	22:30		गुरुवार	29.05.2025 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

कैपिटल ज़ोन

उवाच

यमुना और हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में एरियल मैपिंग का काम शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में जितना निर्माण हो चुका है उसके फुटेज लिए जा रहे है। इसके बाद यदि यहां अवैध निर्माण बढ़ता है तो संबंधित प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक, लेखपाल और सिंचाई विभाग के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यहां बड़े बड़ बोर्ड लगाए जाए ताकि लोगों को जागरुक किया जा सके कि यहां निर्माण और जमीन खरीदना अवैध है : **लोकेश एम, सीईओ।**

नोएडा में 40 मकान खरीदार को मिला मालिकाना हक

- **प्रतीक प्रोमैनेज में लगाया गया कैंप**
- **अब तक 3621 बायर्स की हो चुकी रजिस्ट्री**

नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। नोएडा में बायर्स रजिस्ट्री कराने के लिए कैंप आयोजित किए जा रहे है। शुक्रवार को प्रतीक ऐडीफाइस और प्रतीक स्टाइलहोम के फ्लैट बायर्स के पक्ष को उनका मालिकाना हक दिया गया। इस मौके पर करीब 40 फ्लैट बायर्स के पक्ष में रजिस्ट्री की गई। ये प्रोजेक्ट प्रतीक इंफ्रा प्रोजेक्टस प्रालि को आवंटित जीएच-1/ए बीटी-2 सेक्टर-107 और प्रतीक बिडटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-4/बी सेक्टर-45 है। इस रजिस्ट्री कैंप का आयोजन प्रतीक प्रोमैनेज सेक्टर-67 में किया गया।

इस दौरान 40 फ्लैट बायर्स के पक्ष में रजिस्ट्री की कार्रवाई की गई। इस मौके पर उपायुक्त स्टांप अरुण कुमार मिश्र, सहायक आयुक्त स्टॉप बीएस वर्मा सब रजिस्ट्रार यशवंत कुमार सिंह के अलावा प्राधिकरण बिल्डर और प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे। बता दे अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद बिल्डरों ने कुल बकाया का 25 प्रतिशत रकम जमा कराई। जिसके बाद बायर्स की रजिस्ट्री हो रही है। ये प्रक्रिया भी उसी का हिस्सा है।

नोएडा में कुल 57 बिल्डर प्रोजेक्ट है। जिसमें से 27 बिल्डर प्रोजेक्ट ने कुल बकाया का 25 प्रतिशत राशि को जमा कराया। जबकि 14 ऐसे है जिन्होंने आंशिक रुप से पैसा जमा किया। इस तरह से अब तक प्राधिकरण को 502 करोड़ रुपए मिले। इसके सापेक्ष 3621 बायर्स की रजिस्ट्री हो चुकी है। प्राधिकरण ने बताया कि रजिस्ट्री कराने के लिए कैंप लगाने का सिलसिला लगातार जारी है।

नोएडा रिलायंस बायोएनर्जी से कचरा करा सकता है निस्तारण

- **एनटीपीसी और इंडो इनवायरो से निरस्त कर सकता है करार**
- **रोजाना निकलता है 1200 मीट्रिक टन कचरा**

नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण अपने गीले और सूखे कचरे का निवारण रिलाएंस बायोएनर्जी से करवा सकती है। इसका प्लांट रिलाएंस बायोएनर्जी ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से एमओयू साइन होने के बाद बना रहा है। इसका निर्माण करीब एक साल में पूरा हो जाएगा। नोएडा प्राधिकरण यहां दो प्लांट बनवाना चाहता था। इसके लिए प्राधिकरण ने इंडो इनवायरो इंटीग्रेटेड सॉल्यूशंस/ एवर इनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (इआरएमपीएल) और दूसरा एनटीपीसी के साथ एमओयू साइन किए गए थे। ये दोनो ग्रीन कोल और व बायो कंप्रेस्ड गैस बनाएगी। लेकिन अब तक इन प्लांट का काम शुरू नहीं किया जा सका है। प्राधिकरण ने बताया कि एनटीपीसी का प्लांट लगाने का काम लगभग शुरू करा दिया गया था। वर्तमान में दोनों ही कंपनियों ने कचरा निस्तारण संबंधित कोई काम यहां शुरू नहीं किया। ऐसे में प्राधिकरण दोनों कंपनियों के साथ किए गए अपने एमओयू को निरस्त कर सकता है। इसके पूरे संकेत मिलने लगे है। साथ ही रिलायंस बायोएनर्जी से ही अपना गीला और सूखा दोनों प्रकार के कचरे का निपटारा करवा सकता है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हमें सिर्फ ट्रांसपोटेशन कर वहां कचरे को पहुचाना है। संभवता हम रिलायंस के साथ करार कर सकते है। वर्तमान में अस्तौली में 30 करोड़ की जमीन हमने ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से खरीदी है। ऐसे में उसका प्रयोग करेंगे। भविष्य में दोनों कंपनियों के साथ करार निरस्त किया जा सकता है।

प्राधिकरण की क्या थी योजना

सीबीजी प्लांट से रोजाना करीब 16 हजार किलो कंप्रेस्ड बायो गैस के साथ 100 टन जैविक खाद भी तैयार होती। कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) का एडवांस रूप है, जिसका गैस संचालित वाहनों में इस्तेमाल किया जा सकेगा। वहीं एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड है। कंपनी रोजाना 1100 टन मिक्स वेस्ट से टेरिफाइड कोयला बनाती। जिनमें से अधिकांश का प्रयोग एनटीपीसी स्वयं बिजली उत्पादन में करती। फिलहाल दोनों काम अब तक शुरू नहीं हो सके है।

नोएडा से कितना निकलता है कचरा

गीला कचरा 400 मीट्रिक टन
सूखा कचरा 800 मीट्रिक टन
सीएंडडी वेस्ट 300 मीट्रिक टन
ग्रेटरनोएडा से गीला कचरा करीब 300 मेट्रिक टन

नोएडा प्राधिकरण यमुना डूब में फार्म हाउसों को जारी करेगी नोटिस

डेढ़ साल में तोड़ चुकी 150 फार्म हाउस

नोएडा प्राधिकरण ने पिछले डेढ़ साल में अभी तक 150 फार्म हाउसों को तोड़ चुकी है। लेकिन प्राधिकरण की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रारम्भ होते ही फार्म हाउस संचालक हाईकोर्ट पहुंच गए थे। उन्होंने प्राधिकरण की इस कार्रवाई को गलत ठहराया था। इसके बाद कुछ दिनों तक यह अभियान रुका था, लेकिन बाद में प्राधिकरण ने इन फार्म हाउसों को फिर से ध्वस्त किया था। अब एक बार फिर से फार्म हाउसों के खिलाफ बड़ा अभियान प्रारम्भ करने की तैयारी की जा रही है।

- **खेती के लिए जमीन की कर सकते है खरीदफरोख्त, नहीं कर सकते पक्का निर्माण**

नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। यमुना के डूब क्षेत्र में फार्म को नोटिस जारी किया जाएगा। ये नोटिस प्राधिकरण देगा। पहले भी कई बार प्राधिकरण फार्म हाउस संचालको को नोटिस जारी कर चुका है। प्राधिकरण ने बताया कि डूब क्षेत्र में खेली के लिए जमीन की खरीदफरोख्त की जा सकती है।

लेकिन यहां फार्म हाउस और पक्का निर्माण करना पूरी तरह से अवैध है। ऐसे में करीब 250 फाम्र हाउसों को पहले फेज में नोटिस जारी किया जाएगा।

ये नोटिस एरियल मैपिंग के बाद दिया जाएगा। जिसमें ये तय हो जाएगा कि डूब क्षेत्र में किस स्थान पर कितने फार्म हाउस बने है। इनका कामर्शियल प्रयोग किया जा रहा है। पुलिस यहां अक्सर रेड करती है। इसके अलावा हिंडन में बने पुराने स्ट्रक्चर को ध्वस्त करने की प्लानिंग अभी नहीं है। लेकिन वहां कोई नया निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। यदि होता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। हिंडन में बने फार्म हाउसों को भी ध्वस्त किया जाएगा। बता दे इसके लिए एसडीएम के नेतृत्व में एक टीम बनी है।

एरियल सर्वे और मैपिंग का काम शुरू

बैठक में सीईओ लोकेश एम ने बताया कि यमुना और हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में एरियल मैपिंग का काम शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में जितना निर्माण हो चुका है उसके फुटेज लिए जा रहे है। इसके बाद यदि यहां अवैध निर्माण बढ़ता है तो संबंधित प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक, लेखपाल और सिंचाई विभाग के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यहां बड़े बड़ बोर्ड लगाए जाए ताकि लोगों को जागरुक किया जा सके कि यहां निर्माण और जमीन खरीदना अवैध है।

यमुना और हिंडन के डूब क्षेत्र में यहां अवैध निर्माण

नोएडा में यमुना सेक्टर-94, 124, 125, 127, 128, 131, 133, 134, 135, 168 के अलावा 150 से होकर निकलती है। इसी तरह हिंडन नदी छिजारसी से प्रवेश करते हुए सेक्टर-63ए, बेहलोलपुर, शहदरा, सुथियाना, गढ़ी चौखंड़ी, सेक्टर-123, 118, 115, 143, 143ए, 148, 150, मोमनाथल के पास यमुना में मिलती है।

यह दोनों ही नदियां नोएडा को चारों तरफ से घेरे हुए हैं और नदियों के किनारे की जमीन को ही डूब क्षेत्र कहते हैं, जहां पर खरीद-फरोख्त प्रतिबंध है।

सार संक्षेप

14 साल किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

नोएडा। बरौला गांव में किराये पर रह रहे व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब किशोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो सेक्टर-49 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। परिजनों ने बेटी के अपहरण होने की भी आशंका जताई है। पुलिस को दी शिकायत में मुरादाबाद निवासी व्यक्ति ने बताया कि वर्तमान में वह बरौला गांव में बेटी और पत्नी के साथ किराये के मकान में रहते हैं। शिकायतकर्ता की 14 साल की छोटी बेटी चार मई की सुबह साढ़े दस बजे घर से निकली थी पर वापस नहीं आई। किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित कर दी गई है।

पीजी संचालक को लाठी-डंडे से पीटा

नोएडा। फॉर्म हाउस पर हक जताते हुए महिला समेत चार आरोपियों ने संचालक को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। मामले में तीन नामजद आरोपियों के एक्सप्रेस वे थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के मयूर विहार निवासी अक्षितिज बिरमानी ने बताया कि बीते साल अगस्त माह में वह एक्सप्रेस वे थानाक्षेत्र स्थित ग्रीन ब्यूटी फॉर्म हाउस में मौजूद थे और कैमरे चेक कर रहे थे। इसी दौरान शशि चौहान, टोपज चौहान, मनोज चौहान और पुनीत चौहान वहां पर आ गए। चारों फॉर्म हाउस पर अपना हक जताते हुए शिकायतकर्ता से बोले कि उसकी यहां आने की हिम्मत कैसे हुई। विरोध करने पर चारों ने शिकायतकर्ता को लाठी और डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करके के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पुलिस की वर्दी पहने फर्जी पुलिस कर्मी गिरफ्तार

नोएडा। होमगार्ड की नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक फर्जी पुलिस कर्मी ने महिला से 20 हजार रुपए की ठगी की। पुलिस ने आरोपी फर्जी पुलिस कर्मी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान संदीप भाटी हुई है। ये लोगों को पुलिस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। जब कोई पैसा मांगता तो उस पर रौब और अन्य मामलों में फंसाने की धमकी देता था। पुलिस ने आरोपी फर्जी पुलिस कर्मी को पुलिस वर्दी में थाना सेक्टर-49 क्षेत्र से गिरफ्तार किया। बरौला गांव के यामाहा विहार निवासी सुमनलता ने बताया कि इसी साल फरवरी में इंस्टाग्राम पर उसकी बातचीत मेरठ के संदीप भाटी से हुई। संदीप में अपनी आईडी पर जो तस्वीर डाली थी उसमें उसने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। सुमनलता ने जब संदीप से बात की तो उसने कहा कि वह यूपी पुलिस में है और होमगार्ड की भर्ती निकली है। अगर वह कुछ पैसे दे तो वो वह उसकी नौकरी होमगार्ड के पद पर लगवा देगा। ऊपर के अधिकारियों से उसने बात कर ली है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने फोन नंबर को सर्विलांस पर लगाया। जांच और मुखबीर तंत्र को एक्टिव किया। जिसके बाद आरोपी संदीप भाटी को गिरफ्तार किया। जिस समय इसकी गिरफ्तारी की गई वो पुलिस वर्दी में था।

सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को दिया जबाव : डॉ. के लक्ष्मण

खोड़ा, 9 मई (देशबन्धु)। कायर आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में हमारी माताओं बहनों और बेटियों का सिंदूर उजाड़ दिया गया। इस हमले का जवाब मोदी सरकार के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर दिया। जिससे पूरा पाकिस्तान दहल गया। इस सफलता का जश्न पूरे देश में मनाया जा रहा है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने के उपरांत विकास के पथ पर अग्रसित हो रहा है। युवाओं को शिक्षा से जोड़कर रोजगार दिया जा रहा है। बेरोजगारी और भूखमरी समाप्त हो रही है। ये बाते नरेंद्र कश्यप राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने गुरुवार को खोड़ा के अनिल विहार स्थित एस एस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जातिगत जनगणना संगोष्ठी में कही। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत की गई। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र यादव राष्ट्रीय मीडिया सदस्य ओबीसी मोर्चा भाजपा ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जातिगत जनगणना का निर्णय समाज के शोषित वंचित और पिछड़े वर्गों के लिए लाभकारी और ऐतिहासिक होगा। इससे वे अधिक शक्तिशाली और विकास में उन्हें संबल मिलेगा। पहले ओबीसी और पिछड़ी जातियों की जनगणना सही से नहीं हो पाती थी। अब सरकार और एजेंसियों के द्वारा सभी आंकड़े जुटाए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों से राजनीति का यह बड़ा मुद्दा छीन लिया। पिछड़ी जातियों की सटीक जानकारी होने पर उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। लेकिन भाजपा पार्टी इसे पूरे देश के लोगों को बताएगी। जातिगत जनगणना के लागू होने बाद देश में सभी जातियों के सटीक आंकड़े मिलने पर सभी पिछड़ी जातियों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का समानांतर अवसर मिलेगा। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र यादव, राष्ट्रीय मीडिया सदस्य ओबीसी मोर्चा रविन्द्र यादव, सभासद संजीव गिरी, अशोक सिंह, डॉ. सतीश गुप्ता, हरेंद्र सिंह चौधरी, संजय मिश्र, घनश्याम तिवारी, राजेंद्र सिंह, जयकरण यादव, अवधेश यादव, विपुल सिंह, गोपी कश्यप, संदीप सिंह, मनीष सिंह, कविता चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतू राय सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

राज्य वस्तु व सेवा कर विभाग ने उद्यमियों के साथ मिलकर चलाया जागरूकता अभियान

नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। अपर आयुक्त राज्य कर जिला गौतमबुद्धनगर संदीप भागिया के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के सेक्टर-10 स्थित कार्यालय के सभागार में एसजीएसटी विभाग के खण्ड 7 के उपायुक्त कृपाल अग्निहोत्री एवं एसजीएसटी खण्ड 7 की सहायक आयुक्त अनुज्ञा मिश्र ने उद्योगपतियों की संस्था एम एस एम ई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के दर्जनों उद्यमी सदस्यों के साथ मीटिंग की। इसमें पंजीकृत उद्यमी एवं व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे निल रिटर्न व रिटर्न भरने में किए जा रहे विलंब, खरीद कीमत से कम कीमत में माल की बिक्री दर्शाए जाने, बहुत कम टर्नओवर दर्शाने जैसे मुद्दों को उजागर किया गया। उपस्थित उद्यमियों व्यापारियों को निवेदन किया कि ऐसे पंजीकृत उद्यमियों व्यापारियों जो अनियमितता, कर जमा देने में विलम्ब, कर चोरी आदि किए जाने वाले कार्यों को रोकने के लिए सन्देश पहुंचाने का काम करे ताकि विभाग द्वारा उनके खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई से बचा जा सके। उपायुक्त कृपाल अग्निहोत्री ने सभी मुद्दों पर विस्तार से बताते हुए बकायदा विभाग द्वारा उपरोक्त अनियमितता, कर जमा देने में विलंब एवं चोरी आदि गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई किए जाने के संकेत दिए। एमएसएमई संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने कहा कि उद्योग एवं व्यापार में कोई ऐसा काम न करे जिसमें सरकारी राजस्व की चोरी होती हो। राजस्व जमा देने में विलम्ब न करे। ऐसा करने से अर्थ दण्ड, ब्याज एवं व्यापार में अनेक बाधाएं उत्पन्न होती रहेगी। नाहटा ने विभाग के ऐसी मीटिंग करने के लिए धन्यवाद देते हुए उनसे ऐसे उद्यमियों व्यापारियों की सूची मांगी ताकि उनकी परेशानियों को समझ कर उनकी मदद या सही रास्ता भी दिखाया जा सके।

शिकायतकर्ता का संतुष्ट होना अधिकारियों की बना प्राथमिकता

- **शिकायतों के निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता का फीडबैक लेना अनिवार्य : अपर नगर आयुक्त**

गाजियाबाद, 9 मई (देशबन्धु)। नगर निगम जन समस्याओं के समाधान को लेकर रफ्तार से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पर भी प्राप्त शिकायतो तथा संदर्भों के लिए विभागों द्वारा जोरो से कार्य किया जा रहा है, आइजीआरएस प्रभारी अरुण कुमार यादव के ने सभी विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण पर किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है, मई माह के 10 दिनों में 413 संदर्भ एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के द्वारा प्राप्त हुई है। जिनमें से लगभग सभी शिकायतों पर विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिसमें से 100 शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निवारण किया जा चुका है बाकी शिकायतों पर तेजी से कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि प्राप्त शिकायतों का समाधान गुणवत्ता पूर्वक हो इसकी मॉनिटरिंग लगातार विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है प्रतिदिन प्राप्त संदर्भों पर शिकायतकर्ता से सीधा संपर्क करते हुए समाधान करने की प्रक्रिया को अपनाया जा रहा है, प्रतिदिन 70 से 80 संदर्भ आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं, सबसे अधिक शिकायतें आईजीआरएस के माध्यम से जलकल विभाग की प्राप्त हो रही है जिसका जलकल विभाग द्वारा निस्तारण करने का कार्य किया जा रहा है, आईजीआरएस के माध्यम से विजयनगर ज़ोन की सबसे कम शिकायत प्राप्त होती है, अरुण कुमार यादव द्वारा यह भी बताया गया की शिकायतों के निस्तारण करने के लिए समस्त विभागीय अधिकारियों को भी सीधा शिकायतकर्ता से वार्ता करने की निर्देश दिए हुए हैं जिसके क्रम में सभी विभागों के अधिकारी सीधा शिकायतकर्ताओं से समन्वय करते हुए समस्या का समाधान करने में जुटे हुए हैं।

इन्दिरापुरम में अवैध निर्माण पर चला जीडीए का बुलडोजर

गाजियाबाद, 9 मई (देशबन्धु)। प्रभारी प्रवर्तन जोन 6 आलोक रंजन के नेतृत्व में शुक्रवार को जीडीए का बुलडोजर चला।

जीडीए के प्रवर्तन दल ने ओम प्रकाश त्यागी, राम प्रकाश त्यागी, योगेश व सुशील कुमार त्यागी द्वारा भूखण्ड संख्या-109, ज्ञानखण्ड-1, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद पर लगभग 414.54 वर्गमीटर के भूखण्ड पर बेसमेन्ट + स्टिल्ट 4 स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेटबैक्स आच्छादित करते हुए बेसमेन्ट की खुदाई कर दीवारों में सरिये खड़े कर कंक्रीटिंग का कार्य किया गया था। भूखंड के निर्माणकर्ता द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान निर्माणकर्ता तथा जनसामान्य द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा उन्हें नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गयी तथा प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-6 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन 6 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सम्पन्न की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

हिंडन नदी का होगा पुर्नरूद्धार, जिलाधिकारी ने मांगी अतिक्रमण की जानकारी

- **नालों की हो ऑनलाइन मैपिंग व जलकुंभी हटाने के लिए बने प्लान : दीपक मीणा**

गाजियाबाद, 9 मई (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शुक्रवार को सम्बंधित विभागों के साथ हिंडन नदी के पुर्नरूद्धार मत्थापच्ची की। उन्होंने संबंधित विभागों से जहां हिंडेन पर किए गए अतिक्रमण की सूची तैयार करने को कहा वही नालो की ऑनलाइन मैपिंग और जलकुंबे हटाने के लिए प्लेन बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने 10 दिन के अंदर सभी उद्योगों के एसपी की जानकारी भी मांगी है।

विकास भवन के सभागार में आयोजित इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित विभागों को पीपीटी के माध्यम से हिण्डन पुर्नद्धार के लिए उनके कार्य एवं दायित्वों को बताया। जिलाधिकारी ने जलकल विभाग (शहरी) द्वारा बनाए गए एसटीपी एवं नालों के नक्शों को देखते हुये विभागों को निर्देशित किया गया कि नालों की मैपिंग को ऑनलाइन बनाना शुरू करें ताकि उनकी लेयरिंग करते समय प्रत्येक डाटा एक जगह पर एकत्रित हो सके। इसके लिए एक बेसिक नेटवर्क तैयार किया जाए जिसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद, नगर निगम, गाजियाबाद, सिंचाई विभाग, जीडीए, समस्त नगर निकाय, अपने डेटा के लेयरिंग को तय कर सके।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया 10 दिनों के अन्दर औद्योगिक इकाइयों के ईटीपी की समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जाना सुनिश्चित करें। हिण्डन बेसिन में अतिक्रमण को लेकर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि हिण्डन के ऊपर अतिक्रमण की सूची तैयार की जाए और उसे प्रत्येक तीन माह में अपडेट किया जाए। साथ ही किस जगह कितनी नदी दर्ज है। उसकी एक सूची एवं नक्शा सिंचाई विभाग के साथ मिलकर तैयार करे। साथ ही उप जिलाधिकारी, सदर, उप जिलाधिकारी, मोदीनगर को निर्देशित किया गया कि 10 दिनों के अन्दर हिंडन नदी के बेसिन में जिन जगह पर अतिक्रमण है एवं जिन पर अतिक्रमण नहीं है ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करे ताकि विभागों एवं पर्यावरण विदों की टीम द्वारा उस पर सर्वे कर उन पर वृक्षारोपण किया जा सके। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि हिंडन में तैर रहे जलकुंभी एवं अन्य अपशिष्ट को निकालने के लिए प्लान तैयार करे। मुख्य अभियन्ता नगर निगम एनके चौधरी ने जिलाधिकारी के समक्ष छठ घाट पर रिवर फ्रंट डवलपमेन्ट हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसे सिंचाई विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मानको के अनुरूप रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया।

खण्ड विकास अधिकारी, मुरादनगर, लोनी एवं रजापुर को निर्देशित किया गया कि हिंडन के किनारे स्थित ग्रामों में नालों को चिन्हित करे एवं सुनिश्चित करे कि किसी तरीके का अपशिष्ट हिण्डन नदी मे न जाये। जल संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में भी जल संरक्षण हेतु कार्यक्रम कराना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में मुख्य रूप से अरूण यादव अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता जीडीए मानवेन्द्र सिंह, मुख्य अभियन्ता नगर निगम, एनके चौधरी यूपीसीडा, आवास विकास, सिंचाई विभाग, विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी व एजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रशासन ने जारी किए युद्ध के दौरान हाई-राइज अपार्टमेंट निवासियों, गार्ड्स व स्टाफ के लिए सुरक्षा सुझाव

- **खिड़की रहित सुरक्षित कमरा चुने,बाथरूम को बना सकते हैं शरणस्थली**

गाजियाबाद, 9 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन में युद्ध के दौरान हाई रेंज अपार्टमेंट एस के निवासियों गार्डन ऑन तथा मेंटेनेंस स्टाफ के लिए गाइडलाइन जारी की है इसमें कहा गया है कि इस दौरान लोगों को सुरक्षित खिड़की रहित कैमरा शरण स्थल बनाने चाहिए और आपातकालीन किट भी तैयार रखनी चाहिए। अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह ने इस संबंध में एक बयान जारी किया है इसमें इन बिंदुओं पर जोर दिया गया है।

- ❖ **सुरक्षित कमरा चुनें :** खिड़की-रहित कमरा (जैसे बाथरूम) को शरणस्थल बनाएं।
- ❖ **आपातकालीन किट तैयार रखें :** पानी, ड्राई फूड, दवाइयां, टॉर्च, दस्तावेज, पावर बैंक रखें।
- ❖ **निकासी मार्ग जानें :** दो वैकल्पिक रास्तों की जानकारी रखें।
- ❖ **सीढ़ियां उपयोग करें :** लिफ्ट से बचें, बिजली बंद हो सकती है।
- ❖ **सरकारी निर्देशों का पालन करें :** केवल प्रशासन की मंजूरी पर ही बाहर निकलें।
- ❖ **मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** खासकर बच्चों और बुजुर्गों का।

गार्ड्स और मैंटेनेंस स्टाफ के लिए

- ❖ **मुख्य द्वार की सख्त निगरानी करें :** अज्ञात व्यक्तियों को परिसर में प्रवेश न दें।
- ❖ **सीसीटीवी और इंटरकॉम सतर्क रखें :** किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।
- ❖ **गैस, पानी, बिजली की निगरानी करें :** जरूरत पर तुरंत बंद करने की तैयारी रखें।
- ❖ **आपात टीम से समन्वय बनाएं :** एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय प्रशासन से संपर्क में रहें।
- ❖ **बुजुर्ग/बच्चों की मदद करें :** सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में सहयोग करें।
- ❖ **ड्रिल और प्रशिक्षण लें :** फायर एक्सटिंग्विशर, प्राथमिक उपचार, इवैक्यूएशन आदि की जानकारी रखें।

अफवाहों से बचें, केवल सरकारी स्रोतों से प्राप्त सूचना को ही सही माने

गंभीर सिंह ने बताया कि गृहमंत्री ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे किसी भी स्थिति से निपटने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एस डी आर एफ), नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस), होम गार्ड्स, एनसीसी आदि को सतर्क रखें। इनसे एवं जिले की संबंधित ऑथोरिटी के निर्देशों पर नजर रखें। साथ ही अधिकृत जानकारी मिलने पर उसे ग्रुप में भी पोस्ट करें।

उवाच “

सभी लोग अपनी-अपनी सोसाइटियों में लिफ्ट के विद्युत कनेक्शन को इस प्रकार पृथक कर ले कि जब ब्लैक आउट के दौरान विद्युत आपूर्ति रोकी जाए तो लिफ्ट चालू रहे, ताकि ब्लैक आउट के दौरान कोई भी व्यक्ति लिफ्ट में न फंसे : **राजीव नारायण मिश्र, जॉइंट पुलिस कमिश्नर**

बिरौंडा के 30 किसानों को मिले आबादी भूखंड

- जेवर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष व एसीईओ रहे मौजूद
- लंबे अर्से से आबादी भूखंड का इंतजार कर रहे थे किसान

ग्रेटर नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के बिरौंडा गांव के 30 किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड मिल गया है। शुक्रवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा और प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने किसानों को आवंटन पत्र प्रदान किए। पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए ड्रा प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी कराई गई।

दरअसल, बिरौंडा गांव के किसानों की जमीन का अधिग्रहण करने के बाद से लंबे अर्से से छह फीसदी आवासीय भूखंड लंबित थे। इन किसानों ने भूखंड पाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से भी गुहार लगाई थी। सीईओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आबादी भूखंड शीघ्र देने के निर्देश दिए। नियोजन विभाग से इन भूखंडों को नियोजित करने के तुरंत बाद छह फीसदी आबादी भूखंड विभाग की तरफ से शुक्रवार को किसानों को आवंटन पत्र जारी कर दिए गए। विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पारदर्शी प्रक्रिया की सहराना की। भूखंड पाने वाले किसानों ने खुशी जताते हुए प्राधिकरण के प्रति आभार जताया।

प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि इन सभी किसानों को आवंटन पत्र जल्द जारी कर दिए जाएंगे। उसके बाद इन किसानों से तय समय सीमा में लीज डीड की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इस दौरान प्रबंधक प्रमोद, संदीप रावल आदि मौजूद रहे।

एयरपोर्ट के पास 66 इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को मिलेंगे भूखंड

- यमुना सिटी में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर के जरिए रोजगार व निवेश को मिलेगा बढ़ावा
- 150 से अधिक होंगे फ्लैटेड फैक्ट्री

ग्रेटर नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। यमुना सिटी के ईएमसी-2 (इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर-2) में 66 इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को अलग-अलग भूखंड आवंटित किया जाएगा। जबकि यहां बनने वाली दो फ्लैटेड फैक्ट्री में 150 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को कॉम्प्लेक्स में स्थान मिलेगा। फ्लैटेड फैक्ट्री मॉडल का उद्देश्य छोटे व मझौले उद्योगों को कम लागत में आधुनिक उत्पादन सुविधाएं देना है। इससे निवेशकों को बिजली, पानी, परिवहन और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। यह मॉडल स्टार्टअप और एमएसएमई यूनिट्स के लिए भी बेहद लाभकारी माना जा रहा है।

दरअसल, केंद्र सरकार ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-10 में 206 एकड़ में फैले इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) की स्थापना को मंजूरी दी है।

इस परियोजना की एंकर यूनिट लगाने वाले हैवेल्स इंडिया लिमिटेड को अत्याधुनिक संयंत्र लगाने के लिए 50 एकड़ भूमि का आशय पत्र जारी कर दिया गया है। यीडा द्वारा कुल 66 औद्योगिक प्लॉट और एक 16 एकड़ का फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स भी विकसित किया जाएगा, जिसमें 176 रेडी-टू-मूव-इन यूनिट्स तैयार की जाएंगी, जो स्टार्टअप्स और छोटी कंपनियों के लिए होंगी। इस परियोजना को केंद्र सरकार की ईएमसी-2 योजना के तहत विकसित किया जाएगा, जिसमें एजेंसियों को वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है।

इसके लिए केंद्र सरकार 144 करोड़ रुपये की राशि केंद्र से स्वीकृत है और यमुना प्राधिकरण 340 करोड़ से अधिक की लागत वहन करेगा। इसमें सड़कें, बिजली, जल आपूर्ति और अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

हैवेल्स ही देगी एक हजार नए रोजगार

हैवेल्स की ओर से दिए गए मास्टर प्लान के अनुसार यमुना सिटी में स्थापित होने वाली इकाई में घरेलू उपकरणों जैसे पंखे, एयर कंडीशनर, कूलर, लाइटिंग उत्पाद, स्विचगियर और केबल आदि के निर्माण पर केंद्रित होगा। हवेल्स इस परियोजना में 800 करोड़ का निवेश करेगी और प्रथम चरण में ही 1,000 से अधिक रोजगार मिलेगा।

छात्रों ने धरती मां को स्वच्छ बनाने की ली शपथ

- मातृ दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेनो प्राधिकरण में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित
- लाल, नीला व हरे रंग की डस्टबिन रखने व कूड़े को सेग्रिगेट करने पर जोर

ग्रेटर नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। मातृ दिवस और टेक्नोलॉजी दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के साथ ही स्वच्छता से जुड़ी पांच संस्थाओं और गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज व सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज के 140 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इन बच्चों के साथ उनकी माताएं भी आईं। इस कार्यक्रम में बच्चों को अपनी मां की देखभाल व सुरक्षा की सीख दी गई। साथ ही धरती मां को भी हरा-भरा व स्वच्छ बनाने की जानकारी दी गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में ओएसडी अभिषेक पाठक, वरिष्ठ प्रबंधक चरण सिंह, सन्नी यादव व नरोत्तम सिंह और मैनेजर दिव्या चौधरी, विवेक किशोर और लव शंकर भारती भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ब्लू प्लेनेट इनवायरो, एचसीएल फाउंडेशन, सेंटर फॉर इनवायर्नमेंट एजुकेशन, फीडबैक फाउंडेशन और इंडियन पोल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अलग-अलग ऐक्टिविटी के जरिए छात्रों को जागरूक किया। सभी संस्थाओं ने कूड़े को घरों के स्तर पर ही सेग्रिगेट करने की सीख दी। इसके लिए तीन डस्टबिन (लाल, नीला और हरा) रखने की अपील की गई। छात्रों को बताया गया कि कूड़े के हिसाब से कूड़ा चार प्रकार का होता है। पहला, गीला कूड़ा या घरेलू कूड़ा, जिसे हरे रंग के डस्टबिन में डालें। दूसरा, सूखा कूड़ा, जिसके लिए नीले रंग का डस्टबिन, तीसरा बायोमेडिकल वेस्ट, जिसके लिए लाल रंग का डस्टबिन और चौथा हेजाड्र्स वेस्ट, जिसके लिए काले रंग का डस्टबिन होता है। इन एक्सपर्ट ने छात्रों को बताया कि कौन सा कूड़ा किस श्रेणी में आएगा और उसके हिसाब से डस्टबिन चुनने की सीख दी। जंबल वड्र्स, क्विज गेम्स, कहानी, चित्रों और लघु फिल्मों के जरिए बच्चों को साफ-सफाई और वेस्ट सेग्रिगेशन के लिए प्रेरित किया गया। घरों से निकलने वाले कूड़े को सेग्रिगेट करने के लिए छात्रों को शपथ भी दिलाई गई। सिंगल यूज प्लॉस्टिक के पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन के मौके पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह और ओएसडी अभिषेक पाठक ने गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य प्रियांक अग्रवाल और सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज की उप प्रधानाचार्या प्रीति फोगाट को पौधे देकर सम्मानित भी किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने ग्रेटर नोएडावासियों से कूड़े को सेग्रिगेट कर कूड़े के उचित प्रबंधन और शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की है।

सीवर लाइन में बने गैस से बाथरुम में ब्लास्ट की जांच की मांग को लेकर प्राधिकरण को ज्ञापन

ग्रेटर नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-36 में मीथेन गैस के द्वारा कमबोरड (लैट्रिंग सीट) में हुए ब्लास्ट की जांच के संबंध में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक को बीकेयू संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया। पिछले 3 मई को मकान संख्या सी 364 सैक्टर 36 ग्रेटर नोएडा में आशु नागर वॉशरूम में फ्रेश होने के लिए गया था। कमोड पर बैठने के बाद जब फ्लैश को दबाया, तभी कमोड में जोरदार ब्लास्ट होने के साथ साथ आग लगने के कारण आशु पुत्र सुनील प्रधान बुरी तरह झुलस गया। आशु को उपचार हेतु ग्रेटर नोएडा कासना में स्थित जिम्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। डाक्टर ने जलने का कारण गैस को बताया। जिम्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर ब्रिगेडियर डॉ. राकेश गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. मोहित माथुर एवं उनकी टीम बहुत अच्छे से इलाज चल रहा है। पवन खटाना ने बताया आग लगने के संबंध में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया। न ही आज तक आशु के परिजनों से संपर्क किया गया। न ही इस ब्लास्ट व आग लगने का कारण की जांच की गई। अत: आपसे निवेदन है इस प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई करने का कष्ट करें। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 14 मई बुधवार को धरना प्रदर्शन करने का काम करेगी। इस मौके पर रोबिन नागर, हरेंद्र भाटी, सुनील प्रधान, विनोद शर्मा, इंद्रेश, अजीत गैराठी आदि लोग उपस्थित रहे।

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव व आपातकालीन से निपटने के लिए जिला प्रशासन हुआ सक्रिय

- अपवाहों पर न दें ध्यान, भ्रामक जानकारी व्हाट्सऐप या सोशल मीडिया पर न करें सांझा
- ब्लैकआउट, स्कूल बंद, गाइडलाइन के संबंध में आदेश जिला प्रशासन करेगा जारी, फर्जी संदेशों पर न दें ध्यान

ग्रेटर नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। भारत एवं पाकिस्तान के बीच बॉर्डर पर उत्पन्न तनाव को ध्यान में रखते हुए किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस, प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों, स्वास्थ्य, फायर, विद्युत विभाग तथा आरडब्ल्यूए, उद्यमी संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में हम सबको बिना पैनिक हुए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। उन्होंने आरडब्ल्यूए एवं उद्यमी संगठन के पदाधिकारियों से कहा कि हमें किसी भी भ्रामक संदेश या अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है, यदि कोई भी भ्रामक संदेश प्राप्त होता है तो उसकी सक्षम स्तर से पुष्टि कर ली जाए, क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा ब्लैकआउट, स्कूलों के बंद करने या अन्य कोई भी जानकारी हेतु आदेश जारी किए जाएंगे। जब तक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया कोई भी आदेश किसी भी संबंध में प्राप्त न हो, जब तक कोई भी भ्रामक संदेश सोशल मीडिया पर वायरल न करें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर अगर कोई गाइडलाइन जारी होगी तो वह आधिकारिक तौर पर की जाएगी, किसी भी तरह की अफवाह या गलतफहमी का शिकार नहीं होना है। साथ ही सोशल मीडिया एवं व्हाट्सऐप ग्रुपों पर विवादित भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर भी निगरानी की जा रही है, ऐसा करने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरफ, सीआई एसएफ, सीआरपीएफ, फायर एवं विद्युत विभाग द्वारा भी अपनी अपनी तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की सुविधा हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना व टोल फ्री नंबर जारी किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति उससे संपर्क करके भ्रामक संदेश या अफवाह की पुष्टि कर सके। जॉइंट पुलिस कमिश्नर राजीव नारायण मिश्र ने बैठक में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से कहा कि सभी लोग अपनी-अपनी सोसाइटियों में लिफ्ट के विद्युत कनेक्शन को इस प्रकार पृथक कर ले कि जब ब्लैक आउट के दौरान विद्युत आपूर्ति रोकी जाए तो लिफ्ट चालू रहे, ताकि ब्लैक आउट के दौरान कोई भी व्यक्ति लिफ्ट में न फंसे। साथ ही कहा कि सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को सेंसटाइज किया जाए कि यदि उनको कहीं पर भी कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नजर आती है तो उसकी जानकारी तत्काल संबंधित पुलिस थाने को कराये। उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि यदि उनको कहीं पर भी पुलिस फोर्स या आर्मी की कोई भी मुमेंट नजर आती है तो उसकी वीडियो बनाकर उसको सोशल मीडिया पर वायरल न करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी, नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्रा, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, एआरटीओ सियाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप-जिलाधिकारी सदर सदर परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या/22/एस0टी0-एस0डी0एम0/12 दिनांक 27.03.2012 मृतक श्री राज सिंह पुत्र स्व0 श्री होतीलाल नि0 ग्राम भट्टा की मृत्यु दिनांक 27.01.2011 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है:-

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम व पता	वारिसानों का नाम	मृतक से सम्बन्ध	आयु लगभग	विशेष
भट्टा	659	स्व0 श्री राज सिंह पुत्र स्व0 श्री होतीलाल नि0 ग्राम भट्टा तहसील सदर जिला गौतमबुद्धगर	श्री नानक	पुत्र	55 वर्ष	
			श्री रामवीर	पुत्र	42 वर्ष	
			श्री महावीर	पुत्र	38 वर्ष	
			श्रीमती मालवती	पुत्री	52 वर्ष	विवाहित
			श्रीमती सन्तोष	पुत्री	50 वर्ष	विवाहित
			श्रीमती हमवीरी	पुत्री	48 वर्ष	विवाहित
			श्रीमती सुमन	पुत्री	35 वर्ष	विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मूंजखेड़ा में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र सं0- 776/एस0टी0 एस0डी0एम0/2017 दिनांक 12.09.2024 में मृतक कमल सिंह पुत्र श्री शिवदयाल नि0 ग्राम बल्लूखेडा माजरा मूंजखेडा परगना दनकौर तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है:-

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक / मूल काश्तकार से	आयु लगभग
मूंजखेडा	727	श्री कमल सिंह पुत्र श्री शिवदयाल नि0 ग्राम बल्लूखेडा माजरा मूंजखेडा परगना दनकौर तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर	श्रीमती अनोखी	पत्नी	70
			ब्रजभान	पुत्र	38
			अमन	पुत्र	34
			विजयपाल	पुत्र	33
			श्रीमती मन्जु देवी	पुत्री विवाहित	39
			श्रीमती निशा	पुत्री विवाहित	26

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप-जिलाधिकारी सदर सदर परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या /1356/एस0टी0-एस0डी0एम0/2019 दिनांक 14.05.2019 मृतक श्रीमती सुखवीरी पत्नी श्री जयवीर सिंह नि0 ग्राम पारसौल 02.01.2018 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है:-

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम व पता	वारिसानों का नाम	मृतक से सम्बन्ध	आयु लगभग	विशेष
भट्टा	769 ख 769 क 770 ख	श्रीमती सुखवीरी पत्नी श्री जयवीर सिंह नि0 ग्राम पारसौल तहसील सदर जिला गौतमबुद्धगर	श्री जयवीर सिंह	पति	66 वर्ष	
			श्री ज्ञानेन्द्र सिंह	पुत्र	38 वर्ष	
			श्री यतेन्द्र सिंह मलिक	पुत्र	32 वर्ष	
			श्रीमती लौकेश	पुत्री	34 वर्ष	विवाहित
			श्रीमती बबीता	पुत्री	45 वर्ष	विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 532 एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 21.06.2024 जारी किया गया है जिसके अनुसार स्व0 धर्मवती पत्नी स्व0 हरचंद व हरचंद पुत्र स्व0 शिव नारायण नि0 ग्राम दल्लूपुरा नलगढा, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 18.10.2023 व 28.08.2005 को हो चुकी है जिनमें मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है:-

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	आयु लगभग वर्षों में	मृतक से संबंध
धनौरी	09	स्व0 धर्मवती पत्नी स्व0 हरचंद व स्व0 हरचंद पुत्र स्व0 शिव नारायण नि0 ग्राम दल्लूपुरा नलगढा, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर	श्रीमती राजकली	58	पुत्री (विवाहित)
			श्रीमती बाला देवी	54	पुत्री (विवाहित)
			श्रीमती राकेश	49	पुत्री (विवाहित)
			श्रीमती नगेश	44	पुत्री (विवाहित)
			श्रीमती वीनेश	43	पुत्री (विवाहित)
			श्री करमवीर	42	पुत्र
			श्री कमल	41	पुत्र

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

उद्योग आधारित प्रशिक्षण व कॅरियर विकास के लिए एनआईईटी में केन्द्र की होगी स्थापना

- एनआईईटी, ग्रेटर नोएडा द्वारा क्लाउड एनालॉजी के साथ साझेदारी ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

ग्रेटर नोएडा, 9 मई (देशबन्धु)। नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एनआईईटी), ग्रेटर नोएडा ने क्लाउड एनालॉजी के साथ एक साझेदारी ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसके अंतर्गत संस्थान में सेल्सफोर्स उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को सेल्सफोर्स संचालन और विकास में दक्ष बनाना, उन्हें व्यवसायिक अनुभव प्रदान करना तथा व्यापक नियुक्ति सहायता उपलब्ध कराना है। यह पहल शैक्षणिक अध्ययन को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं से जोड़ती है, जिससे विद्यार्थी एक अग्रणी ग्राहक प्रबंधन प्रणाली के साथ प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। इस साझेदारी ज्ञापन के अंतर्गत विद्यार्थियों को वास्तविक परियोजनाओं, मामला अध्ययन, तथा विशेषज्ञों द्वारा संचालित कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डॉ. विनोद एम. कापसे, निदेशक, एनआईईटी ने इस अवसर पर कहा कि यह साझेदारी हमारे विद्यार्थियों की तकनीकी योग्यता एवं रोजगार अवसरों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्लाउड एनालॉजी के साथ मिलकर उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा और वे वर्तमान तकनीकी प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। एनआईईटी में स्थापित यह उत्कृष्टता केंद्र नवाचार, कौशल विकास और करियर निर्माण का एक प्रमुख मंच होगा। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्राप्त होंगे सेल्सफोर्स संचालन एवं विकास में उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण, उद्योग की मांगों के अनुरूप पाठ्यक्रम, जो अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा निर्मित है। जीवंत परियोजनाओं और मामला अध्ययन के माध्यम से व्यवहारिक अनुभव। नियुक्ति सहायता एवं उद्योग विशेषज्ञों द्वारा करियर मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 5079, 5th Floor. Tower-J, GC-14/14th Avenue, Area-120.77 Sqm., Greater Noida जो कि Sh. Gaurav Kumar निवासी- Flat No. 5079, 5th Floor. Tower-J, GC-14/14th Avenue, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-16.07.2021 को पंजीकृत है। Sh. Gaurav Kumar की मृत्यु के उपरान्त पत्नी / पुत्र Mrs. Priya Kumari & Advit Goliyan (Minor 3 Years) ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अत: इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Priya Kumari W/o Late Sh. Sh. Gaurav Kumar & Advit Goliyan (Minor 3 Years) S/o Late Sh. Sh. Gaurav Kumar, Through Under Guardiam (Mother Mrs. Priya Kumari) का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-3-0-602, 6th Floor, सैक्टर-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल 172.86 वर्ग मीटर, Col. (Retd.) Ajay Rajsingh Panwar S/o Shri Pratap Singh Panwar के पक्ष में आवंटित /पंजीकृत है। आवंटी Col. (Retd.) Ajay Rajsingh Panwar की मृत्यु दिनांक 23.08.2024 को हो जाने के उपरान्त वसीयत के आधार पर उनके स्थान पर उनकी पुत्री ने अपने नाम Mrs. Parul Deshpande D/o Mr. Ajay Raj Singh Panwar ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Col. (Retd.) Ajay Rajsingh Panwar के स्थान पर वसीयत के आधार पर उनकी पुत्री ने अपने नाम Mrs. Parul Deshpande D/o Mr. Ajay Raj Singh Panwar दर्ज करने का अनुरोध किया है।

विशेष कार्याधिकारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / सैक्टर-पल्ला की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-पी.ए.एल.0123, भूखण्ड संख्या-6, क्षेत्रफल-650 वर्ग मीटर को आवंटित श्रीमती बुद्धो पत्नी श्री छंगा सिंह, निवासी-ग्राम-पल्ला, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 को आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती बुद्धो पत्नी श्री छंगा सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री उमेद सिंह, रविन्दर सिंह, बिन्दर पुत्रगण स्व0 श्री छंगा, श्रीमती शीला देवी (विवाहित), श्रीमती उर्मिला (विवाहित), श्रीमती सुनीता देवी (विवाहित), श्रीमती कमलेश (विवाहित) पुत्रीगण स्व0 श्री छंगा, निवासी-ग्राम-पल्ला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री उमेद सिंह, रविन्दर सिंह, बिन्दर पुत्रगण स्व0 श्री छंगा, निवासी-ग्राम-पल्ला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अत: इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री उमेद सिंह, रविन्दर सिंह, बिन्दर पुत्रगण स्व0 श्री छंगा, निवासी-ग्राम-पल्ला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-पल्ला की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-पी.ए.एल.018, भूखण्ड संख्या-5, क्षेत्रफल-650 वर्ग मीटर को आवंटित श्रीमती बुद्धो पत्नी श्री छंगा, निवासी-ग्राम-पल्ला, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 को आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती बुद्धो पत्नी श्री छंगा की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री उमेद सिंह, रविन्दर सिंह, बिन्दर पुत्रगण श्री छंगा, श्री छंगा पुत्र स्व0 श्री सरूपा, श्रीमती शीला देवी (विवाहित), श्रीमती उर्मिला (विवाहित), श्रीमती सुनीता देवी (विवाहित), श्रीमती कमलेश (विवाहित) पुत्रीगण स्व0 श्री छंगा, निवासी-ग्राम-पल्ला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री उमेद सिंह, रविन्दर सिंह, बिन्दर पुत्रगण श्री छंगा, निवासी-ग्राम-पल्ला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अत: इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री उमेद सिंह, रविन्दर सिंह, बिन्दर पुत्रगण श्री छंगा, निवासी-ग्राम-पल्ला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

अभिमत

कांदाबानी गांव के एक ग्रामीण ने बताया था कि गर्मी शुरू होने पर हम खेत में पेड़ों की छोटी-छोटी टहनियों, पत्ते, घास और छोटी झाडियों को एकत्र कर बिछा देते हैं। फिर उनमें आग लगा दी जाती है। इसी राख की पतली परत पर बीजों को बिखेर दिया जाता है जब बारिश होती है तो पौधे उग आते हैं। जैसे जैसे फसलें पक कर तैयार हो जाती हैं, काटते जाते हैं।

बैगाओं की खेती और उनका खान-पान

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश के डिण्डौरी जिले के बैगा आदिवासी पीढ़ियों से बेंवर खेती करते आ रहे हैं। जंगलों के बीच बसे बैगाओं की अनोखी बेंवर खेती उनकी पहचान है। इससे उन्हें दाल, चावल, रोटी, हरी सब्जियां और फल मिलते हैं। बैगाओं को इससे पौष्टिक संतुलित भोजन मिलता है। हालांकि बेंवर खेती का अब पारंपरिक रूप नहीं है, संशोधित रूप में है। लेकिन इसे देशी बीजों के साथ छोटे स्तर पर पुनर्जीवित किया जा रहा है। आज इस कॉलम में बैगाओं की खेती की चर्चा करना चाहूंगा, जिससे उनकी प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की झलक मिल सके।

मुझे इस इलाके में एक दो बार जाने का मौका मिला है। यह संस्था मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के बीच देशी बीजों की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। देशी बीजों की प्रदर्शनी लगाना, बीजों का आदान.प्रदान करनाए खेती के तौर.तरीके सिखानाए संस्था के काम हैं। हाल ही में नागपुर में बीजोत्सव में संस्था ने बीजों का स्टॉल भी लगाया था।

पिछले साल एक प्रदर्शनी में महुआलाटा, घुईफल का सब्जी, आंवला चटनी, राहर और उड़द बड़ा, डूमर फल की सब्जी, बांस करील की सब्जी, बेलभूंज, चेंच भाजी, पताली चटनी, रमतीला की चटनी, लोरिंग कांदा भूंज, चकोड़ा भाजी, कोदो कुटकी का चीला, गीठ कांदा, भूत कांदा, खिर कांदा, रवि कांदा, रताल कांदा, डुंगची कांदा, सरई पिहरी आदि व्यंजन भी प्रदर्शित किए गए थे।

संस्था ने पौष्टिक अनाजों से कई तरह के पकवान, अचार व लड्डू आदि भी बनाए हैं। महिलाओं का इसका प्रशिक्षण भी दिया है। महुआ के लड्डू और आगे बढ़ने से पहले बैगाओं का संक्षिप्त परिचय देना उचित होगा। बैगा, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह में शामिल हैं। उनके तीज-त्यौहार खेती पर आधारित हैं। जब खेती ठीक से नहीं होती तो वे त्यौहार भी ठीक से नहीं मना पाते। निर्माण वैकल्पिक विकास एवं सहभागी संस्थान व बीज विरासत अभियान के प्रमुख नरेश विश्वास कहते हैं कि अगर बैगाओं की फसल नहीं होती तो वे त्यौहार भी नहीं मना पाते हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से बेंवर व मिश्रित खेती ने उनकी जीवन में बदलाव आ गया है। उनके पास खुद के बीज और खुद का अनाज होने लगा है।

कांदाबानी गांव के एक ग्रामीण ने बताया था कि गर्मी शुरू होने पर हम खेत में पेड़ों की छोटी-छोटी टहनियों, पत्ते, घास और छोटी झाडियों को एकत्र कर बिछा देते हैं। फिर उनमें आग लगा दी जाती है। इसी राख की पतली परत पर बीजों को बिखेर दिया जाता है जब बारिश होती है तो पौधे उग आते हैं। जैसे जैसे फसलें पक कर तैयार हो जाती हैं, काटते जाते हैं।

कोदो, कुटकी, ज्वार, सलहार (बाजरा) मक्का, सांवा, कांग, कुरथी, राहर, उड़द, कुरेली, बरबटी, तिली जैसे अनाज बेंवर खेती में बोये जाते हैं। लौकी, कुमड़ा, खीरा आदि को भी बोया जाता है। कुल मिलाकर, 16 प्रकार के अनाज को बैगा बोते हैं। इन 16 अनाजों की 56 किस्में हैं।

एक जगह पर एक वर्ष में खेती की जाती है। अगले साल दूसरी जगह पर खेती होती है। इस खेती को स्थानांतरित खेती (शिफ्टिंग कल्टीवेशन) कहते हैं। हालांकि इस खेती पर प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन मध्यप्रदेश के बैगाचक इलाके में यह प्रचलन में है। लोग अपने ही खेतों में बेंवर करते हैं। इसका संशोधित रूप मिश्रित खेती को अपना रहे हैं।

बेंवर खेती के प्रचार-प्रसार लगे नरेश विश्वास कहते हैं कि कुछ वर्ष पहले हमने जब यह अभियान शुरू किया था तब लोगों के पास बेंवर के बीज ही खत्म हो गए थे। हमने बीजों के आदान-प्रदान का काम किया जिससे अब बैगा आदिवासियों के बीज उपलब्ध हैं और वे बेंवर खेती कर रहे हैं।

विश्वास कहते हैं कि बेंवर में अधिकांश लोग केवल कुटकी करते थे। उनके पास सलहार नहीं था, बैगा राहर नहीं थी। हमने इसकी तलाश की और फिर बीजों की अदला-बदली की। छत्तीसगढ़ के पहाड़ी कोरवा आदिवासी भी यहां से मड़िया का बीज लेकर गए। कुछ जगह हमने समतल जमीन में भी जुताई से मिश्रित खेती करवाने का प्रयास कर रहे हैं।

यह खेती जैविक, हवा और पानी के अनुकूल और मिश्रित है। यह सुरक्षित खेती भी है कि चूंकि इसमें मिश्रित खेती होती है अगर एक फसल मार खा गई तो दूसरी से इसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें कीट प्रकोप का खतरा भी नही रहता। इसमें रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती।

यह खेती संयुक्त परिवार की तरह है। एक फसल दूसरी की प्रतिस्पर्धी नहीं है बल्कि उनमें सहकार है। एक से दूसरी को मदद मिलती है। मक्के के बड़े पौधे कुलथी को हवा से गिरने से बचाते हैं। फल्लीवाले पौधों के पत्तों नत्रजन मिलती है। ये पौधे अपनी जड़ों के जरिए भूमि से अलग-अलग गहरे से पोषक तत्व लेते हैं। इससे उर्वर षक्ति अधिक होती है।

इन अनाजों में शरीर के लिए जरूरी सभी पोषक तत्व होते हैं। रेशे, लौह तत्व, कैल्शियम, विटामिन, प्रोटीन व अन्य खनिज तत्व मौजूद हैं। चावल व गेहूं के मुकाबले इनमें पौष्टिकता अधिक होती है।

बैगाओं के भोजन में पेज प्रमुख है। पेज एक तरह से सूप की तरह होता है। बैगा पूरे साल भर पेज पीते हैं। पेज कम अनाज में पेट भरने का उपाय भी है। अनाज कम और पानी ज्यादा। अगर पेज बनते समय दो मेहमान भी आ जाए तो उतने ही अनाज में पानी की मात्रा बढा दी जाती है।

जब आदिवासी जंगल जाते हैं तो साथ में पेज भी ले जाते हैं। अगर जंगल में पानी नहीं मिलता तो पेज से काम चला लेते हैं। पेज कई अनाजों से बनता है। मक्का, कोदो, कुटकी आदि से पेज बनाया जाता है। अनाजों को दलिया की तरह कूटकर उसे गरम पानी में उबाला जाता है और नमक डालकर तैयार किया जाता है।

इससे दाल, चावल, पेज (सूप की तरह पेय), दाल, सब्जी सब कुछ मिलता है। खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण सुरक्षा होती है। मवेशियों को चारा मिलता है।

नरेश विश्वास ने कहा कि बैगाओं के पारंपरिक मिश्रित खेती में खाद्य सुरक्षा तो होती है स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ मवेशियों के लिए भरपूर चारा और भूसा उपलब्ध होता है। जलवायु बदलाव के दौर में भी मिश्रित खेती की उपयोगिता और बढ़ गई है, जिसमें प्रतिकूल मौसम को झेलने की क्षमता होती है। श्री विश्वास बैगाओं के पारंपरिक मिश्रित खेती की विविधता को बचाने और उनके इस खेती के अनाजों की उपयोगिता तथा उनके पारंपरिक जंगल आधारित खान-पान के ज्ञान को सहेज कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास में जुटे है।

मौसमी बदलाव के कारण जो समस्याएं और चुनौतियां आएंगी, उनसे निपटने में भी यह खेती कारगर है। कम बारिश, ज्यादा गर्मी, पानी की कमी और कुपोषण बढ़ने जैसी स्थिति में बेंवर खेती सबसे उपयुक्त है। इस खेती पर किताब लिखने वाले नरेश विश्वास का कहना है कि सूखा अकाल में भी बैगाओं के पास कोई न कोई फसल होती है। उनकी खेती बहुत समृद्ध रही है।

इस खेती में मौसमी उतार-चढ़ाव व पारिस्थितिकी हालत को झेलने की क्षमता होती है। इस प्रकार सभी दृष्टियों, खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, जैव विविधता और मौसम बदलाव में उपयोगी और स्वावलंबी है।

नवाचार

यह खेती जैविक, हवा और पानी के अनुकूल और मिश्रित है। यह सुरक्षित खेती भी है कि चूंकि इसमें मिश्रित खेती होती है अगर एक फसल मार खा गई तो दूसरी से इसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें कीट प्रकोप का खतरा भी नही रहता। इसमें रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती। यह खेती संयुक्त परिवार की तरह है। एक फसल दूसरी की प्रतिस्पर्धी नहीं है बल्कि उनमें सहकार है। एक से दूसरी को मदद मिलती है।

बीता सप्ताह

3 मई
- यूपी के गंगा एक्सप्रेस वे पर राफेल जगुआर ने दिखाई ताकत। वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने किया अभ्यास।
- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यूट्यूब एकाउंट भारत में बंद कर दिया गया।
- श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए केदारनाथ धाम के कपाट खुले।
- भारत से बुद्ध के पवित्र अवशेष वियतनाम पहुंचाया गया।

4 मई
- पहलगाम हमले के विरोध स्वरूप भारत ने पाकिस्तान से सभी आयात पर लगाया प्रतिबंध।
- छग के गरियाबंद में 9 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर हुआ।
- गोवा के शिरगांव के लैराई यात्रा में मंदिर में भगदड़ से 7 लोगों की मौत हो गई।
- भारत का पहला ए आई डेटा सेंटर पार्क छग की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर में होगा तैयार।

5 मई
- भारत सरकार ने पहलगाम हमले को लेकर चिनाब नदी का पानी रोका।
- योग गुरू बाबा शिवानंद का 128 साल की उम्र में निधन हो गया।
- श्रद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुले।
- ब्रिटेन की काउंटर रेर यूनिट ने 7 ईरानी नागरिकों को किया गिरफ्तार।

6 मई
- कंधार हाइजेक केस में मौलाना मसूद अजहर के साथ रिहा हुए मुश्ताक अहमद जरगर ने पहलगाम हमला करवाया था इसका खुलासा एनआईए ने किया।
- वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के सी वेणुगोपाल लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष बनाए गए।
- गृह मंत्रालय ने 7 मई को पूरे देश में मॉक ड्रिल कराने का निर्णय लिया।
- कंबोडिया में कैंसर से हर साल 14 हजार लोगों की मौत हो रही है।

7 मई
- ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर पहलगाम का बदला लिया।
- कर्नाटक के पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी को सीबीआई एक विशेष अदालत ने गैर कानूनी खनन मामले को लेकर 7 साल की सजा सनाई।
- भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता।
- 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत 130वें स्थान पर पहुंचा।

8 मई
- भारत ने तबाह किए आतंकियों के 9 ठिकाने।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ पर सुरक्षाबलों ने 26 नक्सली मार गिराए।
- दुर्ग में 5 दशक बाद फिर एक बार गूंजा सायरन, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की गई।
- मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में पांच आईआईटी के विस्तार को मिली मंजूरी।

9 मई
- भारत ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके में करेगुट्टा ऑपरेशन के बीच तेलंगाना के पांच जवान शहीद हुए।
- उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रेश होने से छह लोगों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के सभी पंचायतों में एक साल के भीतर मिलेगी बैंकिंग सुविधा।
- केन्द्रीय रक्षामंत्री ने कहा हमारी सहशनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए, मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

बलूच विद्रोहियों के बढ़ते हमलों सहित अनेक समस्याओं से घिरा पाकिस्तान

■ नित्य चक्रवर्ती

पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना द्वारा मिसाइल हमलों के दो दिन बीत गये हैं, और इस बीच दोनों देशों की सेना ने एक दूसरे पर हमले किये। नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों जगह एक जैसी तैयारियां देखने को मिल रही हैं, जो यह संकेत दे रही हैं कि पाकिस्तान 1999 में कारगिल युद्ध के बाद भारत के साथ एक और सैन्य टकराव के लिए तैयार हो रहा है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार रात को देशव्यापी संबोधन में भारत को चेतावनी दी कि वह अपने शहीदों के खून की एक-एक बूंद का बदला लेंगे। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और दो अन्य प्रमुखों को भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।

पाकिस्तान में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है, जैसा कि 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने स्थिति थी, जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 25 हिंदू पर्यटकों और एक स्थानीय मुस्लिम की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहां राजनीतिक दलों समेत पूरा देश पाकिस्तान सरकार से भारत से बदला लेने का आह्वान कर रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।

इसी तरह पाकिस्तान में भी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का जबरदस्त दबाव है। इमरान खान की पीटीआई समेत सभी राजनीतिक दलों ने उनका समर्थन किया है। सुरक्षा बल अब सैन्य कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं। लेकिन जवाबी कार्रवाई का स्वरूप क्या होगा, यह पाकिस्तान के लिए बड़ी दुविधा बनी हुई है। क्या पाकिस्तान आर्थिक संकट और बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा के एक हिस्से में गंभीर संकट की मौजूदा स्थिति में भारत में पूरी तरह सैन्य कार्रवाई कर सकता है?

भारतीय पक्ष लगातार कहता रहा है कि भारतीय वायुसेना ने उन नौ ठिकानों पर हमले किए, जहां समय-समय पर भारत पर हमले करने वाले आतंकवादी डेरा जमाये रहते हैं। इसका उद्देश्य केवल इन आतंकी शिविरों को नष्ट करना था। भारतीय वायुसेना ने किसी सैन्य स्थल पर हमला नहीं किया। पाकिस्तान इस बात से शायद ही इनकार कर सकता है। वैश्विक स्तर पर यह आम धारणा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, जिनमें से कई समय-समय पर भारत के खिलाफ काम करते हैं। पाकिस्तान यह दावा नहीं कर सकता कि भारत में आतंकी शिविर हैं, जहां वह हमला कर सकता है। इसलिए पाकिस्तान को अगर जवाबी कार्रवाई करनी है, तो उसे भारत में केवल सैन्य या नागरिक स्थलों पर ही हमला करना होगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में गोलाबारी में वृद्धि से पाकिस्तानी लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वे भारत को भारी नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

पिछले दो दिनों में ही विद्रोही बलूच सेना ने पाक सैनिकों पर जवाबी हमला किया और 14 सैनिकों को मार गिराया। पाक सेना को बलूच क्षेत्र में और अफगान सीमा पर भी पर्याप्त सैनिक तैनात करने होंगे, जहां टीटीपी सैनिक सक्रिय हैं। काबुल में तालिबान सरकार पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध नहीं रखती। बल्कि हाल के दिनों में नई दिल्ली के साथ काबुल के संबंध काफी बेहतर हुए हैं। पाकिस्तान उम्मीद कर सकता है कि चीन भारत के साथ सीमा पर नई दिल्ली को शर्मिंदा करने के लिए कुछ तलवारें लहरायेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सकता है, जैसा कि चीनी विदेश नीति के मौजूदा रुझान बताते हैं। चीन संयुक्त राष्ट्र में और बयानों के माध्यम से पाकिस्तान को कुछ सहायता दे सकता है, लेकिन चीन, भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी बड़े पैमाने पर टकराव में सीधे रूप से शामिल नहीं होना चाहेगा।

पहले से ही भारत और पाकिस्तान दोनों ही भारी दबाव में हैं, ताकि आगे कोई तनाव न बढ़े। अमेरिकी अधिकारी लगातार संपर्क में हैं। ईरान के रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान में बातचीत की। वे अभी नई दिल्ली में हैं। सऊदी अरब के मंत्री भी भारत और पाकिस्तान दोनों से बातचीत कर रहे हैं। अब उनके सामने चुनौती है कि वे पाकिस्तान को बड़ी जवाबी कार्रवाई करने से रोकें।

भारत के अनुसार, उसने अपनी सीमित कार्रवाई की है। जब तक पाकिस्तान बड़ी सैन्य कार्रवाई करके जवाबी कार्रवाई नहीं करता, तब तक यह आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर है। उन्हें तय करना है कि वे पाकिस्तान में धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत अति राष्ट्रवाद के दबाव के आगे झुकेंगे या पाकिस्तान के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जवाबी कार्रवाई का रास्ता छोड़कर बातचीत का रास्ता अपनायेंगे।

शहबाज को उनके बड़े भाई पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सलाह दे रहे हैं, जो समझदार हैं। वह अपने छोटे भाई को सलाह दे रहे हैं कि वे जवाबी कार्रवाई करने से पहले सभी विकल्पों पर विचार कर लें। अगर सरकार जवाबी कार्रवाई करने और दक्षिण एशिया में एक और युद्ध को बढ़ावा देने से बचते हैं, तो पाकिस्तान को पश्चिम एशियाई देशों से सहायता में वृद्धि का आश्वासन मिल सकता है। इसी तरह अगर पूर्ण युद्ध होता है, तो आईएमएफ बेलआउट पैकेज अनिश्चित होगा। अगले 48 घंटे बतायेंगे कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और उनके सेना प्रमुख किस राह पर निर्णय लेते हैं?

'चीनी' के जहर के खिलाफ अमेरिका की लड़ाई

■ जगदीश रत्तनानी

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प ब्रिगेड का जंगल राज अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पहले से ही नकारात्मक गिरावट ला रहा है, वहीं 2025 की पहली तिमाही में पर्यटकों के आगमन में नाटकीय रूप से कमी की सूचना दी गई है। उधर एलोन मस्क के चेनसॉ ने अमेरिकी सरकार के कई हिस्सों को प्रभावी ढंग से अपंग कर दिया है क्योंकि अधिकतर विभागों को छोटा या समाप्त कर दिया गया है लेकिन 100 वर्षों में नहीं देखे गए इस तूफान के बीच विवादास्पद अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी, जूनियर ने कुछ अच्छा कर दिखाने की ठानी है। पिछले पखवाड़े केनेडी ने तीन सरल शब्द कहे थे- 'चीनी जहर है'। इसके साथ ही उन्होंने बड़ी खाद्य कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों में शक्कर के उपयोग की जांच करने के लिए अपना एजेंडा निर्धारित किया। स्वास्थ्य सचिव ने कहा- 'अब से चार साल बाद, हम इनमें से अधिकांश उत्पादों को बाजार से बाहर करने जा रहे हैं; या जब आप किराने की दुकान पर जाएंगे तो आपको उनके बारे में पता चल जाएगा।'

यह एक नाटकीय और महत्वपूर्ण परिवर्तन है, पूरी तरह से सकारात्मक और स्पष्ट रूप से सही कदम है लेकिन यह एक 'गलत' व्यक्ति की ओर से उठाया गया है- जो अन्यथा एक साजिश रचने वाला विचारक है, वैज्ञानिक विरोधी मान्यताओं और टीकों के खिलाफ शेखी बघारने के लिए मशहूर है। चिकित्सा एवं अनुसंधान संगठनों का तर्क है कि वह अंततः स्वास्थ्य नतीजों को नुकसान पहुंचाएगा और आबादी के बीच टीके के खिलाफ हिचकिचाहट बढ़ाएगा, जिससे बीमारी से लड़ना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। स्थिति ऐसी है कि स्वास्थ्य के खिलाफ स्वास्थ्य सचिव खड़े हैं। बहरहाल, कैनेडी के पास सोडा और मीठे पैक किए गए उत्पादों को बेचने वाले 'बिग फूड' (और 'बिग फार्मा') कंपनियों के खिलाफ एक बड़ा और सकारात्मक एजेंडा भी है जो अमेरिका में मोटापे और मधुमेह महामारी के लिए जिम्मेदार होने के लिए जाने जाते हैं। वे कहते हैं कि अमेरिका में 38 प्रतिशत बच्चे पहले से ही मधुमेह या प्रीडायबिटिक हैं।



अमेरिका में खाद्य कंपनियों के सामने एक अति आत्मविश्वासी, अति उत्साही प्रशासन के नेतृत्व में एक बड़ी चुनौती खड़ी है जो आसानी से न झुकने वाली शक्तिशाली खाद्य लॉबी को परिवर्तन के लिए बाध्य करने वाली है। उम्मीद है कि यह बदलाव ईमानदार भोजन का एक नया युग लाएगा जिसमें कंपनियों को अधिक बिक्री के लिए चीनी खिलाने के लिए महंगी कीमत चुकानी होगी।

इस बदलाव के कई पहलू हैं, परन्तु उल्लेखनीय बात यह है कि खाद्य पदार्थों में अधिकांश शक्कर की मिलावट या उपयोग दुनिया भर में और बेशक भारत में फैल गया है जिसकी जड़ें अमेरिकी खाद्य डिजाइन, पैकेजिंग और विपणन में हैं।

अगर वैश्वीकरण ने चीन में विनिर्माण नौकरियों और भारत में सॉफ्टवेयर सेवाओं में उछाल लाया, तो वैश्वीकरण ने इन लोगों के लिए चीनी और उच्च फ्रैक्टोज़ कॉर्न सिरप लोडेड सोडा, चिप्स, कपकेक और पैक किए गए भोजन के नाम पर एक गहरा धक्का दिया। दावा है कि यह जीवन शैली में सुविधा दिलाता है लेकिन यह सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य पर टिक टिक करने वाला टाइम बम बन गया है। उल्लेखनीय है कि आरएफ के जूनियर 'भोजन और भोजन जैसे पदार्थों' की बात करते हैं क्योंकि यह तर्क दिया जा सकता है कि पैक किए गए भोजन के रूप में जो कुछ बेचा जाता है वह खाद्यान्न जैसा होता है लेकिन खाद्यान्न बिल्कुल नहीं होता है।

हमने इस अभियान को भारत में बार-बार होते देखा है जहां दिग्गजों के खिलाफ नई जागरूकता और कुछ सक्रियता जड़ पकड़ रही है।

इस बात पर गौर करें- भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के तुरंत बाद एक वैश्विक खाद्य दिग्गज ने नाश्ते के रूप में कॉर्नफ्लेक्स लॉंच किया। उन्होंने कहा कि इसे भारतीयों द्वारा पसंद किया जाना चाहिए। कॉर्नफ्लेक्स के विज्ञापन पर भारतीय बाजार में लाखों डालर खर्च किए गए। प्रोमो में भारतीयों को कुल्चा, समोसे या इडली जैसे पारंपरिक गर्म नाश्ते को अस्वीकार करने और नए लॉन्च पर स्विच करने के लिए आमंत्रित किया जाता था। कॉर्नफ्लेक्स को एक ऐसा विकल्प बताया गया जो उपयोग में आसान, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक नाश्ता है। उसी कंपनी ने जल्द ही अपने नाश्ते के अनाज के कई प्रकार पेश किए, उन्हें आकार, आकर्षक रूप से लाल, नीले और भूरे रंगों में 'फ्रॉस्टी डस्ट' के साथ प्रस्तुत किया गया- सभी में चीनी व रंग थे जो और कुछ भी हो लेकिन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थे। भारतीयों की आदतों को गर्म भारतीय भोजन से बदलकर अस्वास्थ्यकर पैक किए गए उत्पादों में बदलने की मांग पर जोर दिया जा रहा था।

यह उदाहरण कई खाद्य उत्पाद कंपनियों में से एक का है जिसने चीनी, कृत्रिम रंग और अपने उत्पादों में एडिटिव्स के वर्गीकरण (खाद्य में विभिन्न प्रयोजनों के लिए मिलाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पदार्थ शामिल हैं, जिनमें संरक्षण, स्वाद में सुधार, रंग निखारना और बनावट में बदलाव करना शामिल है) को आगे बढ़ाया है। फिर मार्केटिंग पेडल पर दबाव डाला और समय के साथ आम भारतीयों के स्वास्थ्य की कीमत पर व्यवसाय बनाने और बढ़ाने में सफल रहे। इनके लक्षित टारगेट में बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल हैं। देश की सबसे पुरानी परिचालित कंपनियों में से एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ने एक बार जैम को 'ब्रेन फूड' के रूप में पेश करने की कोशिश की और यह तब तक जारी रहा जब तक कि सरकार ने इस कंपनी को काल्पनिक दावा करने से रोक नहीं दिया।

आज भी भारत में कई प्रमुख खाद्य और पेय ब्रांड अपने आप में संदिग्ध सामग्री ले जाते हैं और यह अक्सर इतनी अधिक मात्रा में होता है जिसकी कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अनुमति नहीं दी जाएगी। कई भारतीय ब्रांड नियमों और कानूनों के बड़े उल्लंघनकर्ता हैं लेकिन प्रतिष्ठित, विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त और भारी विपणन वाले अंतरराष्ट्रीय ब्रांड उनके पैमाने और पहुंच देखने के बावजूद खाने के लिए बदतर हो सकते हैं।

सोशल मीडिया अभियानों ने इनमें से कई को 'भारत' बनाम 'रेस्ट ऑफ द वर्ल्ड' मैच-अप सूची में उजागर किया है और यह अक्सर ब्रांडों का मामला है जो भारत में अधिक चीनी और विभिन्न व कभी-कभी खतरनाक रासायनिक इनपुट के साथ दूर हो रहे हैं जबकि अन्य बाजारों में इनका स्पष्ट उल्लेख करते हैं।

भारत में ढीले नियम भी समस्या का एक हिस्सा हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) प्रणाली की सक्रियता के बारे में शक नहीं है लेकिन उसकी कमजोरी को उजागर करता है। इसमें क्षमता, पारदर्शिता, निरीक्षण की कमी और खराब प्रवर्तन के लिए कई अन्य चुनौतियों की समस्याएं शामिल हैं। भारतीय बाजार में अवसर का आकार अपने आप में एक समस्या है क्योंकि फायदा कमाने के लिए ब्रांड कुछ भी करेंगे और आम तौर पर सफलता पाते हैं यदि उनका टाईम होराइजन (टाईम होराइजन को अक्सर निवेश समय के रूप में संदर्भित किया जाता है। यह वह समय सीमा है जिसके दौरान कोई निवेशक किसी योजना में अपनी पूंजी का निवेश करता रहेगा। इस अवधि के बाद कोई निवेशक अपना निवेश वापस ले लेगा। आम तौर पर निवेश के उद्देश्य और रणनीतियां निवेश टाईम होराइजन तय करती हैं) बहुत सीमित नहीं है।

इस मामले को भारतीय उपभोक्ताओं में जागरूकता की (हाल तक की) सापेक्ष कमी और ब्रांडों को न केवल सामग्री के लिए बल्कि पैकेजिंग और विज्ञापन में जो कहा जाता है- स्वस्थ, तेज, स्मार्ट परिणाम देने के दावों के साथ, उसके लिए भी जिम्मेदार ठहराने की चुनौतियों के साथ जोड़ना चाहिए; या इसके कुछ प्रकार, काफी नियमित रूप से उपभोक्ताओं पर थोप दिए जाते हैं। ये बातें कंपनी के मार्केटिंग साहित्य (किसी उत्पाद, सेवा या विचार को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सभी लिखित सामग्री, प्रकाशन व दस्तावेज़, इसमें ब्रोशर, विज्ञापन, बिक्री पत्र और वेबसाइट सामग्री जैसी चीज़ें शामिल हैं जिनका उद्देश्य संभावित ग्राहकों को सूचित करना और उन्हें पटाना है) में फीड करता है कि, कैसे एक ब्रांड 'बाधाओं' के खिलाफ सफल हुआ या कैसे एक 'रणनीति' विफल हो गई और बदल गई जिसके कारण उत्पाद की कीमत कम करनी पड़ी। इस प्रकार सीमित और संकीर्ण मार्केटिंग नीतियों का विवरण देने वाली प्लेबुक की सफलता का जश्न मनाने के बजाय मुद्दों के नैतिक आयाम को चिह्नित किया गया।

अमेरिका में खाद्य कंपनियों के सामने एक अति आत्मविश्वासी, अति उत्साही प्रशासन के नेतृत्व में एक बड़ी चुनौती खड़ी है जो आसानी से न झुकने वाली शक्तिशाली खाद्य लॉबी को परिवर्तन के लिए बाध्य करने वाली है। उम्मीद है कि यह बदलाव ईमानदार भोजन का एक नया युग लाएगा जिसमें कंपनियों को अधिक बिक्री के लिए चीनी खिलाने के लिए महंगी कीमत चुकानी होगी। भोजन में स्वाद, रंग, रंजक या अन्य योजक के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। नमक की सीमा चेक की जानी चाहिए। चीनी पर टैक्स लगाया जा सकता है। इन खाद्य दिग्गजों को आम लोगों की कीमत पर खुद को और अपने शेयरधारकों को अमीर बनाने की मुफ्त की सवारी समाप्त होनी चाहिए। यदि ट्रम्प प्रशासन इसमें से थोड़ा सा भी जनता को देने में मदद करता है तो यह एक ऐसे युग में जश्न मनाने का एक अच्छा परिणाम होगा जहां आम तौर पर अंधेरा दिखता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोनः 011-23718195,23357784, फैक्सः 011-43581404, नोएडा कार्यालयः फोनः 0120-4114404 फैक्सः 0120-4273770
ई-मेलः deshbandhudelhi@gmail.com वेबः www.deshbandhu.co.in

देश विदेश

ईरान ने भूमिगत नौसैनिक ड्रोन बेस का किया उद्घाटन

तेहरान, 9 मई (एजेंसियां)। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने एक भूमिगत ड्रोन बेस का उद्घाटन किया। ईरान की आईआरआईबी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। आईआरआईबी द्वारा जारी फुटेज के अनुसार, आईआरजीसी के चीफ कमांडर होसैन सलामी ने इस बेस का उद्घाटन किया।यह बेस आईआरजीसी की नौसेना के कई भूमिगत ड्रोन बेस में से एक है, जो मिट्टी के रनवे पर उतरने और उड़ान भरने वाले ड्रोन को रखने में सक्षम है।आईआरजीसी नौसेना के सभी ड्रोन शक्तिशाली इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से लैस थे। श्री सलामी ने कहा कि नौसेना का गठन अंतर-क्षेत्रीय शक्तियों से लड़ने के लिए किया गया था।

भारत–पाकिस्तान संघर्ष से हमारा कोई सरोकार नहीं : वेंस

हम कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाने जा रहे हैं : जे डी वेंस

वाशिंगटन, 9 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष से मूलत: हमारा कोई सरोकार नहीं है, हालांकि वह और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय संघर्षों से अमेरिका के अलग होने के समर्थक रहे वेंस ने कहा कि हम जो कर सकते हैं, वह यह है कि इन लोगों को थोड़ा तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करें, लेकिन हम युद्ध के बीच में शामिल नहीं होने जा रहे हैं, जिससे मूल रूप से हमारा कोई सरोकार नहीं है और इसका अमेरिका की इसे नियंत्रित करने की क्षमता से कोई लेना-देना नहीं है। आप जानते हैं, अमेरिका भारतीयों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। हम पाकिस्तानियों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकते। और इसलिए, हम कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी आशा और अपेक्षा है कि यह एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या, भगवान न करे, एक परमाणु संघर्ष में न बदले। अभी, हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है। वेंस की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और कई अन्य शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने का असफल प्रयास किया।

भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने इस्लामाबाद द्वारा दागी गई कम से कम आठ मिसाइलों को मार गिराया। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान जैसे को तैसा वाली कार्रवाइयों को बंद करें, उन्होंने कहा कि अगर वह मदद के लिए कुछ कर सकते हैं, तो जरूर करेंगे।

पाकिस्तान खुद आतंकवाद में लिप्त, दुनिया उसे रोके : विनय क्वात्रा

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा है कि पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में 'आतंकवाद के कारखानों' पर भारत की 'सीमित कार्रवाई' के बाद पाकिस्तान की प्रतिक्रिया का तरीका दर्शाता है कि वह न केवल आंतकवाद के साथ दे रहा है बल्कि खुद आतंकवाद में संलिप्त है तथा विश्व समुदाय को उसे सख्ती से रोकना चाहिए। श्री क्वात्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सीमापार आतंकवादियों के बुनियादी ढांचों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई कार्रवाई को 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का एक नपातुला और सीमित जवाब बताया और कहा कि उसके बाद भारत जो भी कर रहा है वह पाकिस्तान की हरकतों का जवाब है। उन्होंने कहा कि पहलगाम जैसा जघन्य कृत्य करने वाले को दुनिया में कहीं भी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दुनिया को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण परमाणु युद्ध छिड़ने की चिंता करने की बजाय यह चिंता होनी चाहिए कि आतंकवाद और आतंकवादियों को पाकिस्तान का समर्थन जारी है।

अमेरिका ने की भारत-पाकिस्तान से तनाव कम कर वार्ता करने की अपील



संवाद मूल रूप से महत्वपूर्ण है, बातचीत होनी चाहिए, चुप्पी नहीं होनी चाहिए : मार्को रुबियो, अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मौजूदा तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान को उसका दोहरा संदेश है तनाव कम करें और बातचीत जारी रखें। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को दिन में की गई कॉल का जिक्र करते हुए, विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका दो चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ब्रूस ने कहा कि यह नहीं बढ़ना चाहिए, और संवाद मूल रूप से महत्वपूर्ण है, बातचीत होनी चाहिए, चुप्पी नहीं होनी चाहिए, और अमेरिका, जाहिर तौर पर इसके केंद्र में था, पिछले दो दिनों में दोनों देशों के विभिन्न नेताओं के साथ बातचीत में। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री, और आम तौर पर पूरे अमेरिका से संदेश यह है कि हिंसा को, सैन्य कार्रवाई, युद्ध को रोकना चाहिए, जैसा कि हमने उस क्षेत्र में देखा है, निश्चित रूप से मध्य पूर्व में, यह स्पष्ट रूप से, पीढ़ी के लिए, साबित हुआ है कि यह कोई समाधान नहीं है, क्योंकि यह कभी समाप्त नहीं होता है। इस संबंध में बदलाव होना चाहिए। इसलिए जाहिर है, जब किसी समस्या को हल करने की बात आती है, तो इस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध, सैन्य, अधिक हिंसा कोई समाधान नहीं है। कूटनीति ही समाधान है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत भयानक है। मेरी स्थिति यह है कि मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं। मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं और मैं उन्हें इसे हल करते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं और उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं। उन्होंने जैसे को तैसा किया है, इसलिए उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं। मैं दोनों को जानता हूं, हम दोनों देशों के साथ बहुत अच्छे से मिलकर काम करते हैं।

सुडोकू 6908

2			9		4			
	8				1			6
5								3
		3	1			7		
	9		8		7		3	
		1			6	4		
3								9
1			2				8	
			5		9			2

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6908



बायें से दायें:-

१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
५. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्था जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७. एक तरह का फूल जिसमें रात को ही सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य,प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य. तिमिर हर

ऊपर से नीचे:-

१. यात्रियों-पथिकों के नि:शुल्क ठहरने,रुकने की जगह
२. उसके बाद
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्द्धविक्षिप्त (उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना
१९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

वर्ग पहेली-6907

१ मो	रा	२ र	जी		३ रू	का	४ व	ट
ल		क		५ उ	त्क	ष्ट		ह
६ भा	ट	क		क		७ ज	ल	म	८ य
व		म		९ सा	कि	न			था
	१० ज	ल	११ से	ना			१२ वि	प्ल	व
	र्ज		व		१३ ध	म	नी		त
१४ आ	र	१५ क्ष	क		व		१६ त	१७ था	
वे		म		१८ क	ल	१९ गी		ति	
२० द	क्ष	ता		र्म		२१ द	र	का	२२ र
क			२३ मु	ठ	भे	ड़			स

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 10 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 13

राशिफल

मेष - व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिवार का आनंददायी वातावरण भी आप के मन को खुश रखने में सहायता करेगा। घर में सुखदायी घटना घटेगी। शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। आप को सहयोगियों का साथ मिलेगा।

वृषभ - आज बौद्धिक चर्चाओं से दूर रहें। विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। मन में चिंता बनी रहेगी। पेट सम्बंधित रोग से भी मन चिंतित रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आप थोड़े आलसी बने रहेंगे। हालांकि कोई पुरानी चिंता दूर होगी।

मिथुन - आज आपको जमीन, मकान या वाहन आदि के कामकाज में बहुत सावधानी बरतना होगी। परिजनों के साथ बिना कारण तनाव बढ़ेगा। संतान के विषय में आपको चिंता होगी। विद्यार्थियों का विद्याभ्यास में बाधा आएगी।

कर्क - किसी भी काम को बिना विचारें ना करें। आज रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ मिलना-जुलना हो सकता है। उनके प्रेम से आप में आनंद में वृद्धि होगी। विरोधियों के सामने मजबूत मनोबल से टिके रहेंगे।

सिंह - आज आप मधुरवाणी से किसी काम को आसानी से सफल बना पाएंगे। परिवार के लोगों के साथ आनंद से समय बिताएंगे। दोपहर के बाद भी किसी काम में बिना सोचे समझे निर्णय ना लें। आपको अपनों से लाभ होगा।

कन्या - आप के वाणी के प्रभाव से कोई विशेष काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे। इससे अन्य लोगों के साथ आपके प्रेम संबंध बढ़ेंगे। किसी पर्यटन का कार्यक्रम बना सकते हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आप को लाभ होगा।

तुला - आकस्मिक खर्च हो सकता है, इसमें आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता के कारण मित्रों के साथ विवाद होने की आशंका बनी रहेगी। कोर्ट-कचहरी के काम से आज संभलकर चलें।

वृश्चिक - आप को अनेक क्षेत्र में लाभ और यश प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए योग अच्छा है। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। परिजनों या दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाने का अवसर मिलेगा।

धनु - आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ भी होगा।

मकर - आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करने वाले लोगों को फायदा होगा। किसी दोस्त या रिश्तेदार से मिले अच्छे समाचार से आपका मन प्रफुल्लित होगा। धार्मिक यात्रा की संभावना है।

कुंभ - आज मन पर किसी बात की खुशी बनी रहेगी। लोगों से गुस्से में बात ना करें। परिजनों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। दोपहर के बाद स्वजनों तथा मित्रों के साथ आप का समय अच्छा गुजार सकेंगे।

मीन - आज का दिन दैनिक कामों में आपको शांति देगा। किसी मनोरंजक स्थल पर मित्रों या परिजनों के साथ जाना हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ व्यवहार अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1857-भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम इसी दिन आरंभ हुआ था।
1898-जमना लाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ विचित्र नारायण शर्मा का जन्म।
1916-नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टरडम में ऐतिहासिक शिप पोर्ट संग्रहालय खोला गया।
1918-भारत की गुप्तचर संस्था रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग (रॉ) के संस्थापक रामेश्वर नाथ काव का जन्म।
1929-भारतीय संविधान के विशेषज्ञ एवं 'पद्म भूषण' से भी सम्मानित सुभाष कश्यप का जन्म।
1940-जर्मनी ने बेल्जियम , नीदरलैंड और लक्जमबर्ग पर आक्रमण किया।
1980-परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक योगेन्द्र सिंह यादव का जन्म।
1981-पहली बार बॉम्बे (वर्तमान में मुंबई) रात में क्रिकेट मैच खेला गया।
1986-भारतीय शतरंज खिलाड़ी पेंटाला हरिकृष्णा का जन्म।
1994-दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला द्वारा प्रिटोरिया में एक ऐतिहासिक समारोह में राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की गयी।
1999-पेनिसिलन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सर एडवर्ड इब्राहम की मृत्यु।
2001-भारत व ताजिकिस्तान ने संयुक्त घोषणा पर इस्ताक्षर किए, घाना में फुटबाल मैच के दौरान हिंसा, 130 मरे।
2003-मोजाम्बिक के राष्ट्रपति जोकि अल्बर्टो फिसानों छह दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
2005-लाहौर-अमृतसर बस सेवा शुरू करने पर भारत और पाकिस्तान सहमत।
2006-1987 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित आस्कर एरियास ने दुबारा कोस्टारिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की।
2006-इसरो के अध्यक्ष जी. माधवन नायर और नासा के प्रशासक माइकेल ग्रिफ़िन ने चन्द्रमा पर भेजे जाने वाले भारत के चन्द्रयान 1 पर दो अमेरिकी वैज्ञानिक उपकरण लगाने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। भारत में सऊदी अरब के पहले राजदूत शेख़ मुहम्मद इब्न ऊमान अल मुलहेम का 105 वर्ष की आयु में निधन।

डेविड लैमी से बातचीत के बाद बोले एस जयशंकर

हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी

■ पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के संकल्प पर दिया जोर

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से फोन पर बात की। बातचीत की जानकारी विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट के जरिए दी।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आज दोपहर ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी से फोन पर बात हुई। हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी, जिसके प्रति जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता) होना चाहिए।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार देर रात अमेरिका सहित कई देशों के अपने समकक्षों संग बात की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के संकल्प पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की सराहना की।

उन्होंने बातचीत के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। तनाव बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।

गाजा में इजरायली हमलों में 21 लोगों की मौत, कई घायल

गाजा, 9 मई (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में गुरुवार को इजरायली हमलों में कम से कम 21 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि उत्तरी गाजा के बेत लाहिया शहर में एक आवासीय घर पर इजरायली लड़ाकू विमानों के हमले में बच्चों और महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर के बाहरी इलाके में एक फिलिस्तीनी सभा पर इजरायली हवाई हमले में तीन युवक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए।

प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर, डेर अल-बलाह शहर और मध्य गाजा के नुसेरात शरणार्थी शिविर तथा गाजा शहर के पूर्व में शुजाइया पड़ोस में घरों, एक स्कूल और विस्थापित व्यक्तियों के आवास वाले टेंटों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमलों और गोलाबारी में एक लड़की और एक महिला सहित नौ लोग मारे गए।

रूस व अमेरिका के बीच संयुक्त राष्ट्र में है संतोषजनक कार्य संपर्क : पोलियांस्की

संयुक्त राष्ट्र, 9 मई (वार्ता) रूस और अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) में संतोषजनक कार्य संपर्क स्थापित किए हैं जिसमें अमेरिका के स्थायी प्रतिनिधि की आधिकारिक नियुक्ति की गई है।

रूस को अमेरिकी राजनयिक मिशन से और अधिक निर्णायक कार्रवाई की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने आरआईए नोवोस्ती को यह जानकारी दी है। श्री पोलियांस्की ने कहा हमने अमेरिकी स्थायी मिशन की वर्तमान टीम के साथ काफी संतोषजनक कार्य संपर्क स्थापित किए हैं जो हमें संयुक्त राष्ट्र के मुद्दों के पूरे स्पेक्ट्रम पर बातचीत करने की अनुमति देते हैं। फिर भी स्थायी प्रतिनिधि स्थायी प्रतिनिधि है और उनके आने से हम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देशों और प्राथमिकताओं की पूर्ति में अमेरिकी राजनयिक मिशन से और अधिक निर्णायक कार्रवाई की उम्मीद कर सकते हैं। यह क्षण जितनी जल्दी आएगा, उतना ही बेहतर होगा। ट्रम्प ने पिछले हफ्ते माइक वाल्ट्ज को बर्खास्त करने की घोषणा की जो सिग्नल मैसेंजर के माध्यम से वर्गीकृत जानकारी के लीक होने के मामले में मुख्य व्यक्ति थे।

दिल्ली में सिटीजन वॉचेज इंडिया के फ्लैगशिप शोरूम का उद्घाटन

नई दिल्ली। सिटीजन वॉचेज इं डिया ने दिल्ली में अपने फ्लैगशिप शोरूम के भव्य उद्घाटन की जानकारी दी। यह शोरूम शॉप नंबर 5, डीएवी स्कूल बिल्डिंग, यूसुफ सराय, नई दिल्ली - 110016 में है। इस ब्रांड के लिए यह भारतीय रिटेल कारोबार में एक बड़ा कदम है। एक्सक्लुसिव शोरूम में आप सिटीजन का क्राफ्टमैनशिप और प्रीसीजन देखेंगे, जिसकी दुनिया कायल रही है। प्रीमियम रिटेल के तहत देश की राजधानी में बुलोवा का बोल्ड अमेरिकन स्पिरिट पेश किया गया है।

शोरूम महानगर के केंद्र में है। यहां अत्याधुनिक तकनीक, कालजयी डिजाइन और घड़ी के क्राफ्टमैनशिप की शानदार विरासत के बीच लोगों को खरीदारी का शानदार और यादगार अनुभव मिलेगा। बुलोवा रेंज़ में हाल में पेश उम्दा घड़ियों के स्टाइल में बारीकी और एक्युरेसी के साथ सेकेंड की सुई निरंतर चलती है। यह दुनिया के पहले कर्व्ड क्रोनोग्राफ मूवमेंट - कर्व कलेक्शन के साथ इस उद्योग का नया चेहरा पेश करने में सफल है। लॉन्च में आए मेहमानों के लिए यह एक बड़ा आकर्षण था। उन्हें नए शोरूम कॉन्सेप्ट पर इसकी पहली झलक दिखी और साथ ही, इस ब्रांड के सबसे नए इनोवेशन देखने का विशेष अवसर भी मिला। शोरूम का औपचारिक उद्घाटन सिटीजन वॉचेस इंडिया के प्रबंध निदेशक रयोटा कवाटो ने किया और उन्होंने कहा, ''भारतीय बाजार में हमारी पहुंच बढ़ रही है। सिटीजन में हम सभी इससे बहुत खुश हैं। यह फ्लैगशिप शोरूम महानगर के केंद्र - यूसुफ सराय, नई दिल्ली में है और यह इनोवेशन की हमारी विरासत और भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की मिसाल है।

सफलता *भारत की स्वदेशी हथियार प्रणाली के सामने विदेशों पर आश्रित पाकिस्तान विफल*

भारत का आकाश मिसाइल पाकिस्तान को जबरदस्त चोट पहुंचाई

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत की स्वदेशी मिसाइलों ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत में विकसित एवं निर्मित आकाश मिसाइल सिस्टम ने पाकिस्तान को जबरदस्त चोट पहुंचाई है। आकाश मिसाइल की जबरदस्त मारक क्षमता और कामयाबी को देखते हुए अब इसे व्यापक स्तर पर तैनात किया जा रहा है। आकाश मिसाइल की नई यूनिट्स को फॉरवर्ड एरिया में तैनात किया जा रहा है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, आकाश मिसाइल सिस्टम भारतीय थल सेना और वायु सेना दोनों के पास उपलब्ध है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, आकाश मिसाइल सिस्टम भारतीय थल सेना और वायु सेना दोनों के पास उपलब्ध है।

पाकिस्तान सीमा पर तैनात वायुसेना और थल सेना की यूनिट आकाश मिसाइल से लैस हैं और इसका इस्तेमाल कर रही है।

स्वदेशी रूप से विकसित आकाश सिस्टम में सतह से हवा में वार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल है। इस सिस्टम को डीआरडीओ ने डिजाइन किया है। इसकी रेंज 25 से 30 किलोमीटर की है। यह अपनी तैनाती के स्थान से 20 से 30 किलोमीटर तक की दूरी तक के टारगेट को नष्ट कर सकता है। यह रडार-बेस्ड कमांड गाइडेंस के अंतर्गत दुश्मन के लक्ष्य पर बेहद सटीकता से हमला करता है। आकाश मिसाइल ने पाकिस्तान के जेएफ-17 जेट को मार गिराया है। पाकिस्तान को यह फाइटर जेट चीन से मिले हैं। पाकिस्तान इन विमानों की आपूर्ति, मरम्मत और ट्रेनिंग के लिए पूरी तरह से चीन पर निर्भर है। भारत इस मुकाबले में स्वदेशी हथियार प्रणालियों का उपयोग कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान अपने अधिकांश हथियारों के लिए विदेशों से आयातित हथियार प्रणालियों पर निर्भर है।

■ आकाश मिसाइल सिस्टम को डीआरडीओ ने किया है डिजाइन

विशेषज्ञों का मानना है कि विदेश से मिले इन हथियारों और विमानों की तकनीक संबंधी पूरी जानकारी भी पाकिस्तान के पास नहीं है। इन हथियारों के इस्तेमाल की समुचित ट्रेनिंग भी पाकिस्तानी सेना के पास नहीं है।

पाकिस्तानी सेना जेएफ-17, जेएफ-10 जैसे चाइनीज विमानों का इस्तेमाल कर रही है। इसके अलावा पाकिस्तान ने नियमों का उल्लंघन करते हुए अमेरिका से मिले एफ-16 विमानों का इस्तेमाल भी भारत में नागरिक ठिकानों पर हमले के लिए किया। वहीं, पाकिस्तान ने अपनी पीएल-15 मिसाइल का उपयोग भारत के खिलाफ किया है। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने इन मिसाइलों को मार गिराया है। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों में सैन्य और नागरिक ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए थे। हालांकि, भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने इन हमलों को पूरी तरह नाकाम किया है।

दुनिया को जानें

'कैट लवर्स' के लिए स्वर्ग है जापान का आओशिमा आइलैंड

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। जरा सोचिए, एक ऐसी जगह जहां हर मोड़ पर, हर छत पर और हर गली में आपको बिल्लियां ही बिल्लियां नजर आएं। न कोई ट्रैफिक का शोर, न भीड़भाड़ की परेशानी, बस एक शांत-सा द्वीप और उसमें म्याऊं-म्याऊं करती सैकड़ों बिल्लियां। इस छोटे से टापू पर इंसानों से कहीं ज्यादा बिल्लियां रहती हैं और उनका राज इतना खास है कि दुनिया भर से लोग उन्हें देखने यहां खिंचे चले आते हैं।

आओशिमा आइलैंड जापान के एहीमे प्रान्त में स्थित एक छोटा-सा द्वीप है। यह द्वीप समुद्र के बीचों-बीच बसा हुआ है और यहां पहुंचने के लिए फेरी से यात्रा करनी होती है। यह टोक्यो से काफी दूर है। इस द्वीप पर इतनी बिल्लियों की मौजूदगी की कहानी भी दिलचस्प है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद, चूहों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए नाविक यहां कुछ बिल्लियां लेकर आए थे। चूंकि द्वीप पर बिल्लियों के शिकार करने वाले कोई प्राकृतिक शिकारी नहीं थे और उन्हें स्थानीय लोगों से भी प्यार और भोजन मिलता रहा, इसलिए उनकी आबादी तेजी से बढ़ती चली गई। आओशिमा द्वीप पर बिल्लियां हर जगह दिखाई देती हैं।

प्रादेशिकी

दुश्मन देश को जवाब देना जरूरी था: औजला

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर सीट से कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने शुक्रवार को कहा कि बेशक यह कठिन समय है लेकिन दुश्मन देश को जबाव देना भी जरूरी था। अब सबका फर्ज बनता है कि मिलजुल कर इस समय से बाहर निकलें और घबरायें नहीं। श्री औजला ने सीमावर्ती इलाके अजनाला के गावों में दौरा किया और अजनाला चौक में दुकानदारों से भी बात की। उन्होंने इस दौरान कहा कि वह अजनाला के तकरीबन हर कस्बे में जाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे भी हालात हों, घबराने की जरूरत नहीं है, जो हालात अन्य लोगों के लिए हैं, वही उनके लिए भी हैं, लेकिन फिर भी वह परिवार सहित हर मुश्किल घड़ी में लोगों के साथ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई की और फिर उन्हें बताया गया कि किन लोगों को किस वजह से मारा गया, लेकिन पाकिस्तान ने फिर से नापाक हरकत करते हुए वहां के सभी बड़े नेता उन आतंकवादियों के जनाजे में जा रहे हैं, जो बेहद शर्मनाक है।

सुक्खू ने जिला प्रशासन को सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को सतर्क रहने को कहा

■ उच्च स्तरीय बैठक में वर्तमान स्थिति की समीक्षा की

शिमला, 9 मई (देशबनु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के दृष्टिगत प्रदेश के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न जिलों में मौजूदा स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को वर्तमान स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन सभी स्तरों पर सतर्क रहना नितांत अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन छुट्टियों के दौरान प्रदेश में सभी आवश्यक सरकारी कार्यलय जैसे मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय और नियंत्रण कक्ष सीमित स्टाफ के साथ कार्यरत रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पठानकोट, चण्डीगढ़ और जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिलों के प्रशासन को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि इन राज्यों में सायरन से सतर्क किया जाए तो तुरंत आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत केंद्र और राज्य सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों का पूर्ण गंभीरता से पालन करने को कहा। उन्होंने धार्मिक स्थलों, हवाई अड्डों, बांधों, पुलों और अन्य महत्त्वपूर्ण संस्थानों में पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नियमित रूप से मॉकड्रिल आयोजित करने को भी कहा। उन्होंने प्रदेश में स्थापित नियंत्रण कक्षों को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

हम पाकिस्तान को उसके नापाक इरादों में सफल नहीं होने देंगे : हरसिमरत

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल की बठिंडा सीट से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने शुक्रवार को देश के नागरिक ठिकानों पर पाकिस्तान की बेपरवाह और भड़काऊ गोलाबारी की कड़ी निंदा की। सांसद हरसिमरत कौर ने कहा कि पंजाब और पंजाबी विदेशी आक्रमण के खिलाफ़ डटकर खड़े होने की अपनी इच्छा में दृढ़ हैं। वे पाकिस्तान और उसके द्वारा फैलाये जा रहे आतंकवाद का विरोध करने में देश के साथ हैं। चाहे कुछ भी हो जाये, हम पाकिस्तान को उसके नापाक इरादों में सफल नहीं होने देंगे। श्रीमती बादल ने कहा कि मैं पंजाबियों के साथ मिलकर हमारे सशस्त्र बलों के अदम्य साहस की भी सराहना करता हूँ, जिन्होंने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका और बठिंडा सहित कई जगहों पर हमलों को टाला। मैं पंजाबियों से भी अपील करता हूँ कि वे शांत रहें और ऐसी कोई भी बात साझा न करें, जिससे हमारे राष्ट्रीय हितों से समझौता हो। इस संबंध में सभी को प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।

बद्रीनाथ धाम की सुरक्षा में बदलाव आईटीबीपी ने आईआरबी को सौंपा जिम्मा

ग्रीष्म कालीन यात्रा के दौरान सुरक्षा में तैनात रहेगी आईआरबी

■ कपाट बंद होने के बाद आईटीबीपी संभालेगी जिम्मेदारी
■ अब यात्रियों की सुरक्षा होगी आईआरबी के हवाले

देहरादून, 9 मई (देशबनु)। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शीतकाल में धाम की सुरक्षा संभालने वाली आईटीबीपी ने अब यह जिम्मेदारी इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) को सौंप दी है। आईआरबी ने कठिन मौसम में भी सुरक्षा सुनिश्चित की और अब यात्रा सीजन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी आईआरबी निभाएगी।

उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री बद्रीनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्था में अहम बदलाव हुआ है। हर साल की तरह इस बार भी शीतकाल में धाम की सुरक्षा का जिम्मा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईआरबी) ने संभाला था, लेकिन अब कपाट खुलने के साथ यह जिम्मेदारी इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) को सौंप दी गई है।

शीतकाल में बद्रीनाथ धाम के कपाट छह महीने के लिए बंद हो जाते हैं और इस दौरान क्षेत्र में भारी बर्फबारी व बेहद कठिन परिस्थितियां होती हैं। इन हालातों में आईआरबी के जवान यहां सुरक्षा का जिम्मा संभालते हैं और पूरे समर्पण के साथ अपनी ड्यूटी निभाते हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं, तब सुरक्षा की कमान आईआरबी ने संभाल ली है। सीमाद्वार यूनिट के आईटीबीपी जवानों ने एक औपचारिक प्रक्रिया के तहत आईआरबी को चार्ज सौंपा। अब यात्रा काल के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का पूरा जिम्मा आईआरबी पर रहेगा।

धाम प्रशासन और स्थानीय लोगों ने आईआरबी के कार्य की सराहना की

देहरादून। इस सुरक्षा हस्तांतरण का मकसद यह है कि धाम की सुरक्षा व्यवस्था पूरे साल व्यवस्थित बनी रहे। आईआरबी ने शीतकाल में जहां विपरीत परिस्थितियों में भी सेवा दी, वहीं अब आईआरबी यात्रा काल में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। धाम प्रशासन और स्थानीय लोगों ने आईआरबी के कार्य की सराहना की और आईआरबी के सफल कार्यकाल की कामना की।

सार संक्षेप

जिला प्रशासन ने किए दो कंट्रोल रूम स्थापित

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तर पर दो कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। ये कंट्रोल रूम आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने व नागरिकों को सही जानकारी देने के उद्देश्य से स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम को लघु सचिवालय के कमरा नंबर 18 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 01666-248882 है। इसी प्रकार सिविल डिफेंस से संबंधित दूसरा कंट्रोल रूम पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कमरा नंबर 11 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 01666-247251 और 01666-248101 हैं। इन कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटियां रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। किसी भी आपात स्थिति में इन कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है।

सीटीओ व एकाउंटेंट 1.20 लाख की घूस लेते गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) हल्द्वानी की टीम ने शुक्रवार को नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी (सीटीओ) समेत दो लोगों को 120000 रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता की ओर से दी गयी शिकायत में कहा गया कि वह और उसके पांच साथी नैनीताल उच्च न्यायालय में तैनात हैं। सभी को वेतन में एसीपी का लाभ मिलना था। इसके लिये नैनीताल के सीटीओ दिनेश कुमार राणा निवासी सैनिक स्कूल के पास, मल्लीताल, नैनीताल की अगुवाई में एक तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के दो सदस्यों ने तो रिपोर्ट में हस्ताक्षर कर दिये लेकिन सीटीओ की ओर से हस्ताक्षर नहीं किया गया। इस बीच सीटीओ कार्यालय में तैनात एकाउंटेंट बसंत कुमार जोशी द्वारा शिकायतकर्ता से फोन कर बताया गया कि सीटीओ हस्ताक्षर करने के बदले प्रत्येक लाभार्थी से 50 से 60 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं।

सीटीओ व एकाउंटेंट 1.20 लाख की घूस लेते गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) हल्द्वानी की टीम ने शुक्रवार को नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी (सीटीओ) समेत दो लोगों को 120000 रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता की ओर से दी गयी शिकायत में कहा गया कि वह और उसके पांच साथी नैनीताल उच्च न्यायालय में तैनात हैं।

ग्रीष्मकाल में हर घर तक न्यून अवधि में निर्बाध, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

■ अमरनाथ तिवारी

देहरादून, 9 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और हर नागरिक तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति के लिए तत्परता से जुटा है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिले स्तर पर समिति गठन के साथ सक्रियता से कंट्रोल रूम संचालित है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की निरीक्षा और उनका त्वरित समाधान कर रही है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पानी की समस्या, लीकेज, गंदा पानी आने की शिकायतों पर प्रभावी समन्वय एवं समाधान के लिए जल संस्थान और पेयजल निगम के एक-एक सक्षम अधिकारी की भी कट्रोल रूम में तैनाती की गई है, ताकि किसी भी क्षेत्र से पेयजल से जुड़ी शिकायत मिलने पर जल्द से जल्द उसका समाधान किया जा सके। पेयजल समस्या को लेकर कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर, समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों से अब तक 36 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 34 शिकायतों का जिला प्रशासन की टीम ने निस्तारण किया है।

■ कंट्रोल रूम को अब तक मिली 36 शिकायतों में से 34 हो चुकी निस्तारित

जिले में प्रथम बार जिला प्रशासन के फरमान पर पेयजल सप्लाई संबंधी 7 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से जिला कंट्रोल रूम में तैनात है, जो पेयजल आपूर्ति संबंधी हर समस्या का डे-टू-डे त्वरित समाधान करने में जुटे है। फोन, व्हाट्सएप, मीडिया रिपोर्ट पर आपदा प्रभारी एडीएम और एसडीएम कुमकुम जोशी संबंधित विभागों के जेई एंड ई से डेली मॉर्निंग इवनिंग ब्रीफिंग कर रहे है। जिला कंट्रोल रूम को अब तक 36 शिकायतों में से 34 निस्तारित हो चुकी है। जिला प्रशासन के निर्देश पर पाइप से नहीं तो टैंकर से, टैंकर से नहीं तो खच्चर से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला स्तर पर गठित समिति हर शिकायत की निरीक्षा कर रही है। जिले में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति से जन मन को राहत मिल रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पेयजल शिकायतों का त्वरित गति के साथ निस्तारण जारी रखें और ग्रीष्म काल में हर घर तक न्यून अवधि में निर्बाध, शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। समाचार पत्र में 6 मई को मोहनपुर नलकूप की मोटर फुकने से कैंट क्षेत्र के 112 घरों में पेयजल आपूर्ति बाधित होने की खबर का त्वरित संज्ञान लिया गया और उसी दिवस पर सायं को नलकूप की खराब मोटर को ठीक कराके पेयजल आपूर्ति को सुचारू की गई।

कांग्रेस ने बसों का किराया बढ़ाकर आम लोगों को दिया महंगाई का झटका : हर्ष महाजन

शिमला, 9 मई (देशबन्धु)। भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने बसों के किराए में 15 फीसदी बढ़ोतरी कर हिमाचल की जनता के साथ नाइंसाफी की है और साथ ही जनता की जेब पर भरी भरकम बोझ डाला है। जब से कांग्रेस सरकार आई है, एचआरटीसी प्रदेश के लोगों को परेशान करने का जरिया बन गया है।

वैसे तो एचआरटीसी जन सेवा के लिए बनाई गई थी पर कांग्रेस सरकार ने इसके धन सेवा का माध्यम बना लिया है। एचआरटीसी आम आदमी की सवारी है, लोग अपने रोजमर्रा के कामों में एचआरटीसी की बसों का इस्तेमाल करते हैं। पहले शुल्क की सरकार ने बसों के न्यूनतम किराए में 2 गुना वृद्धि कर आम लोगों के परिवार की जेबों पर महंगाई का बोझ डाला और अब लंबी दूरी के किराए में भी 15 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इससे आम लोगों को महंगाई का एक और झटका दे दिया है। महाजन ने कहा कि हम कांग्रेस सरकार से पूछना चाहते हैं कि हिमाचल प्रदेश में डीजल पर वैट किसने बढ़ाया ? उनको बताना चाहिए कि कितना बढ़ाया? आंकड़े जग जाहिर है पर फिर भी हम कांग्रेस के मुख से ही सुनना चाहते हैं। पहले टैक्स बढ़ोतरी कर महंगाई को सरकार ने खुद बुलाया और उसके बाद महंगाई की आड़ में हर चीज को महंगा करने का काम वर्तमान कांग्रेस सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने वन विभाग में ठेकेदारी लाइसेंस फीस दस गुना बढ़ा दी है। अब नए पंजीकरण पर 500 रुपये की जगह 5000 रुपए अदा करने होंगे। साथ ही हिमाचल सरकार ने प्रदेश में 300 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वालों को बड़ा झटका दिया है। इन उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट मिलने वाली एक रुपये की सब्सिडी को बंद कर दिया है। अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट 5.90 रुपए चुकाने होंगे। मई में जारी होने वाले अप्रैल की खपत के बिल इस आधार पर आएंगे। ऊर्जा सचिव राकेश कंवर ने इस संदर्भ में बिजली बोर्ड के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार को पत्र भेजा है।

■ एचआरटीसी आम आदमी की सवारी है, लोग अपने रोजमर्रा के कामों में एचआरटीसी की बसों का इस्तेमाल करते हैं

पौराणिक सोमेश्वर महादेव मंदिर मामले में राज्य व ईएसआई से मांगा जवाब

नैनीताल, 9 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने उत्तरकाशी के ऐतिहासिक और पौराणिक सोमेश्वर महादेव मंदिर के मामले में सुनवाई करते हुए शुक्रवार को राज्य सरकार व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान (एएसआई) को जवाबी हलफनामा दायर करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में मंदिर कमेटी के रामलाल विश्वकर्मा की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि 13 अगस्त, 2024 को खंडपीठ ने एक आदेश जारी कर ग्राम जखोल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर मामले में यथास्थिति बनाए रखे जाने और ऐतिहासिक तथा पौराणिक तथ्यों की जांच पूर्ण होने तक किसी भी प्रकार के पुनर्निर्माण पर रोक लगा दी थी।

महिला कल्याण व बाल विकास मंत्री ने कई विभागों की समीक्षा बैठक

एकल महिला स्वरोजगार योजना व नन्दा गौरा योजना को लेकर दिए दिशा निर्देश

देहरादून, 9 मई (देशबन्धु)। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने एकल महिला स्वरोजगार योजना, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं की नियुक्ति, महिला कल्याण कोष, नन्दा गौरा योजना आदि की समीक्षा सम्बन्धित अधिकारियों विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि एकल महिला स्वरोजगार योजना जो पूर्व में कैबिनेट में लायी गयी थी जिसके सम्बन्ध में कैबिनेट में मेरे ने ही कुछ बिन्दुओं पर संशोधन के लिए विषय रखा गया था। जिसे पुन: कैबिनेट में फिर से प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था तथा जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है और यह योजना आगामी कैबिनेट में पुन: प्रस्तुत कर दी जायेगी। निश्चित रुप से एकल महिलाएं जल्द ही इस योजना का लाभ उठा पायेंगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं की नियुक्ति के सम्बन्ध में मंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 12 जनपदों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं की नियुक्ति के परिणाम घोषित हो चुके हैं। मेरे द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि 1 हफ्ते का समय आपत्तियों के लिए देते हुए 3 से 4 दिनों के भीतर आपत्तियों का निस्तारण कर दिया जाय तथा इसके उपरान्त फाइनलिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित कर दिए जाएं।

जनपद बागेश्वर में बनेगा बाघों का रेस्क्यू सेंटर

देहरादून, 9 मई (देशबन्धु)। जनपद बागेश्वर के कांडा क्षेत्र के माणा- कभड़ा में बाघ ने मासूम की जान ले ली थरी जिसके बाद बागेश्वर निवासी प्रदेश सरकार में दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय ने शुक्रवार को प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल से मिलकर जनपद बागेश्वर में उन सभी स्थानो पर पिंजरों की संख्या अनिवार्य रूप से बढाने का निवेदन किया। जिन ग्रामीण आबादी क्षेत्रों बाघ व तेन्दुओं की सक्रियता लगातार बनी हुई है। बागेश्वर जनपद में बाघ व तेंदुआ बाड़ा (रेस्क्यू सेंटर) ना होने के कारण भी वन विभाग की बड़ी परेशानी है कि यदि कोई बाघ व तेंदुआ पकड़ लिया जाये तो उसको रखने के लिए जनपद में कोई बाघ व तेंदुआ बाड़ा (रेस्क्यू सेंटर) नहीं है और पकड़े गये बाघ को रखने के लिये अल्मोड़ा लेकर जाना होता है।

पिथौरागढ़ की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कांबिंग शुरू

पिथौरागढ़, 9 मई (देशबन्धु)। आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद चीन और नेपाल सीमा से लगे सीमांत पिथौरागढ़ जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर पुलिस व अर्द्धसैन्य बल अलर्ट मोड पर हैं। पुलिस और एसएसबी की गश्त और कांबिंग तेज हो गई है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर सीओ गोविंद बल्लभ जोशी और कुंवर सिंह रावत के नेतृत्व में धारचूला, बलुवाकोट, जौलजीबी, अस्कोट और झूलाघाट थाना क्षेत्रों में काली नदी किनारे नियमित गश्त और कांबिंग हुई। सीमा पर स्थित गांवों में रहने वालों को क्षेत्र में किसी तरह की संदिग्ध गतिविधियां करते लोग नजर आने पर पुलिस चौकी और एसएसबी पोस्टों पर तत्काल सूचना देने की अपील की जा रही है। सीओ गोविंद बल्लभ भट्ट ने नैनी सैनी एयरपोर्ट का भी निरीक्षण किया। एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को आने वाले सभी विमान यात्रियों की सघन चेंकिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही एयरपोर्ट की सुरक्षा सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करने को कहा। आपरेशन सिंदूर के बाद अल्मोड़ा पुलिस भी अब अलर्ट मोड पर आ गई है। सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी चितई गोल्ज्यू मंदिर और जागेश्वर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद जागेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ बैठक की।

पाक आतंकियों पर कार्रवाई के बाद केदारनाथ में गूंजे सेना के जयकारे

देहरादून। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच इन दिनों तनाव का माहौल है। जिसके तहत पाकिस्तान नापाक हरकत कर लगातार हमले कर रहा है, जिसका भारत मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। ऐसे में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने और सभी सैनिकों की सलामती के लिए दुआएं की जा रही है। इसी कड़ी में केदारनाथ धाम में ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के लिए विशेष पूजा-अर्चना के तहत रुद्राभिषेक किया गया।

एम्स में बिना छाती खोले पहली बार हार्ट की बाईपास सर्जरी

देहरादून, 9 मई (एजेंसियां)। चिकित्सा के क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश के चिकित्सकों की यह उपलब्धि किसी मिसाल से कम नहीं। हृदय की जिस बीमारी का इलाज आज तक छाती में चीरा लगाकर बायपास सर्जरी से ही संभव हुआ करता था, उसे अब सीटीवीएस विभाग के सर्जन चिकित्सकों ने बिना चीर-फाड़ और हड्डी काटे कर दिखाया है। तकनीक और अनुभव के आधार पर कायम की गयी यह मिसाल एक ऐसे 69 वर्षीय बुजुर्ग के इलाज से जुड़ी है, जो उम्र के आखिरी पड़ाव में है। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने सर्जरी करने वाले चिकित्सकों की प्रशंसा कर चिकित्सा सुविधा के क्षेत्र में इसे संस्थान की उपलब्धि बताया। ऑपरेशन थियेटर से बाहर लाने के कुछ घन्टे बाद जब रोगी राम गोपाल को वार्ड में होश आया तो उन्हें यकीन नहीं हुआ कि उनके हार्ट की बाईपास सर्जरी मेडिकल की ऐसी तकनीक से की गयी है जिसमें उनकी छाती की हड्डियों को काटने की आवश्यकता नहीं पड़ी। बकौल राम गोपाल, बिना चीर फाड़ के की गई यह सर्जरी उनके लिये किसी चमत्कार से कम नहीं। सहारनपुर के इस रोगी ने बताया कि अपनी स्वास्थ्य समस्या को लेकर वह 26 मार्च को एम्स आया था।

सुडोकू 6908 का हल

2	3	6	9	5	4	8	1	7
9	8	4	7	3	1	2	5	6
5	1	7	6	8	2	9	4	3
6	2	3	1	4	5	7	9	8
4	9	5	8	2	7	6	3	1
8	7	1	3	9	6	4	2	5
3	5	2	4	6	8	1	7	9
1	6	9	2	7	3	5	8	4
7	4	8	5	1	9	3	6	2

प्रादेशिकी

पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने वाले युवक को भेजा जेल

संभल, 9 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल में सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शुक्रवार को बताया कि थाना बहजोई के अंतर्गत साइबर पेट्रोलिंग के दौरान मोहल्ला कुरैशियान के निवासी अशफाक के पुत्र रियाज का एक पोस्ट प्रकाश में आया, जिसमें उसने पोस्ट किया कि चाहे जो हो जाए समर्थन तो पाकिस्तान को करेंगे। पोस्ट की जानकारी होने पर पुलिस ने तत्काल रियाज को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान रियाज ने बताया कि उसने पोस्ट फिलिस्तीन मोए नाम के व्यक्ति से प्राप्त किया है और उसे बाद में पोस्ट किया है। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि रियाज ने यह कृत्य जानबूझकर किया है। रियाज को जेल भेज दिया गया है।

देश में सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश का एक नया वातावरण बना : योगी

- मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार और क्राइम के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई
- उप्र अन्य राज्यों तथा देशों के लिए मिसाल बना

मेरठ/लखनऊ, 9 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इण्डिया बुलियन एण्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) कॉन्क्लेव प्रदेश सरकार के 8 साल बेमिसाल अभियान को एक गति देने के लिए आयोजित किया गया है। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से जेम्स और ज्वेलर्स की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। जेम्स एण्ड ज्वेलरी सेक्टर में हमें समाज की मांग के अनुरूप उत्पादों को तैयार करना होगा। इसके उत्पादों को बेहतरीन डिजाइन, पैकेजिंग के साथ मार्केट उपलब्ध करवाना अत्यन्त आवश्यक है। जिस प्रकार 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना ने उत्तर प्रदेश को पहचान दिलाई है, उसी प्रकार जेम्स एण्ड ज्वेलर्स की भूमिका हो सकती है। मुख्यमंत्री इण्डिया बुलियन एण्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के कॉन्क्लेव '8 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को एक प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि जेम्स एण्ड ज्वेलर्स का भारत की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा योगदान है। देश की जीडीपी में रत्न और आभूषण उद्योग की 7 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोल्ड इम्पोर्ट के माध्यम से देश को इम्पोर्ट ड्यूटी प्राप्त होती है। जब एक उपभोक्ता ज्वेलर्स से ज्वेलरी खरीदता है, तब वह जीएसटी के माध्यम से अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान करता है। प्रदेश में अराजकता का माहौल था। इन स्थितियों में 8 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर विश्वास करते हुए उत्तर प्रदेश की जनता ने वर्तमान प्रदेश सरकार के पक्ष में जनादेश दिया था। विगत 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त होने के साथ ही माफिया मुक्त भी हुआ है। आज प्रदेश में सभी जाति, मत, मजहब एवं सम्प्रदाय के लोग अपने-अपने पर्व व त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाते हैं। कहीं भी किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं होती है। प्रदेश में सुरक्षा का एक बेहतरीन वातावरण है। सुरक्षा और सौहार्द के बेहतरीन वातावरण में व्यापार की अनन्त सम्भावनाएं भी आगे बढ़ी हैं।

प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण सरकार की जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण हो, पर्यटन के साथ अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप लोग खरीददारी कर सकें, यह किसी भी चुनी हुई सरकार की जिम्मेदारी है। विगत 10 वर्षों में देश में तथा विगत 8 वर्षों में प्रदेश में आप लोगों ने इस प्रकार के माहौल का एहसास किया होगा। आज देश में सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश का एक नया वातावरण बना है। हम एक नए भारत में रह रहे हैं, जिसमें विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्र. र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष पूर्व कानून व्यवस्था की दृष्टि से देश में उत्तर प्रदेश की स्थिति सर्वाधिक खराब थी। प्रदेश में सुरक्षा का कोई वातावरण नहीं था। प्रदेश में दंगे होते थे, पर्व व त्योहार मनाने के लिए सुरक्षित माहौल नहीं था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी सुरक्षित था।

स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल में मनाया मदर्स डे

मवाना, 9 मई (देशबन्धु)। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल (मदर विंग) में मदर्स डे अत्यंत भव्य व शानदार ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक मनोज रस्तोगी, प्रबंधिका मीनू रस्तोगी, अतिथिगण, प्रमोद राजपूत ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात विशेष अतिथिगणों को बुके देकर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वागत में अनाया और रिद्धि ग्रुप ने वेलकम सॉन्ग की सुंदर प्रस्तुति दी। इसी क्रम में किंडरगार्टन की नन्ही-नन्ही छात्राओं मिस्टी एंड खुशी ग्रुप ने तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है गीत पर अनूठे अंदाज में प्रस्तुति देकर मां के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया कि श्मां बच्चों की जान होती है। वामिका एंड ग्रुप ने जन्म जन्म गीत पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। अगले चरण में कुछ मदर्स ने भी सामूहिक व एकल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी और दर्शकों की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए कुछ मनोरंजन गेम्स का भी आयोजन किया गया जिसको खेल कर सब ने भरपूर आनंद उठाया। सपना, प्रियंका व गीतांजलि अध्यापिकाओं के साथ-साथ मदर भी हैं, ने भी एक सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी जिसकी सबने तहे दिल से सराहना की। विनर मदर्स को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट परफॉर्मर का खिताब जीता नकुश की मदर सुनीता चौधरी ने। प्रबंधिका मीनू रस्तोगी ने उन्हें सैष पहनाकर सम्मानित किया। अंत में प्रबंधक मनोज रस्तोगी ने सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी व अपनी मां को याद करके उनकी आंखें नम हो गई तथा अपने विचार सांझा किए ।प्रबंधिका मीनू रस्तोगी ने भी सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी प्रधानाचार्या प्रमोद राजपूत ने भी सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए मां विषय पर बहुत ही सुंदर कविता सुनाई व उप प्रधानाचार्या प्रीति कक्कड़ व कोऑर्डिनेटर वर्षा खुराना ने भी मदर्स डे पर अपने विचार व्यक्त किए।

हॉकी के महान खिलाड़ी थे मेजर ध्यान चंद : डा. विनीत त्यागी

- प्रधानाचार्य ने किया अशोक का भव्य स्वागत

हापुड़,9 मई (देशबन्धु)। डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय मेजर ध्यान चंद के सुपुत्र अशोक कुमार सिंह का आगमन हुआ है। प्रधानाचार्य डा. विनीत सिंह त्यागी ने समस्त शिक्षकों, तथा छात्रों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। अशोक कुमार किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि खेल जगत में प्रसिद्ध है। उनके पिता तत्कालीन हॉकी के महान खिलाड़ी थे, अपनी प्रतिभा का लोहा सभी देशों से मनवाया था। इसीलिए उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता था। उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उनके होनहार सुपुत्र भी एक महान खिलाड़ी हैं। उन्हें उनकी इन उपलब्धियों के लिए अनेक सम्मान भी प्राप्त हुए हैं। अर्जुन अवार्ड से सम्मानित अशोक ने अपनी प्रतिभा के बल पर हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष, नेशनल वुमन्स हॉकी टीम के चयन में एक अहम भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में भारत तीन ओलंपिक खेलों में भागीदारी कर चुका है। उन्हें हॉकी के सर्वोच्च पुरस्कार मेजर ध्यान चंद से भी नवाजा गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हॉकी ऐतिहासिक स्थान रखती है अत: इसकी प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करनी आवश्यक है। प्रधानाचार्य ने उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से विद्यार्थियों में उत्साह की लहर का संचार देखने को मिला।

सार संक्षेप

नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान चलाया

मवाना। नगर पालिका परिषद् मवाना द्वारा नगर के मेरठ रोड पुलिस चौकी से बड़ा महादेव शिव मंदिर तक सड़क की दोनों साइडों में पटरियों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक की देख-रेख में चलाया गया। जिसमें पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा सड़क की दोनों साइडों पर झाड़ू, कूड़े आदि की सफाई की गई तथा उक्त कूड़े को पालिका वाहनों से पीछे से तुरन्त उठवाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ सफाई नायक मनोज कुमार, दीपक शर्मा व सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

मंदिर से युवक की बाइक चोरी

मवाना। मंदिर में पूजा करने गए युवक की मंदिर से बाहर से चोरों ने बाइक चोरी कर ली। पूजा करने के बाद बाहर आए युवक को जब अपनी मोटर साइकिल नहीं मिली तो उसने मोटर साइकिल की काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर उसने पुलिस को इस संबंध में तहरीर सौंपी है। मवाना के मौहल्ला कल्याण सिंह पांडव चौक के रहने वाले मयूर वर्मा पुत्र मनीष कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार शाम के समय वो अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से रोजाना की तरह घर के पास पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए गया था और मंदिर के बाहर मोटर साइकिल खड़ी कर प्रसाद चढ़ाने के लिए मंदिर के अंदर चला गया। जैसे ही वो वापस आया तो उसकी मोटर साइकिल वहां नहीं थी। उसने मोटर साइकिल को ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगने पर गुरुवार को थाना मवाना पुलिस को चोरी के संबंध में तहरीर सौंपी वहीं पुलिस के तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

सांसद निधि के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

मेरठ। विकास भवन सभागार में सांसद लोकसभा अरूण चंद्रप्रकाश गोविल की अध्यक्षता में सांसद निधि के कार्यो की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में सीडीओ द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत भौतिक विवरण प्रस्तुत किया गया। सांसद निधि के अंतर्गत मिले प्रस्ताव तथा उनकी अद्यतन स्थिति के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि कार्यों में आ रही बाधाओं से अवगत कराया जाए तथा धीमी प्रगति वाले कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यदाई संस्था को कार्य त्वरित व गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी, जिलाधिकारी डा. वीके सिंह, सीडीओ नूपुर आदि उपस्थित रहे।

आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

किठौर। दो वर्ष पूर्व मेरठ के निजी अस्पताल में हुई मासूम की मौत के मामले में हुए मुकदमें को वापस लेने का दबाव बनाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। राधना निवासी ताजमुहम्मद पुत्र जफर ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उसने अपने भतीजे हस्सान को मेरठ के सरस अस्पताल की नर्सरी में भर्ती कराया था। वहां मेडिकल स्टाफकी लापरवाही के कारण मासूम हस्सान इतना झुलस गया कि उसकी मौत हो गई।

मानक लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- पूर्वी, खुशबूरानी, खुशबू, प्रियांशी, भूमि वाला, शुभी अग्रवाल की टीम ने मारी बाजी

मवाना, 9 मई (देशबन्धु)। ए.एस. इंटर कॉलेज मवाना में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की गाजियाबाद ब्रांच के तत्वावधान में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे रिसोर्स पर्सन मुकन्द वल्लभ शर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा उनको मानक लिखने की विधि को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संयोजन संजय कुमार निमेष मेंटोर बीआईएस ने किया। प्रतियोगिता में 140 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने बताया कि बीआईएस की मानक लेखन प्रतियोगिता में जिन छात्र-छात्राओं ने प्रथम तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है उनकी मेहनत से उन छात्र-छात्राओं को आगामी होने वाली प्रतियोगिता के लिए अधिक का अंक लाने का संकल्प लेना चाहिए लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए सफलता आपके कदम चूमेगी तथा छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में मानकों के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया।

मानक लेखन प्रतियोगिता में पूर्वी, खुशबू रानी, भूमी वाला, खुशबू, प्रियांशी, शुभी अग्रवाल समूह ने प्रथम स्थान व खुशी, शिवी, आयुषी, खुशबू रानी, जिया खान समूह ने द्वितीय स्थान और अरमिश, इकरा, राधिका, अलशिफा, मानवी, इशिका फरीन समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मेरठ में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं देगा मैक्स

मेरठ, 9 मई (देशबन्धु)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने शुक्रवार को मेरठ स्थित मैक्स मेडसेंटर में अपनी विशेष रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। वे अब हर गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर मेरठ में मरीजों को परामर्श देंगे। सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल ने कहा कि कैंसर से पीड़ित मरीजों की स्थिति अक्सर देरी से निदान, जागरूकता की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण गंभीर हो जाती है। हालांकि, न्यूक्लियर मेडिसिन और पीईटी सीटी जैसी अत्याधुनिक कैंसर डायग्नोस्टिक तकनीकों से यदि समय रहते कैंसर का पता लगाया जाए, तो सफल इलाज की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। बीते कुछ वर्षों में कैंसर उपचार के तरीकों में काफी प्रगति हुई है, जिससे उपचार के परिणाम बेहतर हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि

- कैंसर के इलाज में रेडिएशन थेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका

कैंसर के इलाज में रेडिएशन थेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस उपचार के लिए समर्पित ओपीडी सुविधा प्रदान कर हम मरीजों को अधिक सुविधा, व्यक्तिगत देखभाल और बेहतर परिणाम देने का प्रयास कर रहे हैं। मेरठ में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत से मैक्स हॉस्पिटल अब शहर और आस-पास के क्षेत्रों के अधिक मरीजों की सेवा कर सकेगा।

प्रेमी युगल पकड़ पुलिस को सौंपा

मवाना, 9 मई (देशबन्धु)। हिंदु संगठन के लोगों ने बुधवार रात किला बस स्टैंड पर खड़े शादीशुदा प्रेमी युगल को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस युगल को थाने ले आई। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा है। कार्यकर्ताओं ने महिला को समझाया लेकिन वह मुस्लिम प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी रही। कार्यकर्ताओं ने आरोपित को जेल भेजने की मांग की। गुरुवार को पुलिस ने महिला को नारी निकेतन भेज दिया। जबकि उसके प्रेमी का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। परीक्षितगढ़ के गांव निवासी शादीशुदा मुस्लिम युवक का दिल्ली निवासी हिंदु महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला की हाल ही में दूसरी शादी हुई थी। प्रेम परवान चढ़ा तो उसके प्रेमी ने दो दिन पहले महिला को मवाना बुला लिया। बुधवार को रात प्रेमी युवक ने नगर के किला बस अड्डे पर खड़े हुए थे। इस की भनक हिंदू संगठन के लोगों को लगी तो दोनों को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फैंटम पुलिस प्रेमी युगल को थाने ले आई। महिला अपने प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी थी।

किशोरों को सशक्त बनाने की अभिनव पहल

- नुक्कड़ नाटक 'एक नई दिशा' का किया गया मंचन

मेरठ, 9 मई (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के विधि संकाय मे भारत सरकार के विधि मंत्रालय द्वारा स्थापित प्रो. बोनो क्लब ने न्याय दूतरू किशोरों को जागरूकता एवं सहयोग के माध्यम से सशक्त बनाना विषयक एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम संकाय निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरुद्ध किशोरों के साथ संवाद से हुई, जिसके दौरान विद्यार्थियों की टीम ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक 'एक नई दिशा' का प्रभावी मंचन किया जिसके माध्यम से किशोरों को उनके विधिक अधिकारों, सामाजिक दायित्वों एवं आत्मविकास की संभावनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर संकाय निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गोयल, डॉ. शैल ढाका, डॉ. पल्लवी जैन, डॉ. दीपशिखा तथा पवन कुमार ने किशोरों के सामाजिक पुनर्वास में विधिक सहायता की भूमिका पर विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता के माध्यम से जीवन में नव निर्माण के लिए प्रेरित किया।

कृषक इण्टर कालिज में मॉकड्रिल आयोजित

मवाना, 9 मई (देशबन्धु)। कृषक इण्टर कालेज में विद्यालय के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना के कमान अधिकारी कर्नल मृदुल मित्तल के निर्देशन व उप कमान अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी कर्नल आशीष मोहन अग्रवाल के पर्यवेक्षण में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कैडेट्स छात्रों को सायरन बजने या युद्ध की सम्भावना के मद्देनजर खुद के बचाव, ब्लैक आउट का पालन करने, खुले मैदान छोडने, सुरक्षा फार्मेशन आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि मॉकड्रिल का उद्देश्य हाल ही में बदलती परिस्थिति के मद्देनजर भविष्य में किसी भी सम्भावित खतरे से बचाव के बारे में जागरूक करना है। विद्यालय में इस महत्वपूर्ण आयोजन के सफ्ल आयोजन के लिए मैं समस्त एनसीसी बटालियन स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूं। कर्नल मित्तल ने कहा कि युद्ध के सम्भावित खतरे से निपटने में सेना के साथ-2 आम जन मानस का जागरूक होना अत्यन्त अनिवार्य है।

खाद और औषधि मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण संपन्न

- कुलपति जनरल दीप अहलावत ने सैनिकों को किया संबोधित

मेरठ, 9 मई (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सैनिकों के लिए रीसेटलमेंट कोर्स के अंतर्गत खाद और औषधि मशरूम उत्पादन तकनीकी विषय पर 19 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया। समय से पूर्व समापन का कारण सैनिकों की छुट्टियां कैंसिल होने के कारण उनको अपने हेड क्वॉर्टर पर रिपोर्ट करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के कुलपति जनरल दीप अहलावत ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा की 44 साल की सेवा के बाद सैनिक अपनी सेवा से सेवा निवृत हो जाते हैं इसलिए उनके पास कई क्षेत्रों में कार्य करने के लिए समय होता है उन्होंने कहा कि इस तरह की ट्रेनिंग करने के बाद वह स्टार्टअप और अन्य लाभकारी खेती को प्रारंभ कर सकते हैं सैनिक अपनी नॉलेज को उपस्किल करके और आगे बढ़ सकते हैं उन्होंने कहा कृषि विश्वविद्यालय का वर्क कल्चर बहुत अच्छा है इसलिए ऐसे संस्थान से ट्रेनिंग लेने के उपरांत वह आसानी से कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाते हुए आगे बढ़ सकते हैं उन्होंने कहा देश सेवा करते हुए अपने एक अच्छी डिसिप्लिन लाइफ की है सेवानिवृत्ति के बाद गांव में जाकर आप अपने-अपने गांव में अपनी नॉलेज को किसने तक पहुंचाएं उन्होंने कहा कि आजकल टेक्नोलॉजी का जमाना है इसलिए आपको टेक्नोलॉजी के साथ साथ आगे बढ़ना होगा।

आयोजन *मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स में किया गया अनुशासन समिति का गठन*

अनुशासन से ही प्रज्ज्वलित होती है ज्ञान की ज्योति : अशोक ध्यानचंद

मेरठ, 9 मई (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स के विशाल प्रांगण में अनुशासन समिति का गठन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद (अर्जुन पुरस्कार विजेता, हॉकी खिलाड़ी, एवं महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के पुत्र) तथा प्रतिभा जोशी (स्टेट शूटर) रहीं। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।तत्पश्चात भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए दीप-प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुशासन समिति में गठित छात्राओं द्वारा गांधी हाउस, नेहरू हाउस, शास्त्री हाउस व टैगोर हाउस द्वारा मार्च पास्ट द्वारा की गई।

- ग्रुप के एमडी विक्रमजीत सिंह शास्त्री ने छात्रों को दीं शुभकामनाएं

जिसका नेतृत्व चयनित कप्तानों द्वारा किया गया। अनुशासन समिति के लिए छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना शर्मा द्वारा कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई गई तथा अनुशासन समिति में गठित छात्राओं को बैज देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सामूहिक गान के माध्यम से शपथ का अनुसरण करने का संकल्प लेना और पिरामिड बनाकर नेतृत्व के महत्व को दर्शाना, उनकी रचनात्मकता और टीम वर्क की भावना को दर्शाता है।

इसी श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए धृति जैन को हेड गर्ल, अन्वी को वाइस हेड गर्ल, जैनब खान को स्पोर्ट्स कैप्टन, सारा जिया को कैप्टन (गांधी हाउस),

वंशिका चौधरी (कैप्टन नेहरू हाउस), सांची कोहती (कैप्टेन शास्त्री हाउस), मेहरीन (कैप्टन टैगोर हाउस), दीक्षा (प्रेजिडेंट लिटरेरी क्लब इंग्लिश), मंतशा खान (प्रेजिडेंट लिटरेरी क्लब हिंदी), अल्वीरा खान (प्रेजिडेंट फोटोग्राफी क्लब), तनुष्का गिरी (प्रेजिडेंट स्टेम क्लब), सलोनी मण्डल (प्रेजिडेंट एस्थेटिक क्लब), भवनीत कौर भाटिया (प्रेजिडेंट कैनवस क्लब), फातिमा खान (प्रेजिडेंट कुजीन क्लब), अनुष्का मित्तल (प्रेजिडेंट सोशल मीडिया रिप्रेजेन्टेटिव), कनिष्का गुप्ता (डिबेट एंड पब्लिक स्पीकिंग रिप्रेजेन्टेटिव), कृतिका शर्मा (हेड गर्ल मिडिल सेक्शन), एलीना जावेद (जूनियर हेड गर्ल प्राइमरी सेक्शन), चुनाव के संदर्भ में उनकी नेतृत्व-क्षमता और विद्यालय के प्रति समर्पण को देखते हुए किया गया। इसी अवसर पर वंशिका चौधरी को कुसुम शास्त्री अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो उनकी विशिष्ट उपलब्धियों और विद्यालय के प्रति योगदान को दर्शाता है।

मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की तारीफ करते हुए चयनित छात्राओं को टीम भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया तथा अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार अनुशासन का हमारे जीवन में महत्व है, उन्होंने नारी सशक्तिकरण पहलू पर बल देते हुए समाज के प्रत्येक क्षेत्र में नारी के योगदान की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के प्रबंध निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री तथा प्रबंध निदेशिका केतकी शास्त्री उपस्थित रहीं।

प्रबंध निदेशक ने छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दीं तथा उनको बताया कि अनुशासन समिति के विभिन्न सदस्यों को अन्य छात्राओं के साथ सरल, सहज व सकारात्मक व्यवहार करने तथा शैक्षिक उद्देश्य के अनुसरण के संदर्भ में आदर्श छात्राओं के रूप में कार्य करना चाहिए। इसके बाद उपस्थित अभिवाकगणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 10 मई, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

ऑपरेशन सिंदूर

कुपवाड़ा जिले के एक गांव के मुखिया मोहम्मद जाफर लोन ने फोन पर बताया कि केवल हम सुरक्षित है

एलओसी कराह रही है दोनों ओर से

उड़ी, पुंछ व राजौरी समेत कई कस्बों को पाक सेना ने गोलों से पाट दिया

भयानक तबाही, दो की मौत, दर्जनों जख्मी, उस पार भी नुक्सान पहुंचाने का दावा

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 9 मई (देशबन्धु)। बाइस सालों तक शांत रहने वाली एलओसी अर्थात लाइन आफ कंट्रोल पर दोनों ओर से तोपखाने आग उगले रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे दोनों ओर से 22 सालों का गुब्बार एक ही दिन में निकाल देना चाहते हों। कल के ड्रोन हमलों के बाद से ही पाक सेना भारी तोपखानों से उड़ी, पुंछ और राजौरी को श्मशान बनाने में जुटी हुई है। दर्जनों मकान ध्वस्त हो चुके हैं। दो लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। हालांकि उस पार पाक सेना को जबरदस्त क्षति पहुंचाने के दावों के बीच उस पार भी ऐसी ही तबाही के समाचार हैं।



कश्मीर में एलओसी के पास के गांवों में पाक सेना द्वारा रात से की जा रही गोलाबारी में एक महिला की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा। खबरों के मुताबिक, उड़ी गांव में सड़क पर एक वाहन पर गोलाबारी होने से महिला की मौत हो गई, जिसकी पहचान नरगिस बेगम पत्नी बशीर खान के रूप में हुई है। एक अन्य महिला घायल हो गई, जिसका बारामुल्ला जिले के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा गोलाबारी के बीच खतरा मोल लेते हुए उड़ी में बेघर हुए तथा जख्मी हुए लोगों से मिलने पहुंचे हैं। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने महिला की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि कल रात तीन लोगों को छर्रे लगने के कारण बारामुल्ला के सरकारी मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया था। अधिकारी ने कहा कि महिला को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि एक पुरुष और एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर है, लेकिन उनके कान और सीने में छर्रे लगे हैं। इसके अलावा, पुंछ जिले के लोरान मंडी तहसील के लोहिबेला इलाकों में पाकिस्तानी गोलाबारी में एक नागरिक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान लोहिबेला के इबरार मलिक के रूप में हुई है, जबकि घायलों की पहचान शाहिदा बेगम और वसीम अहमद के रूप में हुई है। गोलाबारी में दर्जनों घर और अन्य संरचनाएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कुपवाड़ा जिले के एक गांव के मुखिया मोहम्मद जाफर लोन ने फोन पर बताया कि केवल हम सुरक्षित हैं क्योंकि हमने भूमिगत बंकरों में शरण ली है। बाकी, कई घर क्षतिग्रस्त हो गए है। उन्होंने कहा कि सुबह करीब 5.30 बजे गोलाबारी बंद हो गई जिसके बाद उन्होंने क्षतिग्रस्त घरों का दौरा किया। लोन ने बताया कि 1700 से अधिक आबादी वाले उनके हाजीनार गांव में रात भर की गोलाबारी में कम से कम 20 घर क्षतिग्रस्त हो गए। कुपवाड़ा के एक अन्य ग्रामीण का कहना था कि वे डर में जी रहे हैं और डर के कारण अपने गांव छोड़ने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग गांव छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। कुपवाड़ा में भी रात में भारी गोलाबारी के बाद गांवों में दहशत और भय का माहौल रहा और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। चौकीबल, टंडगर, उड़ी और करनाह गांवों में गोलाबारी तेज थी और लोग भूमिगत बंकरों में शरण लिए हुए थे। कई दूरदराज और पहाड़ी गांवों से ली गई तस्वीरों में आवासीय और व्यावसायिक संरचनाओं को भारी नुकसान दिखाई दिया।

पाक हवाई हमलों से बचने के लिए कई जगह विमानभेदी तोपें व मिसाइल तैनात

जम्मू, 9 मई (देशबन्धु)। कल रात और आज तड़के पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों के हमलों के बाद ऐसे हमलों की पुनर्रावृत्ति को रोकने की खातिर कई अन्य सामरिक महत्व के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की खातिर विमानभेदी तोपों और मिसाइलों की तैनाती की जाने लगी है। ऐसा कदम इसलिए उठाना पड़ा है क्योंकि भारतीय पक्ष को इसके प्रति उम्मीद नहीं थी कि पाकिस्तान इस तरह से नागरिक ठिकानों को अपना निशाना बनाने की खातिर ड्रोनों के झुंड भेजेगा।

अधिकारियों ने बताया कि पाक सेना और वायुसेना की इन मंशाओं के मद्देनजर प्रदेश में सीमाओं और भीतर तैनात की गई विमानभेदी तोपों को भी हाई अलर्ट की स्थिति में रहने के लिए कहा गया है। जबकि वायुसैनिक हवाई अड्डों को चौकसी बरतने के साथ ही ऐसी किसी भी स्थिति में लड़ाकू विमानों को जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अधिकारियों को मिलने वाली रपटों में जो पाक वायुसेना के हवाई हमलों की आशंका प्रकट की गई है उसमें हालांकि उसके संभावित निशानों के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों को ही अंकित किया गया है लेकिन अधिकारी किसी प्रकार का खतरा मोल लेने को तैयार नहीं हैं। रक्षाधिकारियों का कहना था कि एलओसी के पार पाक वायुसेना की गतिविधियों में अचानक तेजी आई है। जबकि पाक वायुसेना छाताधारी सैनिकों को उतारने की प्रैक्टिस भी कर रही है। संभवता, मिलने वाली रिपोर्टों के अनुसार, वे इस कार्रवाई को भारतीय क्षेत्र में दोहराना चाहते हैं। असल में पिछले दो दिनों से ऑप्रेशन सिंदूर के तहत पूरे पाकिस्तान में अफरातफरी का माहौल है। दरअसल पाकिस्तान को भारत के इस आक्रामक रूख का कोई अंदाजा नहीं था। भारतीय कार्रवाई ने पाक सेना को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है। यह स्थिति कैसी है इसी से स्पष्ट है कि पाक सेना कश्मीर सीमा के अन्य सेक्टरों में मोर्चे तो खोल रही है लेकिन वहां भी उसे भारत के आक्रामक रूख का सामना करना पड़ रहा है। हवाई हमलों की चेतावनी जारी करते हुए जम्मू सीमा के सेक्टरों में भी विमानभेदी तोपों को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर तैनात किया गया है। अधिकारी कहते हैं कि पिछले कुछ दिनों से जो कोशिशें पाक वायुसेना के युद्धक विमानों द्वारा भारतीय सीमा के उल्लंघन करने की कोशिशें हो रही थीं वे भी इसी अभियान का एक हिस्सा लगता है जिसे पूरा करने की तैयारी में पाक वायुसेना जुटी हुई है।

गुलमर्ग गंडोला और सारे पर्यटनस्थल बंद, वैष्णो देवी आने पर रोक

पर्यटकों व श्रद्धालुओं को निकालने के लिए विशेष ट्रेनें चलेंगी

जम्मू, 9 मई। जम्मू कश्मीर में फंसे हुए पर्यटकों और श्रद्धालुओं को वापस भिजवाने के लिए रेलवे ने तीन विशेष रेलें चलाने का फैसला किया है। कई ट्रेनों को रद्द करके सैन्य कार्रवाई के लिए इस्तेमाल की तैयारी हो रही थी। जबकि प्रदेश प्रशासन प्रत्यक्ष तौर पर वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों हत्तोसाहित कर रहा था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रदेश में न आने की सलाह दी जा रही थी। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव और सुरक्षा खतरों के बीच श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने पवित्र वैष्णो देवी तीर्थयात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। बोर्ड ने तीर्थयात्रियों को सलाह दी है कि वे कम से कम 10 मई 2025 की सुबह 5 बजे तक वैष्णो देवी की यात्रा से बचें। यह निर्णय संभावित हवाई खतरों के मद्देनजर लिया गया है, क्योंकि जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

हाल के दिनों में जम्मू और जैसलमेर सहित कई उत्तरी राज्यों में ड्रोन और मिसाइल हमलों की खबरें सामने आई हैं। सीमा पार से होने वाली सैन्य गतिविधियों और हवाई घुसपैठ की घटनाओं के बाद जम्मू क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है। वैष्णो देवी मंदिर, जो पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है, प्रतिदिन हजारों भक्तों को आकर्षित करता है. ऐसे में प्रशासन भक्तों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। श्राइन बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी तीर्थयात्रियों से अनुरोध है कि वे बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए निर्धारित आश्रय स्थलों पर ही रहें। तीर्थस्थल पर मौजूद लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। स्थानीय प्रशासन को रक्षा बलों के साथ मिलकर किसी भी हवाई खतरे के प्रति सतर्क रहने और क्षेत्र में तीर्थयात्रियों व स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इससे पहले कल पाकिस्तान के ड्रोन हमलों से पहले ही कश्मीर के सबसे बड़े पर्यटनस्थल गुलमर्ग में भी टूरिस्टों के आने पर रोक लगा दी गई थी। गंडोला को परसों से ही बंद कर दिया गया था। हालांकि हवाई मार्ग के बंद हो जाने के बाद कश्मीर और प्रदेश के अन्य इलाकों में फंसे हुए प्रवासी नागरिकों को उनके घरों तक पहुंचाने की खातिर विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

भारत ने डिफेंस व ऑफेंस कैपेबिलिटी को बढ़ाया है : पूर्व राजदूत

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफल सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन से भारत में हमले किए, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम 'एस-400' ने नाकाम कर दिया। जॉर्डन, लीबिया और माल्टा के पूर्व भारतीय राजदूत अनिल त्रिगुनायत ने शुक्रवार को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि देश ने अपनी डिफेंस और ऑफेंस कैपेबिलिटी को बढ़ाया है।

पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुनायत ने कहा कि भारत आज नहीं बल्कि बहुत सालों से तैयारी कर रहा है कि हमारा डिफेंस सिस्टम बहुत मजबूत होना चाहिए। अब आ रही रिपोर्ट से पता चल रहा है कि 'एस-400' बेहतरीन काम कर रहा है। हमारा एयर डिफेंस सिस्टम काफी मजबूत है। हमने देखा कि भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान के अंदर 9 जगहों पर टारगेटेड हमले किए, जिसमें किसी भी नागरिक और पाकिस्तान आर्मी को निशाना नहीं बनाया गया। लेकिन, पाकिस्तान हम पर लगातार हमला करता रहेगा। ऐसे में पाकिस्तान के हमले का जवाब और जोर से देना पड़ेगा। जो रियलिटी है, उसे पूरी दुनिया देख रही है कि भारत ने अपने डिफेंस और ऑफेंस कैपेबिलिटी दोनों को बढ़ाया है।

उन्होंने राफेल की भूमिका पर कहा कि लोग भले ही राफेल की तारीफ करें, लेकिन सच बात यह है कि हमारे एयरफोर्स के जो ऑफिसर हैं, उनका भी कोई सानी नहीं है। लड़ाई हथियारों से लड़ी जाती है, लेकिन लड़ता फौजी है। हमारे फौजी कितने जबरदस्त हैं, यह पूरी दुनिया जानती है। कुछ साल पहले अमेरिका के साथ एक वॉर-गेम हुई थी। इस वॉर-गेम में भारत ने अमेरिका के लगभग सारे फौजी को हरा दिया। ऐसे में राफेल अपने आप में एक अच्छा प्लेटफॉर्म है, लेकिन उसे भारतीय सेना ने भी बहुत अच्छे से उपयोग किया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव में दुनिया के बाकी देशों की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि सभी कह रहे हैं कि लड़ाई नहीं लड़नी चाहिए। डि-एस्केलेशन करना चाहिए, हम भी यह कहते रहे हैं, लेकिन जिसके ऊपर पड़ती है, वही इसे समझ सकता है। भारत को अपनी सुरक्षा देखनी है, भारत को आतंकवाद और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को जवाब देना है। दुनिया हमारे प्वाइंट ऑफ व्यू को समझती है, जो आतंकवादी हैं, उन पर ग्लोबल एक्शन लेना चाहिए और जो इन्हें बढ़ावा देते हैं, उन पर इंटरनेशनल प्रेशर डालना चाहिए।

मां दिवस पर विशेष : मां बनना ईश्वर का वरदान, शिशु को पालने में नींद तक करनी पड़ती है कुर्बान

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। मां बनना ईश्वर की ओर से एक औरत को दिया हुआ सबसे बड़ा उपहार है। इस उपहार के साथ कई बदलाव भी शरीर में आते हैं। स्किन पर भी असर पड़ता है। मां बनते ही जिंदगी पूरी तरह बदल जाती है, रूटीन, प्राथमिकताएं और सबसे ज्यादा आपका नींद से रिश्ता कच्चा सा हो जाता है। ऐसी स्थिति में आखिर करें तो करें क्या? दादी मां के नुस्खे तो कारगर हैं ही, लेकिन इसके साथ ही मॉडर्न पैथी में भी इससे डील किया जाता है। पोस्टपार्टम डिप्रेशन में चिड़चिड़ापन, थकावट की स्थिति बनी रहती है। इसका एक कारण नींद की कुर्बानी होती है। रातें बच्चों को संभालते निकल जाती हैं, उन्हें उठाना, दूध पिलाना, डाइपर बदलना और कई बार बस मोबाइल पर स्क्रॉल करते हुए ये जानने की कोशिश करना कि कहीं कुछ गलत तो नहीं कर रही- में समय निकल जाता है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित लेख के मुताबिक प्रसवकालीन अवसाद एक प्रचलित और संभावित रूप से गंभीर मनोदशा विकार है जो

■ प्रसव के बाद के पहले 42 दिन एक महिला के लंबे समय तक सेहतमंद रहने के लिए आवश्यक

■ थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, शरीर में दर्द और भावनात्मक असंतुलन

गर्भावस्था के दौरान या बच्चे के जन्म के बाद पहले वर्ष के दौरान लगभग 7 में से 1 महिला को प्रभावित करता है। प्रसवकालीन अवसाद हार्मोनल परिवर्तनों, आनुवंशिक प्रवृत्ति और पर्यावरणीय कारकों के मेल से उत्पन्न होता है। वहीं आयुर्वेद प्रसव के बाद की अवधि, या सूतिका काल को नई मां के लिए एक महत्वपूर्ण चरण मानता है। आयुर्वेद के अनुसार, प्रसव के बाद के पहले 42 दिन एक महिला के लंबे समय तक सेहतमंद रहने के लिए आवश्यक होते हैं। इस अवधि में मां को प्रसव से उबरने, ताकत हासिल करने और हार्मोनल संतुलन को बहाल करने में मदद करने के लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। ठीक वैसा ही जैसी हमारी दादी-नानी करती भी आई हैं। आयुर्वेद के मुताबिक प्रसवोत्तर में देखभाल जरूरी होती है क्योंकि गर्भावस्था और प्रसव के कारण वात में काफी वृद्धि होती है, जिससे थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, शरीर में दर्द और भावनात्मक असंतुलन होता है। यदि उचित देखभाल नहीं की जाती है, तो बहुत दिक्कत हो सकती है। इस दौरान निद्रा अहम होती है। वहीं, मॉडर्न पैथी भी कुछ ऐसा ही कहती है। दिल्ली स्थित एक प्रतिष्ठित अस्पताल में ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी की लीड कंसल्टेंट डॉ. मंजूषा गोयल भी कुछ ऐसा ही सोचती हैं।

दिल्ली में सायरन बजा तो लोगों में मच गई अफरा तफरी

■ डॉ. कला अय्यर

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। भारत पाकिस्तान तनाव के बीच दिल्ली में हवाई हमला होने का खतरा बढ़ गया है। इसलिए राजधानी में हाईअलर्ट और इमरजेंसी की घोषणा हो गई है। हवाई हमले के अलर्ट से आज दिल्ली में मॉक ड्रिल भी किया गया। भारतीय सेना दिल्ली के प्रमुख भवनों को सेना अपनी सुरक्षा में लेगी। सीआईएसएफ इस मामले में सेना को सहयोग करेगी। दिल्ली के पीडब्लूडी हेडक्वार्टर में सायरन इनस्टॉल किया गया है, जो तकरीबन 4 किलोमीटर के दायरे में सुनाई देगा। शुक्रवार को दोपहर में ठीक 3 बजे सायरन बजाया गया। हालांकि यह एक ट्रायल था, लेकिन सायरन बजते ही लोग पैनिक करने लगे बाद में पुलिस ने उन्हें असल हालात बताए। डायरेक्ट्रेट ऑफ सिविल डिफेंस ने दिल्ली में हवाई हमले के सायरन की

टेस्टिंग करने और मॉकड्रिल करने के आदेश के बाद कई जगह मॉक ड्रिल भी की गई। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने एक आदेश जारी करके देश के सभी बंदरगाहों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। भारतीय कोस्ट गार्ड ने भारतीय मछुआरों को भी अलर्ट रहने के लिए कहा है। बता दें कि दिल्ली में भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं। इंडिया गेट, लाल किला और कुतुब मीनार समेत टूरिस्ट प्लेस और इमारतों को खाली कराया गया है। दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों को चप्पे-चप्पे पर तैनात किया गया है। मेट्रो स्टेशनों, मॉल और व्यस्त बाजारों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बम निरोधक दस्तों, फायर ब्रिगेड और अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को जाम नहीं लगने देने के आदेश दिए हैं। सीसीटीवी कैमरों से पूरी दिल्ली की निगरानी की जा रही है। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों के दफ्तरों में निर्देश दिए गए हैं कि वे सरकार को सहयोग करें। किसी तरह की अफवाह न फैलाएं। किसी तरह का मैसेज फॉरवर्ड न करें। आपदा की स्थिति में एक दूसरे को सहयोग करें और एक दूसरे का मनोबल बनाए रखें। बता दें कि दिल्ली में 54 साल बंद सायरन बजेंगे। इससे पहले साल 1971 में भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ था, तब सायरन बजे थे। अब 2025 में जंग के हालात बने हैं तो दिल्ली में सायरन बजेंगे।

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढने वाले शेयर

टाइटन	4.38 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	3.90 प्रतिशत
एलटी	3.77 प्रतिशत
एसबीआई	1.39 प्रतिशत
एशियन पेंट	0.02 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

आईसीआईसीआई बैंक	3.16 प्रतिशत
पावरग्रिड	2.70 प्रतिशत
अल्ट्रासिम्को	2.15 प्रतिशत
बजाज फाइनेंस	2.02 प्रतिशत
रिलायंस	1.93 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	97,000
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	96,900
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	77.49	89.57
पौंड स्टर्लिंग	103.06	119.50
यूरो	87.85	101.89
चीन युआन	8.26	13.4

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दडा	3100-3200
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	4280-4380
चीनी एम	4500-4600
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4400-4500

दाल-दलहन

चना	5850-5950
दाल चना	6850-6950
मसूर काली	7550-7650
उड़द दाल	9000-9100
मूंग दाल	9550-9650
अरहर दाल	8500-8600

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

भारत-पाक संघर्ष से रोजाना घरेलू हवाई यातायात का 11 प्रतिशत प्रभावित

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही देश के 24 हवाई अड्डों के बंद होने से रोजाना घरेलू हवाई यातायात का कम से कम 11 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक डेटा से मिली है। इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, डेली एवरेज डोमेस्टिक फ्लाइट्स अप्रैल में 3,265 से घटकर 8 मई तक 2,907 रह गईं। फ्लाइटरडार24 डेटा के अनुसार, 9-10 मई को करीब 670 एयरलाइन रूट प्रभावित होंगे। इसमें बंद किए गए 24 हवाई अड्डों पर 334 इनकमिंग और 336 आउटगोइंग फ्लाइट्स शामिल हैं।

श्रीनगर, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू व लेह के हवाई अड्डे सबसे अधिक प्रभावित रूट हैं। अन्य प्रभावित हवाई अड्डों में पटियाला, भुंतर, पठानकोट, बीकानेर, जैसलमेर, मुंद्रा, केशोद और राजकोट शामिल हैं। इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई सहित कई शहरों में भी विमानों के आगमन में देरी हो रही है। फ्लाइटरडार24 के आंकड़ों के अनुसार, इन हवाई अड्डों से विमानों के प्रस्थान में अधिक व्यवधान आ रहा है।

■ श्रीनगर, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू व लेह के हवाई अड्डे सबसे अधिक प्रभावित रूट

इस बीच, दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शुक्रवार को ऑपरेशनल रहा। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन सामान्य बना हुआ है। हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों और कड़ी सुरक्षा के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। कृपया नवीनतम अपडेट के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें।

डीआईएएल ने कहा कि हम किसी भी असुविधा को कम करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। लो-कॉस्ट एयरलाइन इंडिगो को 500 से अधिक उड़ानें रद्द होने का सामना करना पड़ रहा है। एयरलाइन ने एक्स पोस्ट में कहा कि आपकी सुरक्षा सर्वोपरि है और हम आपकी यात्रा को आसान बनाने में मदद करने के लिए यहां हैं।

एयर इंडिया ने की यात्रियों से एयरपोर्ट पर तीन घंटे पहले पहुंचने की अपील

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ने के बीच एयर इंडिया ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे एयरपोर्ट पर निर्धारित प्रस्थान समय से कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, एयरलाइन ने कहा कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के आदेश के मद्देनजर, भारत भर के यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने एयरपोर्ट पर निर्धारित प्रस्थान से कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचे ताकि सुचारू चेक-इन और बोर्डिंग सुनिश्चित हो सके। एयरलाइन ने कहा कि चेक-इन प्रस्थान से 75 मिनट पहले बंद हो जाता है। यह सलाह पाकिस्तान द्वारा जम्मू और पश्चिमी सीमा के पास कई सैन्य स्टेशनों को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमलों के बाद आई है, जिन्हें भारत की एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया था। ड्रोन और मिसाइलों से किए गए हमले के प्रयास ने जम्मू और कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैकआउट और सायरन बजा दिया। अधिकारियों ने निवासियों से घर के अंदर रहने और सतर्क रहने का आग्रह किया।

पीएमएसबीवाई के कुल नामांकन में 2016 से 443 प्रतिशत की वृद्धि : केंद्र

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत संचयी नामांकन में 2016 से 443 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इस दुर्घटना बीमा योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर एनरॉलमेंट को लेकर जानकारी दी।

यह योजना दुर्घटनाओं और जानमाल के नुकसान के मामले में वित्तीय स्थिरता और सस्ती सुरक्षा प्रदान करती है, जिसकी कीमत केवल 20 रुपए प्रति वर्ष है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम सुरक्षा बीमा योजना के साथ अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करें! पीएमएसबीवाई के तहत संचयी नामांकन में 443 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो मार्च 2016 में 9.40 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2025 में 51.06 करोड़ हो गई है। केवल 20 रुपए प्रति वर्ष पर सस्ती सुरक्षा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जनता को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के सरकार के प्रयासों की आधारशिला बन गई है। इस योजना को आधिकारिक तौर पर 9 मई, 2015 को कोलकाता में लॉन्च किया गया था। इस योजना के लिए केवल 20 रुपए का वार्षिक प्रीमियम देना होता है, जो पॉलिसीधारक के खाते से अपने आप कट जाता है। योजना 18 से 70 वर्ष की आयु के सभी भारतीय निवासियों और एनआरआई को कवर करती है, बशर्ते उनके पास वैध बैंक खाता हो। दुर्भाग्यवश दुर्घटना के कारण आंशिक दिव्यांगता की स्थिति में, यह योजना व्यक्ति के खाते में सीधे 1 लाख रुपए की राशि प्रदान करती है। सड़क दुर्घटना या किसी अन्य दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारण हुई मृत्यु के दुखद मामले में, मृतक के परिवार या वारिस को 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता मिलती है।

■ योजना के लिए केवल 20 रुपए का वार्षिक प्रीमियम जरूरी

भारत के आईटी सेक्टर में अप्रैल में 16 प्रतिशत बढ़ी भर्तियां

बेंगलुरु, 9 मई (एजेंसियां)। भारत के आईटी सेक्टर में अप्रैल 2025 में भर्तियों में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक नई रिपोर्ट में दी गई।

जॉब्स प्लेटफॉर्म फाउंडइट (पूर्व मॉन्स्टर) की रिपोर्ट में बताया गया कि इस वृद्धि की वजह ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) का मजबूत विस्तार होना है। भारत में जीसीसी से 2024-25 में 1,10,000 से ज्यादा नई टेक नौकरियां पैदा हुई हैं।

हालांकि, मासिक आधार पर अप्रैल में भर्तियों में 11 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। रिपोर्ट में इस गिरावट को आंशिक ट्रेंड बताया गया है और लंबी अवधि में भर्तियों

का पारिदृश्य अभी भी सकारात्मक बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुभवी और विशेष एवं फ्यूचर-रेडी स्किल की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है। साथ ही कंपनियां अब स्किल को अधिक प्राथमिकता दे रही है। फाउंडिट के सीईओ वी सुरेश के अनुसार, यह क्षेत्र रणनीतिक विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। देश क्वांटिटी-आधारित भर्तियों से स्किल-आधारित, इनोवेशन-आधारित रोजगार की ओर बढ़ रहा है।

भारत के रेडियोलॉजी सेक्टर में एआई-लेड इनोवेशन विकास को दे रहा बढ़ावा : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत में डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी डिवाइस को अपनाने में शानदार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिसमें एआई-पावर्ड टेक्नोलॉजीज और रिमोट मॉनिटरिंग सॉल्यूशन को अपनाने में तेजी देखी गई है। यह जानकारी शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

टेक-इनेबल्ड मार्केट इंटेलिजेंस फर्म 1लैटिस की रिपोर्ट में भी इस वृद्धि का श्रेय बीमारी के बढ़ते बोझ और स्वास्थ्य सेवा के इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ते निवेश को दिया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 1.48 लाख रेडियोलॉजी डिवाइस रजिस्टर्ड किए गए हैं, जिनमें 20,590 डिवाइस के साथ महाराष्ट्र, 15,267 डिवाइस के साथ तमिलनाडु और 12,236 डिवाइस के साथ उत्तर प्रदेश

■ भारत में 1.48 लाख रेडियोलॉजी डिवाइस किए गए रजिस्टर्ड

का नाम सबसे आगे है। ये आंकड़े शहरी केंद्रों से परे भी डायग्नोस्टिक सेवाओं के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण की ओर व्यापक रुझान को दर्शाते हैं। 1लैटिस के हेल्थकेयर और लाइफसाइंसेज के निदेशक संजय सचदेवा ने कहा कि रेडियोलॉजी अब अस्पताल आधारित विशेषज्ञता से प्राथमिक और निवारक देखभाल की आधारशिला बन गई है। एआई, पोर्टेबिलिटी और रिमोट मॉनिटरिंग के साथ आने से पहुंच आसान हो रही है, सटीकता में सुधार हो रहा है और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में डायग्नोस्टिक्स की डिलीवरी को नया आकार मिल रहा है।

एआई-पावर्ड रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग (आरपीएम) से रेडियोलॉजी का प्रभाव और भी बढ़ जाता है, जिससे रियल-टाइम ट्रैकिंग संभव हो जाती है और रिमोट हेल्थ मॉनिटरिंग के माध्यम से बार-बार व्यक्तिगत रूप से आने की आवश्यकता कम हो जाती है। रेडियोलॉजी उपकरण बाजार में वैश्विक स्तर पर मजबूत वृद्धि की उम्मीद है।

सार संक्षेप

मुंबई हाई टेंडर रद्द करने की रिपोर्ट भ्रामक : ओएनजीसी

नई दिल्ली। तेल एवं गैस क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) ने मुंबई हाई टेंडर रद्द करने की प्रकाशित रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भ्रामक और निराधार है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि 8 मई 2025 को एक समाचार पत्र में प्रकाशित 'ओएनजीसी ने मुंबई हाई टेंडर रद्द किया, बीपी भागीदारी पर अनिश्चितता मंडरा रही है' शीर्षक वाली रिपोर्ट को पूरी तरह से निराधार और भ्रामक करार दिया है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि ओएनजीसी ने अपने बहुचर्चित मुंबई हाई टेंडर को रद्द कर दिया है, जिससे बीपी के साथ रणनीतिक भागीदारी पर अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है। ओएनजीसी ने इस तरह की अटकलबाजी पर आधारित रिपोर्टिंग का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि मुंबई हाई क्षेत्र में तकनीकी सेवा प्रदाता (टीएसपी) के रूप में बीपी के साथ हमारा अनुबंध पूरी तरह प्रभावी और चालू है।

विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 686.06 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 02 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 688.13 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 2 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.5 अरब डॉलर की भारी कमी आई और यह घटकर उछलकर 81.8 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर तीन करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.6 अरब डॉलर पर आ गया।

सोने की कीमत में गिरावट, 97 हजार रुपए के नीचे दाम

नई दिल्ली। सोने की कीमत में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली और कीमत घटकर 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 383 रुपए कम होकर 96,647 रुपए हो गई है, जो कि पहले 97,030 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट के सोने की कीमत कम होकर 94,330 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट के सोने की कीमत घटकर 86,020 रुपए प्रति 10 ग्राम, 18 कैरेट के सोने का दाम कम होकर 78,280 रुपए प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट के सोने का दाम कम होकर 62,340 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी गिरावट देखने को मिली है।

भारत-पाक तनाव से शेयर बाजार में कोहराम

■ सेंसेक्स 1.10 प्रतिशत का का गोता लगाकर 79,454.47 अंक पर
■ निफ्टी 1.10 प्रतिशत टूटकर 24008.00 अंक पर बंद

मुंबई, 9 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव से डरे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 880.34 अंक अर्थात 1.10 प्रतिशत का का गोता लगाकर आठ कारोबारी सत्र के बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,454.47 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 25 मई को 79,212.53 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत टूटकर 24008.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत फिसलकर 42,111.50 अंक और स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत उतरकर 46,741.95 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4010 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2522 में गिरावट जबकि 1343 में तेजी रही वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2887 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 1738 में बिकवाली जबकि 1065 में लिवाली हुई वहीं 84 के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 17 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा।



इस दौरान कमोडिटीज 0.10, सीडी 0.29, ऊर्जा 0.74, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.40, हेल्थकेयर 0.16, आईटी 0.32, दूरसंचार 0.46, यूटिलिटीज 1.50, ऑटो 0.19, बैंकिंग 1.04, तेल एवं गैस 0.46, पावर 1.11, रियल्टी 2.08, टेक 0.46, सर्विसेज 0.63 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत टूट गए।

विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.47, जर्मनी का डैक्स 0.67, जापान का निक्केई 1.56 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.40 प्रतिशत चढ़ गया। हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.30 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1366 अंक की भारी गिरावट लेकर 78,968.34 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 80,032.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 78,968.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,334.81 अंक के मुकाबले 1.10 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,454.47 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 3.16, पावरग्रिड 2.70, अल्ट्रासिम्को 2.15, बजाज फाइनेंस 2.02, रिलायंस 1.93, एचडीएफसी बैंक 1.93, बजाज फिनसर्व 1.77, अडानी पोर्ट्स 1.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, एनओपीसी 1.52, आईटीसी 1.50, एक्सिस बैंक 1.44, सन फार्मा 1.23, भारती एयरटेल 1.21, इटरनल 1.09, मारुति 1.00, इंडसइंड बैंक 0.95, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.90, नेस्ले इंडिया 0.74, टेक महिंद्रा 0.64, टाटा स्टील 0.63, एचसीएल टेक 0.63, इंफोसिस 0.25, टीसीएस 0.15 और कोटक बैंक 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाइटन 4.38, टाटा मोटर्स 3.90, एलटी 3.77, एसबीआई 1.39 और एशियन पेंट 0.02 प्रतिशत है।

पीएमजेजेबीवाई सफल, 2016 से अब तक 699 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज : केंद्र

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत कुल नामांकन में 2016 से 699 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को केंद्र सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई।

पीएमजेजेबीवाई के तहत कुल नामांकन में इस वृद्धि को सरकार ने अविश्वसनीय वृद्धि बताते हुए कहा कि इस योजना ने सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय समावेशन प्रदान कर लाखों लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाया है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएमजेजेबीवाई में कुल नामांकन मार्च 2016 में 2.96 करोड़ से 699 प्रतिशत बढ़कर अप्रैल 2025 तक 23.64 करोड़ हो गया है, जिससे जनसुरक्षा के तहत लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित हुआ है।

9 मई, 2015 को शुरू की गई पीएमजेजेबीवाई ने इस कड़वी सच्चाई को उजागर किया कि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी के पास ही किसी प्रकार का बीमा कवरेज है। इस योजना के तहत जीवन बीमा को न केवल किफायती बनाने के लिए बल्कि उच्च प्रीमियम, कागजी कार्रवाई या चिकित्सा जांच जैसी पारंपरिक बाधाओं को दूर कर सुलभ बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3790 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 सेंट की तेजी के साथ 48.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

भारत पवन व सौर ऊर्जा में बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक

■ भारत ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन में अग्रणी

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए पवन और सौर ऊर्जा का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है।

उन्होंने कहा कि देश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता इस वर्ष अप्रैल में सालाना आधार पर 30.7 प्रतिशत बढ़कर 107.95 गीगावाट तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष अप्रैल में 82.64 गीगावाट थी। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत स्वच्छ ऊर्जा क्षमता में लगातार वृद्धि कर रहा है।

अप्रैल 2025 में भारत की पवन ऊर्जा

■ भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है : प्रहलाद जोशी

क्षमता सालाना आधार पर 10.6 प्रतिशत बढ़कर 51.06 गीगावाट हो गई है, जो कि अप्रैल 2024 में 46.16 गीगावाट थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अप्रैल 2025 में देश की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता वार्षिक आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 231.81 गीगावाट हो गई है, जो कि 199.86 गीगावाट थी।

भारत ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन में अग्रणी है और पिछले दशक में अकेले सौर ऊर्जा में 30 गुना से अधिक वृद्धि हुई है। देश ने निर्धारित समय से आठ वर्ष पहले ही 2030 के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल कर लिया है। देश ने 2030 के लिए निर्धारित 200 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य 2022 में ही हासिल कर लिया था, जो तय समय से आठ वर्ष पहले है। देश में सौर मॉड्यूल उत्पादन 2014 में 2 गीगावाट से बढ़कर 80 गीगावाट हो गया है। जोशी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है, जिसमें 292 गीगावाट सौर ऊर्जा भी शामिल है। पिछले महीने जोशी ने राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी इलाके में हरियाणा के ग्वाल पहाड़ी स्थित राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान में पीवी मॉड्यूल टेस्टिंग और कैलिब्रेशन लैब का उद्घाटन किया था।

खेल जगत

अनुष्का ने किया भारतीय 'हीरोज' के शौर्य को सलाम

मुंबई। भारतीय सेना की पाकिस्तान पर की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर आम जनों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के सितारों का भी जोश हाई है और वे सेना के शौर्य को सलाम कर रहे हैं। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने पोस्ट कर वीर जवानों की सराहना की। वहीं, उनके क्रिकेटर पति विराट कोहली ने कहा कि देश सेना और उनके परिवार के ऋण को कभी नहीं उतार सकता। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा कि हम भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आभारी हैं। ये हमारे हीरो हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में हमारी रक्षा की है। उनके और उनके परिवारों के बलिदान के प्रति आभार। जय हिंद। अनुष्का की पोस्ट पर उनके पति और क्रिकेटर विराट कोहली की भी प्रतिक्रिया सामने आई। कमेंट सेक्शन में कोहली ने लिखा, 'जय हिंद।'

आईपीएल 2025 भारत-पाक में सरहद पर तनाव के चलते एक हफ्ते के लिए स्थगित

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ नए कार्यक्रम और स्थलों की घोषणा स्थिति का विस्तृत आकलन करने के बाद होगी

नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टाटा आईपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट को तुरंत प्रभाव से एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने यह खुलासा शुक्रवार दोपहर को किया। बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को स्थगित करने का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच सरहद पर तनाव के चलते लिया है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने एक वक्तव्य में कहा, ' आईपीएल 2025 के नए कार्यक्रम और स्थलों की घोषणा संबद्ध अधिकारियों और सभी हितधारकों के साथ विचार कर स्थिति का विस्तृत आकलन करने के बाद की जाएगी। यह फैसला आईपीएल गवर्निंग काउंसिल द्वारा सभी प्रमुख हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बाद लिया गया, जिसमें ज्यादातर आईपीएल फ्रेंचाइजी ने अपने खिलाड़ियों की चिंता और भावनाओं के साथ-साथ प्रसारक, प्रायोजकों और प्रशंसकों ने विचार भी व्यक्त किए। बीसीसीआई को अपने देश के सशस्त्र बलों की ताकत और तैयारियों पर पूरा भरोसा है, बावजूद इसके बोर्ड ने सभी हितधारकों के सामूहिक हित में काम करना मुनासिब समझा।'

आईपीएल को स्थगित करने का फैसला बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। इस बातचीत में बीसीसीआई के मानद सचिव सैकिया और आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी शामिल थे। शुक्रवार को दोपहर दो बज कर 40 मिनट पर आईपीएल 2025 को स्थगित करने का वक्तव्य जारी करने से पहले बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजी को बता दिया गया था। ऐसा समझा जाता है कि बैठक में शामिल सभी प्रतिभागियों ने सर्वसम्मति से कहा कि मौजूदा हालात में आईपीएल को जारी रखना मुनासिब नहीं है।

आईपीएल की सभी फ्रेंचाइजी द्वारा अपनी अपनी टीमों को समेटने का काम पहले ही शुरू हो चुका है। ऐसा बताया जाता है कि सभी फ्रेचाइजी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ भारत से बाहर और भीतर अगली उपलब्ध उड़ानों से लौटेंगे और इनमें विदेशी दल के मामले में उनकी संबंधित फ्रेंचाइजी और खिलाड़ी संघों की मदद ली जाएगी। भारत ने आईपीएल 2025 को स्थगित करने का फैसला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में बृहस्पतिवार को खेले मैच को जब पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बनाए थे तब जम्मू कश्मीर और पंजाब के सरहद इलाकों पर पाकिस्तान के ड्रोन के हमलों के बाद ब्लैकआउट के बाद मैच में भी बिजली बंद कर मैच को अधूरा समाप्त घोषित करने के बाद लिया। जम्मू व पठानकोट हवाईअड्डो पर हवाई हमले के अलर्ट के बाद ही दरअसल पहले धर्मशाला स्टेडियम की लाइट बंद कर दी गई और फिर मैच को रद्द कर दिया गया। धर्मशाला और उसके करीबी हवाईअड्डो को बद किए जाने से पजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी व सपोर्ट स्टाफ वहां से बस से जालंधर और वहां से ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। अभी मौजूदा आईपीएल अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा था और 58 मैच ही हुए थे और ग्रुप चरण के 12 और दो क्वॉलिफायर, एक इलिमिनेटर और एक फाइनल सहित कुल 16 मैच बाकी थे। अभी ग्रुप चरण में लखनउ(2), हैदरबाद व अहमदबाद (3 - 3), दिल्ली, चेन्नै व बेंगलुरू (दो-दो) तथा मुंबई और जयपुर में एक एक मैच खेला जाना था। भारत की इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है।

पाकिस्तान ने युद्ध को चुना है : सहवाग

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने गुरुवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने ऐसे समय में युद्ध का रास्ता चुना जब उसके पास 'चुप रहने का अवसर' था। पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू और पश्चिमी सीमा के पास कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें सफलतापूर्वक विफल कर दिया। पाकिस्तान ने युद्ध छेड़ दिया और भारतीय सेना ने जवाबी हमले किए। सहवाग उन कई खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान को दोषी ठहराया और हमलों को विफल करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। सहवाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प चुना, जब उनके पास चुप रहने का अवसर था।

रोहित की देशवासियों से अपील, फर्जी खबरों से बचें, जिम्मेदार नागरिक बनें

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारतीय वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक महत्वपूर्ण संदेश साझा करते हुए देशवासियों से एकजुटता और जिम्मेदारी की अपील की। यह संदेश ऐसे समय में आया है, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत 7 मई को पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सफल कार्रवाई की। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। इस ऑपरेशन को 26 भारतीय नागरिकों की हत्या के जवाब में अंजाम दिया गया। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से अफवाहों का दौर भी शुरू हो गया है। रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए अपने संदेश में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की बहादुरी की सराहना की, जो देश की सुरक्षा के लिए अडिग खड़े हैं। उन्होंने लिखा, हर पल, हर फैसले के साथ मुझे हमारी थलसेना, वायुसेना और जलसेना पर गर्व है। हमारे योद्धा अपने देश के गर्व के लिए मजबूती से खड़े हैं। देश के हर नागरिक को जिम्मेदार बनना होगा और फर्जी खबरों से बचना होगा। सुरक्षित रहें! इसके बाद रोहित ने जयहिंद और ऑपरेशन सिंदूर के हैशटैग भी पोस्ट में लगाए रोहित का यह बयान तब आया जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में सुरक्षा अलर्ट बढ़ा दिया गया। हवाई अड्डों पर सतर्कता, सायरन और ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तान की उकसाहट जारी रही, तो भारतीय सेना भी इसका करारा जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। रोहित शर्मा इस समय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का हिस्सा हैं। वह मुंबई इंडियंस टीम की ओर से खेल रहे हैं। पांच बार की चैंपियन एमआई की टीम ने सीजन में शुरुआती लड़खड़ाहट के बाद लगातार छह जीत दर्ज करके अंक तालिका में फिलहाल चौथा स्थान बनाया हुआ है।

गिल, राहुल ने पाक के साथ तनाव के बीच भारतीय सशस्त्र बलों को 'सलाम' किया

नई दिल्ली। पूर्व और वर्तमान भारतीय क्रिकेटरों ने भारतीय सशस्त्र बलों पर अपना प्यार और आभार व्यक्त किया, क्योंकि भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव नए स्तर पर पहुंच गया है, क्योंकि भारतीय बलों ने सीमा पार से मिसाइल हमलों और ड्रोन हमलों के प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। भारत के उप-कप्तान शुभमन गिल उन क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्होंने सशस्त्र बलों की बहादुरी की सराहना की। गिल ने एक्स पर एक संदेश में पोस्ट किया, ऐसे समय में राष्ट्र सबसे ऊपर है। हमारे सैनिक, जिनके वीरतापूर्ण प्रयास हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, और उनके परिवार, जो राष्ट्र के लिए ऐसे बलिदान देते हैं, हम आपके और सभी के लिए प्रार्थना करते हैं। जय हिंद। केएल राहुल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हमारे सम्मानित सशस्त्र बलों के प्रत्येक सदस्य और उनके पीछे खड़े परिवारों को - हम आपकी बहादुरी, बलिदान और ताकत को सलाम करते हैं। एक राष्ट्र के रूप में, हम आपके पीछे मजबूती से खड़े हैं और हमारी रक्षा करने के लिए आपका धन्यवाद करते हैं। जय हिंद।

पंत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है : सिद्धू

■ पंत आईपीएल की नीलामी में 27 करोड़ की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू को लगता है कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत को मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में खराब फॉर्म के बीच बेसिक्स पर वापस जाने और अपने शॉट चयन पर काम करने की जरूरत है।आईपीएल के मौजूदा सत्र को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण निलंबित कर दिया गया है। पंत, जो आईपीएल 2025 की नीलामी में 27 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे, इस सीजन में दस पारियों में सिर्फ 128 रन बनाकर निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके प्रदर्शन में पांच सिंगल-डिजिट स्कोर, एक डक और सिर्फ एक अर्द्धशतक शामिल है। पंजाब किंग्स के खिलाफ एलएसजी के पिछले मैच में, दो शुरुआती आउट होने के बाद पंत चौथे नंबर पर आए, लेकिन 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 गेंदों पर केवल 18 रन ही बना पाए। एलएसजी ने यह गेम 37 रनों से गंवा दिया और 11 मैचों में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

डीडीसीए को बम से उड़ाने की धमकी

■ अरुण जेटली स्टेडियम में 11 मई को गुजरात और दिल्ली का आखिरी मैच आयोजित होना था

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को शुक्रवार को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर का बदला लेने के लिए नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गई है। डीडीसीए के एक शीर्ष अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि शुक्रवार सुबह अरुण जेटली स्टेडियम को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। मेल में लिखा है, आपके स्टेडियम में बम विस्फोट होगा। हमारे पास भारत में सक्रिय पाकिस्तान का एक प्रतिबद्ध स्लीपर सेल है। विस्फोट ऑपरेशन सिंदूर का हमारा बदला होगा। यह स्थल आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैचों की मेजबानी कर चुका है, इससे पहले इसे शुक्रवार को बीसीसीआई द्वारा एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। अरुण जेटली स्टेडियम को 11 मई को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन का अपना आखिरी मैच आयोजित करना था, लेकिन बीसीसीआई के फैसले के बाद इसे अब निलंबित कर दिया गया है। गुरुवार को पाकिस्तान ने जम्मू के साथ-साथ पश्चिमी सीमा के पास कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने उन्हें सफलतापूर्वक विफल कर दिया। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिश की, जिससे जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैकआउट और सायरन बजने लगे। अधिकारियों ने लोगों से घर के अंदर रहने और सतर्क रहने का आग्रह किया क्योंकि आपातकालीन प्रोटोकॉल सक्रिय थे। ऐसा लगता है कि ये हमले पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के प्रतिशोध में किए गए हैं, जहां से पहलगाम में पर्यटकों पर हमले की योजना बनाई गई थी।

निशानेबाजी : महाराष्ट्र ने जीता स्वर्ण, बिहार को मिला कांस्य पदक

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक तथा बिहार की दिव्या-रुद्र की जोड़ी ने कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में यूपी की टीम को 16-14 अंक से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। आज डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की शंभवी श्रवण क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने की जोड़ी ने कर्नाटक की हृदया श्री कोंडूर और नारायण प्रणव वनीथा सुरेश की टीम को 16-12 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा लेकिन महाराष्ट्र की जोड़ी ने बेहतर संयम और सटीकता का परिचय देते हुए मुकाबला जीता। कर्नाटक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं बिहार की दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की निशानेबाज जोड़ी ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी के कांस्य पदक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की अनन्या और अंश डबास की जोडी को 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक अपने नाम किया।

खिलाड़ियों को घर भेजने के बारे में सलाह का इंतजार कर रही हैं फ्रेंचाइजी

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन को तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने के बाद, सभी दस फ्रेंचाइजी अब इस बारे में आगे की सलाह का इंतजार कर रही हैं कि वे भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ और अन्य क्रू सदस्यों को शुक्रवार शाम को विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा ब्रीफिंग के बाद कैसे अपने-अपने घरों को वापस भेजना शुरू कर सकती हैं। हां, आईपीएल फ्रेंचाइजी को अब बीसीसीआई द्वारा आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने की सूचना दी गई है। जो फ्रेंचाइजी अपने-अपने ठिकानों पर हैं, वे अब तीन से चार घंटे तक वहीं रहेंगी। सूत्रों ने कहा कि फ्रेंचाइजी अब शुक्रवार शाम को विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग के बाद आगे की सलाह का इंतजार कर रही हैं कि वे भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ और अन्य क्रू सदस्यों को अपने-अपने घरों को वापस कैसे भेज सकती हैं।

दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने श्रीलंका को 76 रनों से हराया

■ 10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने परेरा को आउटकर द. अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई

कोलंबो, 9 मई (एजेंसियां)। क्लोई ट्राइऑन (74 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और एनेरी डर्कसेन (104) की शतकीय पारी के दम दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के छठे मुकाबले में श्रीलंका को 76 रनों से हराया। 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा और विष्मी गुणारत्ने की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। 10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने हसिनी परेरा (30) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्राइऑन ने 14वें ओवर में विष्मी गुणारत्ने (24) को भी अपना शिकार बना लिया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजी टिक नहीं खेल सके। हर्षिता समाराविक्रमा (33) को एस नायडू ने आउट किया। नीलाक्षी डिसिल्वा (14) और मानुदी ननायक्कारा (13) रन बनाकर आउट हुई। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक (52)रनों की पारी खेली। आखिरी तीन बल्लेबाजों और देवमी विहंगा (16), सुगंधिका कुमारी (शून्य) और मल्की मदारा (शून्य) पर आउट हुई। इन तीनों बल्लेबाजों को क्लोई ट्राइऑन ने आउट किया। श्रीलंका का आखिरी विकेट इनोशी प्रियदर्शिनी (शून्य) रनआउट के रूप गिरा। अनुष्का संजीवनी 32 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 42.5 ओवर में 239 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 76 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की त्रिकोणीय श्रृंखला से सम्मानजक विदाई हुई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्लोई ट्राइऑन ने आठ ओवर में 34 रन देकर पांच विकेट लिये। अयाबोंगा खाका को दो विकेट मिले। सेशनी नायडू और मियां स्मिट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 68 रन जोड़े। देवमी विहंगा ने 14वें ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (38) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया।

जायसवाल अगले सत्र के लिए मुंबई के साथ बने रहना चाहते हैं : सचिव हडप

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। यशस्वी जायसवाल द्वारा 2025/26 घरेलू सत्र के लिए मुंबई से गोवा में आश्चर्यजनक बदलाव करने के ठीक एक महीने बाद, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को 42 बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम के साथ बने रहने के अपने इरादे के बारे में मेल किया है। जायसवाल को अप्रैल में एमसीए द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया गया था, जब उन्होंने आगामी घरेलू सत्र के लिए गोवा में शामिल होने के अपने इरादे के बारे में उन्हें लिखा था। लेकिन शुक्रवार को यह बात सामने आई कि जायसवाल ने अपने पिछले फैसले पर यू-टर्न मांगा है। जायसवाल ने एमसीए को भेजे ईमेल में लिखा, मैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, आपसे अनुरोध करता हूं कि आप मुझे दी गई एनओसी वापस लेने के मेरे अनुरोध पर विचार करें क्योंकि मेरे पास गोवा जाने की कुछ पारिवारिक योजनाएं थीं, जिन्हें फिलहाल रोक दिया गया है। इसलिए मैं एमसीए से ईमानदारी से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सीजन में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए। मैंने बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को एनओसी नहीं सौंपी है।

दिहाड़ी मजदूर की बेटी सबीना ने तीन पदक जीते

■ यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और मैं अपने प्रदर्शन और तीन पदकों से बहुत खुश हूं

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। सबीना कुमारी ने झारखंड के चतरा जिले में एक साधारण ट्रैक पर साइक्लिंग शुरू की, जो इनडोर वेलोड्रोम से दूर था। शुक्रवार को, एक दिहाड़ी मजदूर और एक गृहिणी की 18 वर्षीय बेटी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपने पदार्पण में साइक्लिंग में तीन पदक जीते। सबीना ने लड़कियों की केरिन और टीम स्प्रिंट स्पर्धाओं में क्रमश: स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 200 मीटर स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रशिक्षु ने साई मीडिया को बताया, यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और मैं अपने प्रदर्शन और तीन पदकों से बहुत खुश हूं। उनमें से, व्यक्तिगत केरिन मेरा सर्वश्रेष्ठ था। सबीना की कहानी शांत दृढ़ संकल्प, फोकस और कड़ी मेहनत की कहानी है। 18 वर्षीय खेलो इंडिया एथलीट ने कहा कि मैंने हमेशा ध्यान केंद्रित किया है और कड़ी मेहनत की है। ग्रामीण इलाकों में कई लड़कियां हैं जो जीवन में कुछ करना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिल पाता। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि वे कड़ी मेहनत करें। जो आप चाहते हैं, उसका पीछा करें, चाहे वह खेल हो या कुछ और। सबीना का खेलों में प्रवेश संयोग से हुआ।सबीना ने कहा कि मुझे तब खेलों के बारे में भी नहीं पता था। मेरे पिता ने झारखंड सरकार के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड कार्यक्रम के तहत 2017 में एक फॉर्म भरा था।

गोल्फ: कोरिया में वर्षा प्रभावित पहले दिन दीक्षा और प्रणवी संयुक्त 19वें स्थान पर

सोल (दक्षिण कोरिया), 9 मई (एजेंसियां)। भारत की दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने अरामको कोरिया चैंपियनशिप बारिश से प्रभावित पहले दिन 1-ओवर 73 के कार्ड के साथ शुरुआत की। भारत की अन्य दो स्टार, त्वेसा मलिक (79) और अवनी प्रशांत (79), दोनों ही संयुक्त 86वें स्थान पर थीं और कट बनाने के लिए उन्हें दूसरे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। 17 होल तक पार स्कोर पर, दीक्षा शीर्ष 10 में थी, जब तक कि वह नौवें होल पर नहीं आ गई, जो दिन का उसका अंतिम होल था। उसने होल में बोगी मारी और 1-ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 19 पर आ गई। प्रणवी ने अपने 73 में दो बोगी के मुकाबले सिर्फ एक बर्डी बनाई और वह भी संयुक्त 19 पर थीं। लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) की स्टार्स के लिए बारिश एक कठिन परीक्षा साबित हुई।केवल छह खिलाड़ी अंडर पार थे, जिनमें फ्रांस की पेरिन डेलाकॉर और जर्मनी की पेट्रीसिया श्मिट तीन अंडर पार स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। हाल ही में इन्वेस्टेक एसए महिला ओपन में विजेता रहीं डेलाकॉर टीम इवेंट में भी शीर्ष पर हैं, उनकी टीम का स्कोर 13 अंडर पार है। दीक्षा ने दसवें होल से शुरुआत की और दो-दो बर्डी और बोगी लगाकर बराबरी का स्कोर बनाया। दूसरे नौ होल पर उन्होंने पहले होल पर बोगी की, लेकिन पांचवें होल पर बर्डी के साथ शॉट वापस ले लिया।

ओडिशा, महाराष्ट्र ने लड़कियों और लड़कों के खो-खो में स्वर्ण पदक जीता

■ लड़कियों का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा
■ इस बार, टीम ने ओडिशा के खेल इतिहास में एक नया अध्याय लिखा

गया (बिहार), 9 मई (एजेंसियां) ओडिशा की लड़कियों ने शुक्रवार को यहां बिपार्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार की खो-खो प्रतियोगिता में गत चैंपियन महाराष्ट्र को करीबी मुकाबले में 34-31 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। हालांकि, महाराष्ट्र ने बदला चुकता किया और लड़कों के फाइनल में भी अपना दबदबा बनाए रखते हुए ओडिशा को 34-25 से हराया। लड़कियों का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। समरनिका साहू के शानदार प्रदर्शन की बदौलत, जिन्होंने 12 अंक बनाए, ओडिशा विजयी हुआ। इस जीत ने ओडिशा के लिए वापसी कराई, जिसे तमिलनाडु में 2024 के संस्करण में रजत से संतोष करना पड़ा था। इस बार, टीम ने ओडिशा के खेल इतिहास में एक नया अध्याय लिखा। जीत कड़ी मेहनत से हासिल की गई थी। ओडिशा एक समय 10-16 से पीछे चल रहा था, लेकिन उसने जबरदस्त लचीलापन और जुझारूपन दिखाया और खिताब जीतने के लिए मजबूती से वापसी की। फाइनल के बाद ओडिशा की लड़कियों के कोच चौधरी पार्थसारथी मोहपात्रा खुश थे। मोहपात्रा ने साई मीडिया से कहा, कि पछली बार हम उनसे हार गए थे। इस बार, निर्देश स्पष्ट थे कि बिना किसी दबाव के खेलें। हमारे पास जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा समूह है। मैं वास्तव में रोमांचित हूं कि हमारी टीम ने महाराष्ट्र को हराया। यह हमारी लड़कियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। उन्होंने बहुत दृढ़ संकल्प और कौशल दिखाया है। हमने दो साल पहले स्वर्ण पदक जीता था और हम फिर से शीर्ष पर हैं। ओडिशा सरकार हमें बहुत समर्थन दे रही है और यह परिणाम इसका प्रमाण है।

पोजिशन	टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	औसत
1-	गुजरात टाइटंस	11	8	3	16	+0.793
2-	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	11	8	3	16	+0.482
3-	पंजाब किंग्स	11	7	3	15	+0.376
4-	मुंबई इंडियंस	12	7	5	14	+1.156
5-	दिल्ली कैपिटल	11	6	4	13	+0. 362
6-	कोलकाता नाइट राइडर	12	5	6	11	+0.193
7-	लखनऊ सुपर जायंट्स	11	5	6	10	-0.469
8-	सनराइजर्स हैदराबाद	11	3	7	7	-1.192
9-	राजस्थान रॉयल्स	12	3	9	6	-0.718
10-	चेन्नई सुपर किंग्स	12	3	9	6	-0.992